गरुड़ पुराण भाषा टीका

बम्बई वाडी में छपा

टीकाकार—पं० हरिचन्द्र शास्त्री

प्रकाशक—
हिन्दी पुस्तकालय, मथुरा।

मूल्य ३) रुपया

॥ अथ गरुड़ पुराणस्य सरला टीका लिख्यते ॥

५५-६

श्री कृष्णाय नमः । नारायणं नमस्कृत्य नरं चैव नरोत्तम । देवी सरस्वतीं चैव ततो जय मुदीरयेत् ॥ १ ॥
... श्री गोकुलाधीशं तथा श्री रमणेश्वरम् । क्रियते सरला टीका हरिश्चन्द्रे ण शास्त्रिणा ॥ १ ॥

...द्व्यास जी गरुड़ पुराण की रचना करनेसे पहिले ग्रन्थकी निर्विघ्न समाप्ति के लिए मङ्गलाचरण में भगवान ... वृत्तरूप कहकर स्तुति करते हैं-कि भगवान मधुसूदन मधुनाम दैत्यके शत्रु श्री कृष्ण ब्रह्माआदि देवताओंसे भी ...ो प्राप्त होते हैं वे पादप हैं पाओं से जल पीने वाले पोधे (वृत्त) के समान सारे संसार की पालना करते हैं ... वृत्त का मूल धर्म है इसी के द्वारा वह वृत्त दृढ़ बंधा हुआ है पवन आदि कोई शक्ति इसे हिला नहीं सकती । ...त्त के तने हैं । पुराण इसकी शाखाएँ हैं ज्ञान, तप द्रव्यमय यज्ञादि इसके पुष्प हैं इस प्रकार के वृत्त के

...द्रमूलो वेदस्कन्धः पुराणशाखाढ्यः । क्रतुकुसुमो मोक्षफलो मधुसूदन पादपो जयति ॥१॥

...क्षेत्रे ऋषयः शौनकादयः ॥ सत्रं स्वर्गाय लोकाय सहस्रसममासत॥२॥त एकदातुमुनयः

...ो मोक्ष रूप फल की प्राप्ति हो जाती है । अतः मोक्षही इसकेफल हैं ॥१॥ अब कथा के आरम्भ में सूत ...ाद में कहते हैं कि नि मिष क्षेत्र नैमिषारण्यमें अठासी हजार शौनकआदि ऋषियों ने स्वर्गलोक की प्राप्ति के ...वर्ष का नियम लेकर यज्ञकरना आरम्भ किया था ॥२॥ एक समयकी वात है कि-प्रातःकाल के सुहावने समय

में वे समस्त ऋषिजन पवित्र अग्नि होत्रकर चुकेतो वहां आये हुए श्री सूतजी महाराजका मान आदिके द्वारापरम सत्कार किया और उन्हें उत्तम आसनदेकर बिठाया, फिर आदरके साथउनसे पूछनेलगे ॥३॥ ऋषि बोले—हे सूतजी! आपने सुख देने वाले देवताओंके अर्चि (प्रकाश मय) मार्ग कातो भली भांति वर्णन करदिया है अब कृपा करके यममार्ग का भी वर्णन

प्रातर्हुत हुताग्नयः। सत्कृतं सूतमासीनं पप्रच्छु रिदमादरात् ॥३॥ ऋषयः ऊचुः। कथितो भवता सम्यक् देवमार्गः सुखप्रदः ॥ इदानीं श्रोतुमिच्छामि यममार्गम् भयप्रदम् ॥४॥ तथा संसार दुःखनित-त्वक्लेशत्त्रयसाधनम् ॥ एहिकामुष्मिकान् क्लेशान् यथावद्वक्तु मर्हसि ॥५॥ सूत उवाच॥ शृणुध्वंभोविव क्ष्यामि यममार्ग सुदुर्गमम् ॥ सुखदं पुण्यशीलानांपापिनां दुःखदायकम् ॥६॥ यथा श्रीविष्णुना प्रोक्त

कीजिये, वह अत्यन्त भय देने वाला है उसे भी हम लोग अब सुनना चाहते हैं ॥४॥ संसार के दुःख, तथा उन दुःखों के नाश करने के उपाय साधनभी कहिए। और दूसरा यहभी कहिए कि जीव इस लोकमें किस प्रकारसे दुःख भोगते हैं। और परलोकमें जाकर किस प्रकारसे दुःख पाते हैं। यथार्थ तथा इन सबका वर्णन कीजिये ॥ ५ ॥ श्री सूतजी बोले—कि हे ऋषि महात्माओ! अत्यन्त दुर्गम यम का मार्ग कहता हूँ सुनिए। वह यम मार्ग पुण्यात्मा पुरुषोंके लियेतो सुख दाय क है और पापात्माओं के लिये अत्यन्त दुःख दायक है इसी प्रकार का प्रश्न श्री विष्णु भगवानसे विनतानन्दन गरुड़ ने भीकिया

पापात्माओं के लिये अत्यन्त दुःख दायक है इसी प्रकार का प्रश्न श्री विष्णु भगवानसे विनतानन्दन गरुड़ ने भी किया

था। उसे जिस प्रकारसे श्री भगवान ने कहा था उसी प्रकार में भी तुम्हारे सन्देहों को दूर करने के लिये कहता हूँ। सुनिये! एक समय की बात है—गुरुस्वरूप श्रीहरि भगवान वैकुण्ठ में सुख पूर्वक विराजमान थे, उनके पास अत्यन्त नम्रताके साथ श्री गरुड़देव पहुँचे और हाथ जोड़कर पूछने लगे ॥८॥ गरुड़ बोले हे भगवान्! आपने विधि विधान पूर्वक भक्ति मार्ग का

वैनतेयाय पृच्छते ॥ तथैव कथयिष्यामि संदेहच्छेदनाय वः ॥७॥ कदाचित् सुखमासीनं वैकुण्ठे श्रीहरिं गुरुम् ॥ विनयावनतो भूत्वा पप्रच्छ विनतासुतः ॥८॥ गरुड़ उवाच ॥ भक्तिमार्गो बहुविधिःकथितो भवता मम ॥ तथा च कथिता देव भक्तानाँ गतिरुत्तमा ॥६॥ अधुना श्रोतुमिच्छामि यममार्ग भयङ्करम् त्वद्भक्ति विमुखानांच तत्रैव गमन श्रुतम्॥ १०॥ सुगमं भगवन्नाम जिह्वाच वशवर्तिनी ।तथापि नरकयांति धिग्धिगस्तु नराधमान् ॥११॥ अतोमे भगवन् ब्रूहिपापिनां यागतिर्भवेत् ॥ यममार्गस्य दुःखानि यथा-

वर्णन तो कर दिया है, और हे देव! भक्तजनों की उत्तम प्रकार की परमगति भी सुनादी ॥६॥ अब मैं महा भयानकयम मार्ग सुनना चाहता हूँ। जिस मार्ग पर आपकी भक्ति से विमुख जीवों का गमन होता है ऐसा सुनने में आया है ॥१०॥ हे प्रभो! आपका नाम लेना अत्यन्त सुगम है और नाम लेने वाली वाणी भी तो अपने ही आधीन है फिर भी यम मार्ग से निवृत्त कराने वाले आपके नाम को जो नराधम नहीं लेते और नरकमें पड़तेहैं ऐसे पुरुषों को कोटिशः धिक्कार है ॥११॥

इसी कारण हे भगवान ! जो पापियोंकी गतिहोती है और यममार्ग में जाते हुए पापात्माओंको जिस प्रकार से दुख उठाने पड़ते हैं और जो २ दुःख होते हैं सब कृपा करके सुनाइये ॥१२॥ श्री भगवान् बोले—हे पक्षिराज ! सुनिये मैं तुम्हें यम मार्ग में पापात्माओंका जिसप्रकार गमन होता है जैसा वे दुःख उठाते हैं जैसा वे नरक पाते हैं वह सब सुनाता हूँ । यह कोई साधारण सी बात नहीं सुनने वालों को अत्यन्त भयहोता है ॥ १३॥ हे पक्षीराज ! पुरुष दया धर्म एवं वर्णाश्रम धर्म से

तेप्राप्नुवंतिवै ॥ १२ ॥ श्री भगवानुवाच ॥ वक्ष्येऽहं शृणुपक्षीन्द्र यममार्गंच येन ये । नरकेपापिनोयांति शृण्वतामपि भीतिदम् ॥ १३ ॥ ये हि पापरतास्तार्क्ष्य दयाधर्म विवर्जित :॥ दुष्टसङ्गाश्चसच्छास्त्रसत्संगतिपराङ्मुखाः ॥१४॥ आत्म संभाविताःस्तब्धा धनमानमदान्विताः आसुरं भावमापन्ना दैवीसंपद्विवर्जिताः ॥१५॥ अनेकचित्त विभ्रांता मोहजालासमावृताः॥ प्रसक्ताः कामभोगेषु पतंतिनरकेऽशुचौ ॥

रहित होकर सदा पाप करते हैं । और दुष्ट पुरुषों का संग करते हैं । श्रेष्ठ शास्त्र जो वेद पुराण हैं उनकी आज्ञाओं से सदा बिमुख रहते हैं ॥१४॥ अपने आपको माननीय बड़ा समझ कर अकड़े रहते हैं धन मान के मद में चूर २ होकर अभिमान करते हैं काम क्रोध लोभ आदि में पड़कर असुर भाव में प्राप्त हुए देवी सम्पत्ति से दूर हटे रहते हैं ॥ १५ ॥ पराई स्त्रियों में एवं पराये धन लूटनेमें विक्षिप्त होकर अनेकों प्रकारके उपाय सोचते रहते है । स्त्री पुत्र कलत्र आदिकी

मोहममता में पड़े रहते हैं। काम भोग के सिवा जिन्हें अन्य कुछ सुझता ही नहीं ऐसे पापात्मा बहुत अपवित्र नरक में पड़ते हैं ॥१६॥ और जो पुरुष ज्ञानवान होकर सदा इन दुष्कर्मोंसे बचे रहते हैं। वे परम गतिको प्राप्त होते हैं। पापात्मा मनुष्य इस लोक में भी अनेकों दुख भोगते हैं, और अन्त में यम यातना पाते हैं ॥१७॥ पापी पुरुषों को इस लोक में जिस प्रकार दुख प्राप्त होते हैं उसे ध्यान देकर गरुड़जी सुनिये। और फिर दुःख भोग भोग कर जब मृत्यु पाते हैं और जिस

॥१६॥ये नरा ज्ञानशीलाश्च ते यांति परमां गतिम्॥ पापशीला नरा यांति दुःखेन यमयातनाम् ।१७। पापिनासौहिकं दुःखं यथा भवति तच्छृणु ॥ ततस्ते मरणं प्राप्य यथा गच्छन्ति यातनाम् ॥१८॥सुकृतं दुष्कृतं वापि भुक्त्वापूर्वं यथार्जितम ॥ कर्मयोगात्तदा तस्यकश्चिद्व्याधिः प्रवर्तते ॥१६॥आधिव्याधिसमायुक्तं जीविताशासमुत्सुकम्॥ कालोबलीयान्हिवदज्ञातः प्रतिपद्यते ॥२०॥ तत्राप्यजात निर्वेदो

प्रकार यमयातना पाते हैं उसे भी मैं सुनाता हूँ ॥१८॥ दस श्लोकोंमें इस लोक के दुःख वर्णन करते हुए भगवान् कहते हैं-कि अच्छे अथवा बुरे जो भी कर्म जिस जीव ने पहिले जन्म में किए हैं उन्हीं के अनुसार बाल्यावस्था तरुणावस्था में सुख दुःख भोग कर अन्य वृद्धावस्था में कर्म योग के कारण उस जीवको कोई न कोई व्याधि (बीमारी) उत्पन्न होजाती है ॥ १६ ॥ उस व्याधि द्वारा आधि (मानसिक पीडाभी) साथ उत्पन्न होजाती है इसी कारण महान दुःख उठाता है, फिर

भी जीते रहने की आशा उसे उत्साह दिया करती है किन्तु काल ऐसा बली है जोकि बगैर जतलाये मूषक पर सर्पके झपट्टे की भांति उस जीवको दबोच ही लेता है ॥२०॥ ऐसी अवस्था में भी उसे किसी प्रकार का फिरभी घर गृहस्थसे वैराग्य नहीं होता, जिनकी वह पालना करता रहा है उन्हीं से पाला जाता हुआ बुढ़ापे एवं बीमारी से कुरूप होकर भी मृत्युके मुख में पड़कर भी ॥ २१ ॥ घरमें पाले हुए श्वान के समान छोटे से रोटीके टुकड़े के लालचमें उसी घरमें रहने की आशा लिये

म्रियमाणः स्वयंभूतैः ॥ जरयोपात्तवैरूप्यो मरणाभिमुखो गृहे ॥ २१ ॥ आस्तेवमत्योपन्यस्तं गृहपाल इवाहरन् ॥ आमयाव्यप्रदीप्त ।ग्निरल्पाहारो ऽल्पचेष्टितः॥२२॥ वायुनोत्क्रमतोत्तार :कफसंरुद्धनाडिकः कासश्वासकृतायासः कंठे घुरघुरायते ॥२३॥ शयानःपरिशोचद्भिः परिवीतः स्वबंधुभिः॥ वाच्यमानोऽपि नब्रूते कालपाशवशंगतः॥ २४ ॥ एवं कुटुम्बभरणे व्यापृतात्मा जितेन्द्रिय ॥ म्रियते रुदतां स्वानांगुरु

हुए अपमान से भी वहां पड़ा रहना चाहता है। चाहे श्वान की तरह फैंका हुआ रोटीका टुकड़ा बीमारियों के कारण उसे पचता भी नहीं, खाना पीना चलना फिरना सब कुछ कम भी होगया है।२२। वायु (बादी) के दवा लेने पर आंखें भी खुली रह गई हैं, कफ के बढ़ जाने के कारण नाडियें सब बन्द हो चुकी हैं। कास श्वास चलनेके परिश्रम से कण्ठ में घुर घुर का शब्द होने लग गया है।२३। शोक संयुक्त बन्धु बान्धवों से घिरा हुआ काल पाश के वश में पड़कर उन बन्धुओं के कुछ बोलने पर एवं कुछ पूछने पर बोल भी नहीं सकता।२४। समस्त आयु जिसने अपने कुटुम्ब के पालन में

खोदी है। काम वासनाओंमें सदा लिपाय मान रहा है। कभी भी अपनी इन्द्रियोंको नहीं, जीता ऐसा पुरुष मरते समय सौ वृश्चिकों के काटने जैसी वेदना (दुःख) को भोगता हुआ मूर्छित होकर अपने भाई बान्धवोंके रुदन करते २ प्राणों का त्याग करता है ॥२५॥ वह मृत्यु का समय हे गरुड़! ऐसा विलक्षण होता है कि दृष्टि दैवी हो जाती है इसीसे सबका सब जगत एक स्वरूप होकर दिखाई देने लग जाता है, मुँह से कुछ बोला भी नहीं जा सकता ॥ २६॥ उस समय सब इन्द्रियां नाश

वेदनया स्तधी ॥२५॥ तस्मिन तत्क्षणे तार्क्ष्य दैवी दृष्टिर्न प्रजायते ॥ एकीभूत जगत्सर्वं किंचिद्वक्तु मीहते ॥२६॥ बिकलेन्द्रिय संघाते चैतन्ये जडतां गते ॥ प्रचलति ततः प्राणाः याम्यैर्निकटवर्तिभिः ॥२७॥ स्वस्थानोच्चलितें श्वासे कल्पाख्यो ह्यातुरक्षणः ॥ शतवृश्चिकदंष्ट्रस्य या पीडा साऽनुभूयते

॥२८॥ फेन मुदगिरते सोऽथ मुखलालकुलं भवेत् ॥ अधोद्वारेण इच्छन्ति पापिनां प्राणवायवः ॥२९॥

को प्राप्त होजाती हैं, चेतना (होश) जाती रहती है, ऐसे समय में यमदूतों के समीप आने पर प्राण निकल जाते हैं ॥२७॥ पापात्माके प्राण बहुत दुःख दे देकर निकलते हैं एक क्षण जितना समयभी उनके लिए कल्पके बराबर गुजरता दिखाईदेता है, सौ वृश्चिकों के काटे जितनी पीड़ाको वह पापी मृत्यु समय में अनुभव करता है ॥२८॥ मृत्यु काल में मुँह पर झाग ही झाग फैल जाते हैं-लार निकलने लग जाती है, इसी प्रकार से पापी के प्राणवायु अधोद्वार से निकलते हैं ॥२९॥ वहां

उस समय दो यमराज केदूत बड़े भयानक क्रोध से लाल लाल बड़ी २ आंखें निकाले हाथमें यमपाश (बांधने कोरस्सी) और मारने को दण्ड लिये बड़े २ तीखे नुकीले दांतों से कट २ शब्द करते हुये ॥३०॥ लम्बे २ बहुत ऊँचे उठे बालों वाले, काक पक्षियों की भांति अत्यन्त काले कुरूप टेड़े मेढ़े मुँह वाले, हाथों पैरों के बड़े नुकीले नाखून बढ़ाकर उन्हींको ही आयुध रूप दिखा कर डराते हुए ऐसे महा भयानक दो यमदत आजाते हैं उन्हें देखकर वह पापात्मा हृदय में

यमदूतौ तदा प्राप्तौ भीमौ सरभसेक्षणौ ॥ पाशदण्डधरौ नग्नौ दन्तैः कटकटायतौ ॥३०॥ऊर्ध्वकेशौ काककृष्णौ वक्रतुण्डौनखायुधौ ॥ सदृष्ट्वा त्रस्तहृदयः शकृन्मूत्रं विमुंचित ।३१- अंगुष्ठमात्रःपुरुषो हाहाकुर्वन् कलेवरात् ॥ तदैव गृह्यते दूतैर्याम्यैः पश्यन् स्वकंगृहम् ॥३२॥ यातनादेहमावृत्य पाशैर्बध्वा

अत्यन्त डर जाता है । डरके मारे एक दम विष्ठा और पेशाव करने लग जाता है ॥३१॥ उस समय अंगूठे जितना जीवहा हा का शब्द करता हुआ शरीर से ज्यों ही निकलता है झट ही उसे वे दोनों यमदूत पकड़ लेते हैं यद्यपिवह अपने पुत्रएवं बान्धवो की ओरभी इस महान दुःखसे छुटकारा दिलानेके लिये सतृष्ण देखताभीहै किन्तु कोईभी उसे नटी छुड़ासकता ।३२॥ इसी प्रकार इस लोक के दुःखों का वर्णन करके अब उन पापात्माओं के परलोक काभी दुःख वर्णन करते हैं-तबउस पापी ज़ीव को यमयातना भोगने केयोग्य शरीर मिल जाता है, उसमें प्रवेश करतेही झट यमदूत उसेगले से बलपूर्वक बांध लेते हैं । हाथ में पाशलेकर लम्बा रास्ता चलपड़ते हैं दण्ड द्वारा उसे पीटते हुए राजपुरुषों (सिपाहियों) की भांति ले

चलते हैं ॥३०॥ मार्ग में उसके थकने जाने कीचिन्ता नहीं प्रत्युत वे दूत उसे खूब पीटते हुए फिर २ नरकों को बड़े २ तीव्र दारुण दुःखोंका वर्णन करतेहुए घसीटते हुए लिये चलते हैं ॥३३॥ यमदूत कहते हैं-अरे पापी दुष्टात्मन ! चलचल शीघ्र चल हम तुम्हें यमालय लियेजा रहे हैं वहां तुझे कुम्भीपाक आदि नरकोंमें ले जाकर पटकेंगे देर मत कर ॥३४॥इसी प्रकार यमदूतों के कठोर वचन एवं अपने भाई बान्धवोंके रुदन सुनकर वह पापात्मा वहुत ऊंची आवाजसे हाहा करता

गलेबलात्॥ नयतो दीर्घमध्वानं दण्डं ॥ज भटा यथा ॥३३॥तस्यैव नीयमानस्य दूताः संतर्जयन्ति च॥ प्रवदंति भयं तीव्रं नरकाणां पुनः पुनः ॥३४॥ शीघ्रं प्रचल दुष्टात्मन् याब्यसि त्वं यमालयम्॥कुम्भीपाकादि नरकांस्त्वां नयावोऽद्य माचिरम्॥३५॥एवं बाचस्तदा शृण्वन् बंधूनां रुदितं तथा उच्चैर्हाहेति विलपंस्ताडयते यमकिंकरैः ॥३६॥तयोर्निर्भिन्नहृदयस्तर्जनैर्जातवेपथुः॥ पथिश्वभिर्दंश्यमानआर्तोऽघ स्वमनुस्मरन् ॥३७॥ क्षुतृट्परीतोर्कदवानलानिलैः संतप्यमानः पथितप्तवालुके ॥ कृच्छ्रेण पृष्ठेकशया

हुआ विलापकरता है और ऊपरयमदूतों कीताड़ना होती है ॥३५॥ ऐसे यमराज, के दूतों का वचनसुनकेऔर बंधुजनों के रुदन सुनके ऊंचे स्वर से विलाप करते हैं तब तिनको यमदूत ताड़ना देते हैं ॥३६॥ वे दोनों यमदूत गजबकी ताड़नाएवं तर्जना करतेहैं । जिससे उस पापात्माका हृदयकट जाताहै खूब कांपताहै रास्तेमें बड़े २ कुत्तेभी आकर काटतेहैं औरमांस

समान गरम हुई बालू जहां कहां पड़ी हुई पैरों को दग्ध करती जाती है । अत्यन्त कष्ट पाकर चलता है । पीठ पर चाबुक पड़ते हैं । मार्ग में न विश्राम लेने को स्थान है, न कोई जल का स्थान दिखाई देता है ।।३८।। कदम २ पर गिर पड़ता है, और कदम २ पर मूर्छित हो जाता है फिर खड़ा होता है, इसी प्रकार उस पापी जीव को फिर अन्धकार मय मार्ग से यमलोक को लिये जाते हैं ।।३९।। इसी प्रकार ९९००० हजार योजन का रास्ता तय कर के उस पापी जीव को तीन अथवा

च ताडितश्चलत्यशक्तोपि निराश्रमोदके ।।३८।। तत्र पतन श्रांतो मूर्छितः पुनरुत्थितः ।।पथा पापीयसा नीतस्तमसा यमसादनम् ।३९। त्रिभिर्मुहूर्तैर्द्वाभ्यां वा नीयते तत्र मानवः।। प्रदर्शयंति दूतास्तु घोरा नरक यातनाः ।।४०।। मुहूर्त्तमात्रात्त्वरितं यमं वीक्ष्य भयं पुमान् ।। यमाज्ञया समं दूतैः पुनरायाति खेचरः ।४१। आगम्य वासना बंधोदेहमिच्छन् यमानुगैः धृतः पाशेन रुदति क्षुत्तृड्भ्यां परिपीडतः ।४२। भुंक्तेपिंडं सुतैर्दत्तं दानं चातुरकालिकम् ।। तथापि नास्तिकस्तार्क्ष्य तृप्तिं याति

दो मुहूर्तों में वे यमदूत यमलोक में खींच ले जाते हैं, वहां पहुंच करके दूत अत्यन्त घोर नरक यातनायें दिखाते हैं ।।४०।। तब वह पापात्मा पुरुष-बहुत भयानक यम एवं यमयातना को देखकर यमराज की आज्ञा से यमदूतों द्वारा आकाश मार्गसे फिर मुहूर्त मार्ग से तत्काल अपने घर लौट आता है ।।४१।। घर की वासनाएं उसे जकड़े रहती है उन्हीं में बंधा हुआ वहजीव

अपने घर आकर फिर शरीर में प्रवेश करना चाहते हैं, किन्तु यमदूत उसे पाशों से बांध लेते हैं कहीं हिलने नहीं देते अपनी इस बेबसी को देखकर रोता है और भूख प्यास से बहुत दुखी होता है ॥४२॥ पुत्र आदि सम्बन्धी उसे पिंड दान करते हैं और अन्त समय में दान भी देते हैं किंतु यह सब उस पापात्मा की तृप्ति नहीं करा सकते ॥४३॥ अन्त समय का दान, वर्ष भर के पिण्ड, श्राद्ध जलांजलियें, यह सबकुछ पापात्मा जीवों को तृप्ति नहीं करा सकते । इसीलिये हे गरुड़ वेपिण्ड दानादि न पाकर पापी भूख से व्याकुल होकर यम लोक को चले जाते हैं ॥४४॥ और जो पिण्ड दानादि से तृप्ति नहीं पासकते

न पातकी ॥४३॥ पापिनां नोपतिष्ठंति दानं श्राद्धं जलांजलि ॥ अतः क्षुधाकुला यांति पिंड दान भुजोषिते ॥४३॥ भवंति प्रेतरूपास्ते पिंडदानविवर्जिताः आकल्पं निर्जनारण्ये भ्रमंति बहु दुखिता ॥४५॥ नाभुक्तं क्षीयते कर्म्म कल्पकोटिशतैरपि ॥ अभुक्त्वा यातनां जंतुर्मानुष्यं लभते नहि ॥४६॥ दद्यात्सुतः अतो पिंडान् दिनेषु दशसु द्विज ॥ प्रत्यहं ते विभज्यंते चतुर्भागैः खगोत्तम

क्रिया मरने के अनन्तर जिनके लिये पुत्र सम्बन्धी पिण्डदान अन्नदान कुछ भी नहीं करते ऐसे पापात्मा जीव मरकरप्रेत रूप हो जाते हैं। और एक कल्प समय तक अत्यन्त दुःख पोते हुए निर्जन बन में भ्रमण करते हैं ॥४५ ।करोड़ों कल्प जितना समय क्यों न गुजर जाय किंतु भोगे बिना कर्मों का नाश होता ही नहीं । मनुष्य जन्म तो पापी जीवों को यम

घट जाते हैं और तीसराभाग यमदूतों काहोता है। चौथा भाग जो कुछ भी होता है वह प्रेम को प्राप्त होता है ॥४८॥ नौ दिन पर्यन्त पिंडदान करते रहनेसे प्रेम के लियेपिंडज शरीर बनता है दशवे दिनके बाद पिंडदानसे उसपिंडज शरीरमें

॥४७॥ भागद्वयंतु देहस्यपुष्टिदं भूतपंचके तृतीयं यमदूतानांचतुर्थे सोपि जीवति॥४८॥अहोरात्रैश्च नवभिःप्रेतःपिंडमवाप्नुयात् ॥ जंतुर्निष्पन्नदेहस्य दशमेवल माप्नुयात् ॥४६॥ दग्धे देहेपुनर्देहः पिंडेरुपद्यते खग ॥हस्तमात्र पुमान् येन पंथि भुक्ते शुभाशुभम् ॥५०॥ प्रथमेहनियः पिंडस्तेन मूर्धा प्रजायते। ग्रीवा स्कंधौ द्वितीयेह्नि तृतीयात्हृदयं भवेत् ॥५१चतुर्थेन १वेत्पृष्ठं पंचमान्नाभिरेव च ॥ षष्ठेन चकटीगुह्य

चलने फिरने का बल प्राप्त होता है ॥४६॥ हैगरुड़ जी! यहसमय लीजियेकि पहलाजो शरीर था वह तो अग्निमेंभस्महो गया। फिर पुत्रादिबन्धुओं द्वारा दियेहुए पिंडों से पिंडज शरीर की उत्पत्ति होती है। यह शरीर एकहस्त प्रमाणहोता है इसी ही शरीर के द्वारा वह जीव यमलोक के शुभ अशुभ फलों को भोगता है ॥५०॥ पहिले दिन केपिंडसे पिंडज शरीर का सिर एवं मस्तक बनता है। दूसरेदिन के पिंडसे ग्रीवा एवं स्कन्ध बनते। तीसरे से हृदय तैयार होता है ॥५१॥ चौथे

पिण्ड से पृष्टभाग होता है । पांचवेसे नाभि, होती है । छटेसे कटि और गुह्यहोता है सातवें पिण्डसे जंघा उत्पन्न होती है ॥५२॥ आठवें दिन के पिंड दान सेजानु होते हैं ॥ नवमसे पांव तैयार होते हैं । दशम दिनके पिंड दान से क्षु धातृषा उत्पन्न होती है ॥५३॥ इस प्रकार पिंडज देह को पाकरभूख प्यास युक्त वह प्रेत एकादशाह तथा द्वादशाह इन दो दिनोंके

सप्तमात्सक्थिनी भवेत् ॥५२॥ जानुपीढौ तथा द्वाभ्यांदशमेऽन्हि क्षुधा तृषा ॥५३॥पिंडजं देहमाश्रित्य क्षुधाविष्टस्तृषार्दितः ॥ एकादशं द्वादशं च प्रेतोभुङ्क्ते दिन द्वयम् ।५४॥त्रयोदशेऽहनि प्रेतो यंत्रितोयम किंकरैः ॥ तस्मिन्मार्गे व्रजत्येको गृहीत इव मर्कटः ॥५५॥ षडशीति सहस्राणि योजनानां प्रमाणतः॥ यममार्गस्य विस्तारोविना वैतरणी खग॥५६॥अहन्यहनि वै प्रेतो योजनानां शत द्वयम् ॥ चत्वारिंशत्तथा सप्त दिवा रात्रेण गच्छति ॥५७॥ अतीत्य क्रमशो मार्गे पुराणीमानि षोडशः ॥ प्रयातिधर्मराजस्य भवनं पातकी जनः ॥५८॥ सोम्यं सौरिपुरं मगेंद्रभवर्वशैं लागमो क्रौंचं क्रूरपुरं विचित्र

पिंडों को भोगता है ॥५४॥ इसके अनन्तर वह प्रेत तेरहवे दिन बंधे हुए बन्दर की भांति यमदूतोंसे यन्त्रित अकेलाही यम मार्गसे यमलोक में जाता है ॥५५॥ हे गरुड़ ! अब यमलोक के मार्गका प्रमाण सुनिए यम मार्ग वैतरणी नदीकोछोड़कर छयासी हजार योजनका है ॥५६॥ दोसौ योजन के हिसाब से प्रतिदिनवह प्रेत उस मार्गपर चलता है इसीप्रकार ४७ दिनमें यमलोक पहुँचता है ॥५७॥ मार्गमें १६ पुरियें लांघकरवह पातकी जधर्मराजकेभवनमें जाता है ॥५८॥ क्रमशःसोलह पुरियोंके

नाम ये हैं–१ सौम्य, २ सौरिपुर, ३ नगेन्द्रभवन, ४ गन्धर्व, शैलागम, क्रौंचपुर, ७ क्रूरपुर, ८ विचित्रभवन, ९ बव्हापद १० दुःखद ११ नानाकन्दपुर, १२ सुतप्तभवन १३ रौद्र, १४ १५ पयोवर्षण, शीताढ्य १६बहुभीति इन्हीं सोलहपुरोंकेलांघने पर यमपुरी आती है ॥५९॥ मार्ग में वह पापात्मा यमदूतों द्वारा यमपाशों से बंधा हा हा कार करता रोने लगताहै अपने घर को छोड़ इसी प्रकार रोते यमपुरी में पहुँचता है ।६०।

॥ इति श्री गरुड़ पुराणे शास्त्रि हरिश्चन्द्रकृतायां सरला टीकायां प्रथमोऽध्यायः ॥

भवनं बव्हापदंदःखदम्॥नानाक्रंदनपुरसुतप्तभवनं रौद्रंपयो वर्षण शीताढयं बहुभीतिधर्मभवनं याम्यंपुरं चाग्रतः॥५९॥याम्यपाशधृतः पापीहाहेति प्ररुदन् पथि ॥ स्वगृहं तु परित्यज्यपुरंयाम्यमनुव्रजेत् ॥६०॥ इतिश्री सारोद्धारे गरुणपुराणे प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥ गरुण उवाच ॥ कीदृशो यमलोकस्य पंथाभवति दुःखदः ॥ यत्र यांति यथा पापास्तन्मे कथय केशव ॥१॥ श्रीभगवानुवाच ॥ यमलोकस्य महादुःखप्रदंते कथायाम्यहम् ॥ ममभक्तोपि तच्छ्रुत्वा त्वं भविष्यसि कंपितः ॥२॥ वृक्षच्छायानतत्रास्ति यत्र विश्रमते

प्रथम अध्याय में इस लोक एवं परलोक के दुख संक्षेप से सुनकर श्रीगरुड़जी अब उन्हें विस्तार पूर्वक सुननेकी इच्छाकरके कहते हैं कि हेभगवान ! यमलोकका मार्ग किस प्रकार दुःखदायी होता है ? जिसपर पापीचलकर यमलोक पहुँचते हैं ॥१॥ श्री भगवान बोले-यमगरुड लोकका मार्ग अत्यन्त दुःखदायी है मैं तुझेसुनाताहूँ । यद्यपि तू मेरा भक्त है सुनकरकांपउठेगा ॥२॥

यममार्ग ऐसा कठोर है जिसमें मनुष्यके विश्राम करनेका स्थल किसीवृक्षकी छायासी नहीं है न वहांप्राणोंकेपोषणार्थ

श्री भगवान बोले-यमगरुड लोकका मार्ग अत्यंत दुःखदायी है मैं तुझेसुनाताहूं । यद्यपि तू मेरा भक्त है सुनकरकांपउठेगा ।।२।।

यममार्ग ऐसा कठोर है जिसमें मनुष्यके विश्राम करनेका स्थल, किसीवृक्षकी छायाभी नहीं है न वहांप्राणोंकेपोषणार्थ कुछ अन्न ही है ।३। इस मार्ग में कहीं भी जल नहीं दिखाईदेता, जिससे प्यास बुझाई जा सके, और बारहोंसूर्यइसमार्गमें प्रलय कालके समान वहां तपते हैं ।४। शीतल वायु द्वारा पापात्मा अत्यन्त पीड़ित हो जाता है । मार्ग पर कांटे भी खूब बिछे रहते हैं पापी बिंध जाता है कहीं २ महा विषधारी सर्प भी आकर उसको लपेट लेते हैं ।५। फिर कहीं कहीं उस

नरः यस्मिन्मार्गे न चान्नाद्यं येन प्राणान् समुद्धरेत् ॥३॥ नजलं दृश्यते क्वापि तृषितोऽतीव यः पिवेत् ॥ तप्यते द्वादशादित्यः प्रलयांते यथा खग ॥४॥तस्मिन् गच्छति पापात्मा शीतवातेन पीड़ित ॥ कंटकैर्विध्यतेक्वाचित्सर्पैर्महाविषैः ॥५॥ सिंहैर्व्याघ्रैः श्वभिर्घोरैर्भक्ष्यतेक्वापि पापकृत् । वृश्चिकैर्दश्यते क्वापिक्वचिद्दह्यतिवह्निना॥६॥ततःक्वचिन्महाघोरमसिपत्रवनं महत् ॥योजनानां सहस्रे द्वे विस्तरायामातः स्मृतम्॥७॥काकोलूकवटगृध्रसरघादंशसंकुलम्॥ सदावाग्निवतत्पत्रैश्छिन्नभिन्नः प्रजायते ॥८॥ क्वचि-

को बड़े बड़े सिंह व्याघ्र, और श्वान भी आकर उसके मांस की बोटियें निकाल लेते हैं । और कहीं २ बड़े २ बृश्चिककाट जाते हैं, कहीं कहीं तो बनमें भड़कतीहुई दावाग्निउसेजलाती है ॥६॥ उस मार्ग में आगे चलकर कहीं महाघोरएवं अत्यंत बीहड़ बन है जिसका कोई ओर छोर दिखाई नहीं देता । वह दो हजार योजन लम्बा चौड़ा है । असिपत्र बनके पत्ते तलवार की भांति पैने हैं ॥७॥ उस बनमें बड़ी २ चोंचों वाले काक, उलूक, बट, गीध आदि भयानक पक्षी बडी २

दंशों वाली मधु मक्खियें उड़ती, यह सब पापात्मा को काटती हैं, और उस वनकी अग्नि द्वारा जलाया जाता, तथा तलवार के से पत्तों द्वारा वह प्रेत छिन्न भिन्न भी हो जाता है॥८ कहीं २ अन्धकूप में गिर पड़ता है। पांशों द्वारा यमदूत उसे निकाल लेते हैं कहीं२ तो बहुत ऊँचे पर्वतों पर चढ़ कर फिर नीचे गिरता है। और कहीं२ तीक्ष्ण शस्त्रों पर, तथा कहीं शंकुओं पर भी चलना पड़ता है॥९॥ अन्ध महा भयानक नरक में कहीं फिसल पड़ताहै। कहीं पानी में गिर पड़ता है।

त्पतत्यंधकूपे विकटात्पर्वतात्क्वचित्। गच्छते क्षुरधारासु शंकूनामुपरि क्वचित् ॥९॥ स्खलत्यंधेतमस्युग्रे जले निपतति क्वचित्। क्वचित्पंके जलौकाढये क्वचित् संतप्तकर्दमे ॥१०॥ संतप्तवालुकाकीर्णेध्मा ताताम्रमये क्वचित्। क्वचिदङ्गारराशौच महाधूमाकुले क्वचित् ॥११॥ क्वचिदङ्गारवृष्टिश्च शिलावृष्टिः सवज्रका॥रक्तवृष्टिः शस्त्रवृष्टिःक्वचिदुष्णां बुवर्षणम् ॥१२॥ क्षारकर्दमवृष्टिश्चमहानिम्नानिचक्वसित्

जलौकाओं भरे हुए कीचड़ में भी जा गिरता है तथा कहीं खूब उबले हुए संतप्त कर्दमं कीचड में भी गिर पड़ता है ॥१०॥ कहीं तपे हुए रेतीले मैदान में पड़ जाता और कहीं आग के शोले ताम्र नामक नरक में गिर जाता, और कहीं अङ्गारों के ढेर पर, तथा धूम्र व्याप्त अग्नि पर गिर पड़ता है ॥११॥ कहीं २ अङ्गार बरसते हैं, तो कहीं ओले से वज्र शिला पत्थर बरसते हैं। तो कहीं खून बरसता है। कहींहथियारों की वर्षा होने लगती है, तथा कहीं गरम २ पानी बरस पड़ता है ॥१२॥ कभी २ क्षार भस्म कीचड़ की वर्षा होती है। कहीं

बहुत नीचे गर्त में वह पापात्मा पड़जाता है तो कहीं उसे बहुत ऊँचे स्थानपर चढ़ना पड़ता है और कहीं गुफाओंमेंप्रवेश करना पड़ता है ॥१३॥ गुफाओं में घना अन्धकार है बीच में ऐसी २ शिलाएं आजाती हैं जिनपर चढ़ना उसका कठिन हो जाता है और कहीं २ पीव रुधिर एवं विष्ठा से भरेहुए तालावआते हैं ॥४१॥ इस प्रकार चलते २ उस मार्गकेमध्य में अत्यन्त उग्र दुःखदायी जिसका वृत्तसुन दिल कांपउठता है ऐसीएक नदीकानाम हे गरुड वैतरणीहै, उसेदेखनेपरअत्यन्त

।वप्रप्ररोहणं क्वापि कंदरेषु प्रवेशनम् ॥११॥ गाढांधकारस्तारितदुः खारोहा शिला क्वचित् ॥ पूय शोणित पूर्णाश्च विष्टापूर्णाहृदा क्वचित् ॥१४॥ मार्गमध्यवहात्युग्रा घोरा वैतरणी नदी । साहृष्टा दुःखदाकिंवा यस्या वार्ता भयावहा ॥१५॥ शतयोजन विस्तीर्णा पूयशोणित वाहिनी । अस्थिवृन्द तटा दुर्गा मांस शोणित कर्दमा ॥१६॥ अगाधा दुस्तरापापैः केशशैवालदुर्गमा । महाग्राहसमाकीर्णा घोरपक्षिशतैर्वृता ।१७। आगतं पापिन दृष्ट्वाज्जाला धूमसमाकुला । कथ्यते सा नदी तार्क्ष्य कटा-

दुःख होता है ॥५१॥ अब वैतरणीका बर्णन करते हैं सौ योजन विस्तार वाली है, उसमेंपीव एवं रुधिरबहता है हड्डियों के ढेरों के ढेर लगे हुए तट हैं। मांस तथा रुधिर का तटों के पास कीचड़ है ॥१६॥ बहत ही गहरा। है जिसे पापी पार नहीं कर सकते। उसके मध्य में बालों के शेवाल भी आते हैं, उनमें पापात्मा और भी फसजाते हैं इसी कारण उनकेलिये दुर्गम हो जाती है और बड़े २ ग्राह मगर भरेहुए हैं तथा सैकड़ों घोरपक्षी जिनके चारों ओर चक्कर काटते रहते हैं ॥१७॥

पापी के वहां पहुँचते ही वह नदी और भी उग्ररूप धारण करलेती है। बड़े शोले उठते दिखाई देने लगजाते हैं हे गरुड़
कढ़ाई के भीतर अग्नि से संतप्त घी के समान वह ज्वाला युक्त होजाती है। इसे वैतरणी कहते हैं ॥२८॥ यह वैतरणीसूची
की भांति मुख वाले कीड़ों से खूब भरी हुई और बिजली जैसी चोंच वाले बड़े २ गीध एवं काक पक्षियोंसे वेष्टित है ॥१०॥
उस नदी में, शिशुमार, मगर, जलौका, बड़े२ मच्छ एवं कछुए आदि अनेकों जलजीव मुँह खोले फिरा करते हैं ॥२०॥

हांतघृ॑त यथा ॥ १८ ॥ कृमिभिः संकुला घोरैः समंततः । वज्रतुंडैर्महागृध्रैर्वायसैः परि-
वारिता ।१६। शिशुमारैश्च मकरैर्जलौकामत्स्यकच्छपैः । अन्यैर्जलस्थजीवैश्चपूरिता मांसभेदकैः
।२०। पतितास्तत्र वाहे चक्रंदति बहु पापिनः । हां भ्रातः पुत्र तातेति प्रलपंति पुनः पुनः ॥
। २१ । क्षुधितास्तृषिताः पिबंति किल शोणितम् । सासरिद्रुधिरापूरं वहंती फेनिलंवहु । २२ ।
महाघोराति गर्जन्ता दुर्निरीक्ष्या भयावहा । तस्या दर्शन मात्रेण पापाःस्युर्गतचेतनाः।२३।बहुवृश्चिक

उसके प्रवाहमें जोंही पापी जीवपड़ते हैं त्योंही हा हाकार करके एकसाथ चिल्लाउठते हैं। हाभ्रातः! हापुत्र! हा पिता!
इस प्रकार के दीनता पूर्ण वचन बोलते हैं ॥२१॥ भूख प्यास भी साथमें उन पापियों को अत्यन्त व्याकुल करती है। बहुत से
झाग के साथ रुधिर के पूर से पूरित उस नदी के रुधिर को ही पीते हैं ॥२२॥ वह नदी अत्यन्त विकराल है खूब गर्जना
करती रहती है। अतीव भयप्रद होनेके कारण उसका देखनाभी अत्यन्त कठिन होता है वे पापी उसे देखते ही तत्क्षण मूर्छित

हो जाते हैं ॥२३॥ उसके भीतर बड़े २ वृश्चिक एवं काले सर्प पापात्माओं को चारों ओर से आकर घेरतेहैं उन पापियों की रक्षा करने वाला कोई दिखाई नहीं देता ॥२४॥ उस नदीके भीतर सैकड़ों हजारों आवर्त चक्कर लगाते रहते हैं वेपापी पाताल में चले जाते हैं क्षणपर्यन्त वहा रह कर फिर ऊपर आते हैं ॥२५॥ हे पक्षिराज ऐसी नदी पापियों के लिए ही निर्मित की गई है। जिसका पार दिखाई नहीं देता। वह बहुत दुखदायक है यह वैतरणी नदी का वर्णन किया है ॥२६॥

संकीर्णा सेविता कृष्णपन्नगैः तन्मध्ये पतितानां च त्राता कोपि न विद्यते ॥२४॥ आवर्त्तशतसाहस्रैः पाताले यांति पापिनः ॥ क्षणं तिष्ठन्ति पाताले क्षणादुपरिवर्तिनः ।२५। पापिनां पतनायैव निर्मिता सा नदी खग ॥ न पारं दृश्यते तस्या दुस्तरा बहुदुःखदा ।२६। एवं बहुविधेक्लेशे यममार्गेतिदुः-खदे ॥ क्रोशंतश्चदुखितायांति पापिनः ॥ २७ ॥ पाशेन यंत्रिताःकेचित्कृष्यमाणास्तथाँकुशै ॥ शस्त्राग्रैः पृष्टतः प्रोतैर्नीयमानाश्च पापिनः ॥२८॥ नासाग्र पाशकृष्टाश्च कर्णपाशैस्तथापरे कालपाशैः

इसी प्रकार अत्यन्त दुखदायी नाना प्रकार के क्लेशदायक यह मार्ग पर चिल्लाते रोते अत्यन्त दुखित होकर पापी चलते हैं ॥२७॥ कई एक पाशों से बंधे अंकुशों द्वारा खैंच २ कर चलाये हुए एवं पीठों पर तीखे शस्त्रों के बींध देने पर चलाये गये चल पड़ते हैं ॥२८॥ कितनेई पापियों की नाक को नाथकर रस्सियों के द्वारा खैंचकर किहीं के कानों में रस्सी

बांध कर यमदूतलिये जाते हैं, तथा काल पाशों के और बड़े२ काक पक्षियों द्वारा खिचा हुआ चल रहा होता है ॥२९॥ कई एक पापी तो ग्रीवा, भुजा, पांव तथा पृष्ठ में जंजीरों से बंधे हुए खींचे जारहे हैं। एवं कई सिर पर लोहेका भार उठाये मार्ग पर चल रहे हैं ॥३०॥ बहुत पापियों को यमदूत मुग्दरों से इतना पीटते हैं कि मुखों से रुधिर निकलने लगजाता है उसी रुधिर को वे फिर भक्षण करते हैं ।३१। इसी प्रकार इन दुखों को पाकर वे पापी अपने किये करमों को सोचते हैं।

कृष्यमाणाः काकैः कृष्यास्तथापरे ॥२९॥ ग्रीवाबाहुषु पादेषु बद्धाः पृष्टे च शृंखलैः ॥ अयोभारंचयं केचिद्वहन्तः पथि यांति ते ।३०। यमदूतैर्महाघोरैस्ताड्यमानाश्च मुदगरैः वमन्तो रुधिरं वक्त्रात्तदेवाश्नंति ते पुनिः ।३१। शोचंतः स्वानि कर्माणि ग्लानि गच्छन्ति जंतवः ॥ अतीव दुःख सपन्नाः। प्रयांति यम मंदिरम् ।३२। तथापि स ब्रजन्मार्गे पुत्रपौत्र इति ब्रूवन ॥ हाहेति प्ररुदन्नित्यमनुतप्यति मंदधीः ॥३३॥ महता पुण्ययोगेन मानुषं जन्मलभ्यते। तमाप्य न कृतो धर्म्मः कीदृशं हि

उन्हें अधिकग्लानि होतीहै तथा रोते, चिल्लाते, दुःखउठाते यमलोक पहुँचते हैं ।३२। इतने दुखी होने पर भीयम मार्ग में हा पुत्र हा पौत्र। इत्यादि वचन बोलते हैं। वे मन्द बुद्धि अपने किये पर पश्चातापभी करते हैं ।३३। कहते हैं कि देखो बड़े भारी पुण्यों के योग से हमें अत्यन्त दुर्लभ मनुष्य जन्मप्राप्त हुआ उसे पाकर व्यर्थ खो डाला, कोई धर्म नहीं किया

॥३४॥मनुष्य शरीरही मुक्तिका साधनहोता है। ऐसाउत्तम जन्म पाकरनकुछ दान, नअग्नि में होम न तप और नदेवताओं की पूजा हीकी। विधि एवं श्रद्धाके साथ किसी तीर्थपर भी नहीं पहुँचे, नकिसी साधुसन्त ब्राह्मणकी सेवाकी। इसलिये हे जीव! अब अपने किये कर्मों को भोग तुम्हारा निस्तारहो तो कैसे हो! कोई भी शुभ कर्मनहीं हुआ।३५। अरे मैंने ब्राह्मण देवताओंकी कभी पूजानहीं कीन पतित पावनी श्री गङ्गाजल पान किया, न सत्पुरुषों की कभीसेवाकी, न महात्माओं

मया कृतम् ।३४। मया न दत्तं हुतं हुताशने तपो न तप्तं त्रिदशा न पूजिताः॥ न तीर्थ सेवा सहिताः विधानतो देहिन क्वचिन्निस्तरस्य कृतम् ।३५॥ न पूजिता विप्रगणाः सुरापगा न चाश्रियाः सत्पुरुषाः न सेविताः। परोपकारा न कृता कदाचन देहिन् क्वचित् निस्तरस्य त्वया कृतम् ।३६। जलाशयो नैवकृतोहि निर्जले मनुष्यहेतोः पशुपक्षिहेतवे। गोविप्रवृत्यर्थमकारिनाणवापि देहिन् क्वचिन्नस्तरस्य त्वया कृतम् ॥३७॥ न नित्यदानं न गवान्हिकं वेद शास्त्रार्थ

का कभीआश्रय पकड़ा। कोईपरोपकार भी तो नहीं किया, हे देहाभिमाननिन् अबतू अपने कियेकर्मों को भोग।३६। आये गये मनुष्यों एवं पशु पक्षियों के लियेजल रहित परकोई तालाव वापीअथवा कुँआ आदि कुछ भी नहींलगवाया, गौ ब्राह्मणकी आजीविका के लिये कुछ थोड़ा सा भी धन खर्च नहींकिया इसलिए हे जीवात्मन! अबतू अपने किये करमों को भोग।३७। नित्य का यथा शक्ति अन्न दान भी नहीं किया, और गौ की एकदिन की तृप्ति को चारा घास

कुछ भी दान नहीं दिया दैनिक कार्यों में स्थान, सन्ध्या जप, हवन, स्वाध्याय, देव पूजन वैश्वबलि आदि कुछ भी नहीं किया और न वेदशास्त्रोंके यथार्थ बचनोंका पालनकिया है। कोई भी पुराणशास्त्र नहीं सुना और न वेदशास्त्रजानने वाले ब्रह्मण की पूजा की इससे हे जीवात्मन् अपने किये कर्मों को भोग ॥३८॥ स्त्रीका देहपाकर मैंने अपने पतिकीआज्ञा का पालन नहीं किया न उसे कभी मधुर बचन कहे पति व्रत्य धर्म की पालना भी नहीं की। यथायोग्य गुरुओंके उचित अपने

स्यवचः प्रमाणितम् ॥ श्रुतं पुराणं नच पूजितोज्ञो देहिन् क्वचिन्नस्तस्य त्वया कृतम् । ३८ ॥ भर्तुर्मया नैव कृतंहितंवचः पति व्रतंनैव कदापि पालितम् ॥ न गौरवं क्वापि कृतं गुरूचितंदेहिन् क्वचिन्नस्तस्य त्वया कृतम् ॥३९॥ न धर्म बुद्धया पतिरेव सेवितो वह्निप्रवेशोन कृतो मृते पतौ ॥ वैधव्यमासाद्य तपो न सेवितं देहिन् क्वचिन्नस्तस्य त्वया कृतम् ॥४०॥ मासोपवासैर्न विशोषितं मया चांद्रायणैर्वा नियमैः सविस्तरैः नारी शरीरं बहु दुःख भाजनं लब्धं मया पूर्वकृतैर्विकर्मभिः ॥

पति का गौरव मान किंवा गुरुओं का सत्कार कभी नहीं किया इसकारण जीवात्मन् अब अपने किए कर्म भोगो ॥ ३९ ॥ अपना धर्म समझकर पति की सेवा नहीं की। पति के परलोक सिधार जाने पर अग्नि प्रवेश (सतीहोना) नहीं किया। विधवा पन पाकर तप नहीं किया इसी कारण हे जीव अब किये करमों को भोग ॥४०॥ एक महीने के उपवास से व्रतके

मिथ्या को पाकर तप नहीं किया इसी कारण हे जीव अब किये करमों को भोग ।४०।। एक महीने के उपवास से व्रतके

द्वारा अथवा विस्तार पूर्वक पूरे नियमों से चान्द्रायण व्रतके द्वारा अपने शरीर को निर्मल बनाने की चेष्टा नहींकी स्त्रीका
शरीर बहुत दुःखों कापात्र होता है, यहपूर्व जन्मके विक्रमों से ही प्राप्तहोता है ऐसा स्त्री का शरीर प्राप्त करकेअपनेसुधार
के लिए कुछ भी कर्म मैंने नहीं किया ।।४१।। इस प्रकार गरुड़ जी वह प्रेतात्मा अपने पूर्व शरीर से किए दुष्कर्मों
को स्मरण कर पश्चाताप करता है हाथ मल २ कर कहता है वैसा मनुष्य का शरीर- अबमुझे मिलने का नहीं ऐसा

।४१। एवं विलप्य बहुशो संस्मरन् पूर्वदैहिकम् ।। मानुषत्वं ममकुत इति क्रोशन् बिसर्पति ।४२। दशसप्त
दिवान्येको वायुवेगेन गच्छति । अष्टदश दिने ताद्यप्रेत सौम्यपुरं ब्रजेत् । ४३ । तस्मिन् पुरे
रम्ये प्रेतानां च गणो महान् ।। पुष्पभद्रा नदी यत्र न्यग्रोधः पुरदर्शनः ।४४। पुरे तत्र स विश्रामं
प्राप्यते यमकिंकरैः । दारा पुत्रादिकं सौख्यं, स्मरते तत्र दुःखितः ।४५। धनानि भृत्यमात्राणिसर्वं
शोचति वै यदा ।। तदा प्रेतास्तु तत्रत्याः किंकराश्चेदमब्रुवन् । ४६ । क्व धन क्व सुता जायाक्व

चिल्लाता चीखना चलता रहता है ।।४२। तब सत्रह दिन पर्यन्त वायु वेग के द्वारा अकेला चलकर वह प्रेतात्माअठारहवें
दिन हे गरुड़ सोम्यपुर में पहुँचता है ।।४३।। उस सुन्दर सोम्यर में बहुत से प्रेत रहते हैं और वहां पुष्प भद्रा नदी है।
पुरदर्शन न्यग्रोध नाम वहां का राजा है ।।४४।। पुर में पहुँचकर यमदूत थोड़ाविश्राम कराते हैं वह प्रेतात्मा-अपनेस्त्री पुत्र
आदि बान्धवों का सुख स्मरण करके दुःखी होता है ।।४५।। वहां सम्बन्धी, धन नौकर चाकरआदिका सुख स्मरण करके

जब भी गहरी चिंता में पड़ता है, तब उसे वहां के रहने वाले यमदूत इकट्ठे होकर कहते हैं ॥४६॥ हे प्रेत! तुझे स्त्री पुत्र- धन, बांधव, मित्र याद आ रहे हैं। कोई भी किसी का नहीं। अपने कर्म ही साथ चलते हैं उन्हें स्वयं भोगता हुआ अब यमपुर के मार्ग को पूरा कर ॥४७॥ हे परलोक जाने वाले पथिक तुम यमराज के तथा यम के दूतों के बल को नहीं जानते। कि यमराज दण्ड देंगे क्षमा करना जानते ही नहीं। वहां पहुँचना तुम्हारे लिये निश्चित है। इस लोक का मार्ग

सुहृत्क च बाँधवाः ॥ स्वकर्मोपार्जितं भोक्ता मूढ़ याहि चिरं पथि ।४७। जानासि शंबल-बलं बलमध्वगानां नो शंबलाय यतसे परलोकपाथं ॥ गंतव्यमस्ति तव निश्चितमेव तेन मार्गेण तन्न भवति क्रयविक्रयोपि ॥४८॥ अबलाख्यातमार्गोयंनैव मर्त्य श्रुतस्त्वया ॥ पुराणसंभव वाक्यं किंद्विजेभ्यो भ्योपि न श्रुतम् ॥४९॥ एवमुक्तस्ततो दूतैस्ताडयमानश्च मदगरैः। निपतन्नुत्पतन्धावन्पाशैराकृष्यते बलात् ।५०। तत्र दत्तं सुतैः पौत्रे स्नेहाद्वा कृपयाथवा। मासिकं पिंडमश्नाति ततः सौरिपुरं व्रजेत्

क्रय विक्रय कुछ भी नहीं ॥४८॥ अरे प्रेतमृत्यु लोक में यह यम मार्ग तो प्रसिद्ध है बालक से लेकर बूढ़े तक सब जानते हैं। क्या ब्राह्मणों से पुराणों की कथा में इस मार्ग का नाम भी नहीं सुना ।४९। ऐसे बचन सुना २ कर यमदूत उसे मुग्दरों द्वारा पीटते हैं, अब गिरते भागते रोते हुए उसको वे बल पूर्वक खेंचते हैं ।५०। इस पुर में कुछ सुस्ताने प्रेत के बेटे, पोते

स्नेह से मासिक पिण्डको यदि दान करते हैं तो उसे पाता है उसके अनन्तर सौरिपुर जाता है ।५१। उस सौरिपुर का काल रूप धारण किए हुए जङ्गम नामी राजा है, ज्यों ही उसे देखता है तो भय से कांप उठता है कुछ वहां भी सुस्ताने की इच्छा करता है ।५२। उस पुर में पहुँचने पर प्रेत को पुत्र पौत्र आदि सम्बन्धी कुछ भी त्रैपाक्षिक पिण्डदान करते हैं, उसी अन्न संयुक्त जल को ग्रहण करता है। उसके अनन्तर वहां से चल पड़ता है ।५३। तब अत्यन्त शीघ्रता के साथ

॥५१॥ तत्र नाम्नास्ति राजावै जँगमः कालरुपधृक् ॥ तं दृष्ट्वा भयभीतोसौ विश्रामे कुरुते मतिम् ॥ ५२ ॥ उदकं चान्नसंयुक्तं भुंक्ते तत्र पुरे गतः त्रैपाक्षिके वै यदत्तं सतत्पुरमति क्रमेत् ॥ ५३ ॥ ततो नगेन्द्रभवनं प्रेतो याति त्वरान्वितः । वनानि तत्र रौद्राणि दृष्ट्वा क्रंदति दुःखितः । ५४ । निर्घृणैःकृष्यमाणस्तुः रुदते च पुनःपुनः । मास द्वयावसाने तुतत्पुरं व्यथितो व्रजेत् ।५५। भुक्त्वा पिंड जलं वस्त्रं दत्तंयद्बांधवै रह कृष्यमाणः पुनः पाशैर्नीयतेऽग्रे च किंकरैः ॥ ५६ ॥ मासे तृतीये

वह प्रेत नगेन्द्रभवन में पहुँचता है वहां बड़े २ बिकट बन हैं उन्हें देखकर वह प्रेत चिल्ला उठता है अत्यन्त दुःखी हो कर रो उठता है ।५४। वहां बड़ी निर्दयता के साथ यमदूत उसे बांधकर खूब खींचते हैं रोता है फिर चिल्लाता है इसी प्रकार दो महीनों के गुजर जाने पर बहुत दुखी होता हुआ उस पुर में प्रवेश करता है ।५५। वहां बान्धवों द्वारा पिण्ड जल, वस्त्र आदि को प्राप्त करके फिर आगे के लिए यमदूत उसे कस लेते हैं फिर उन्हीं पाशों द्वारा खींच २ कर आगे ले

चलते हैं ।।५६।। फिर तीसरे महीने वह गन्धर्वपुर पहुँचता है । वहां उसे त्रैमासिक पिण्ड प्राप्त होता है । उसे भोग कर आगे के लिए चल पड़ता है ।५७। चौथे महीने शैलागमपुर पहुँच जाता है । वहां पहुँचने पर प्रेत उस पर ऊपर से खूब पत्थरों की वर्षा होती है ।।५८।। वहां उसे चतुर्थ मासिक पिंड प्राप्त होता है । उसे भोगकर कुछ सुखी होता है । तब वह प्रेत पांचवें महीने क्रौंचपुर में जाता है ।।५९।। तब वहां बान्धवों के हाथों से दिया हुआ पांच मासिक पिंडको प्राप्तकर

संप्राप्ते प्राप्य गन्धर्वपत्तनम् ।। तृतीयमासिकं पिंडं भुक्त्वा तत्रप्रसर्पति । ५७ । शैलागमं चतुर्थे च मासि प्राप्नोति वै पुरम् । पाषाणास्तत्र वर्षन्ति प्रेतस्योपरि भरिशः ।५८। चतुर्थे मासिकं पिंडं भुक्त्वा किंचित्सुखी भवेत् ।। ततो याति पुरं प्रेतः क्रौंच मासेथ पंचमे ।५९। हस्तदत्तं तदा भुक्ते प्रेतः क्रौंचपुरे स्थितः यत्पांचमासिकं पिंडं भुक्त्वा क्रूरपुरं व्रजेत् ।६०। सार्द्धकैः पंचभिर्मासैन्यूनं षाण्मासिकं भवेत् ।। तत्र दत्तेन पिंडेन घटनाप्यायितः स्थितः ।। ६१ ।। मुहुर्तार्द्धं तु लिश्रभ्य कंपमानः

भोगता है । उसके अनन्तर क्रूरपुर के लिए चल पड़ता है ।।६०। तब उस प्रेत का साढ़े पांच माससे कुछकमषण्मासिक होता है । उसको छमासी नामसे कहा जाता है । उसी छमासी में बान्धवों द्वारा दान किए हुए घट सहित पिंडको पाकर वह प्रेत कुछ तृप्त होता है ।६१। छमासी के दिन घट दानसे उसप्रेत को आधा मुहूर्त (१ घड़ी) जितना विश्राम भी मिलता है उसे पाकर फिर से यमदूतों द्वारा चलने के लिए तर्जित होता है । अर्थात् सताया जाता है । कांपता हुआ अत्यंतदुखी होकर उस पुर से चल पड़ता है ।६२। फिर चित्र भवन नामकपुर में पहुँचता है। चित्र भवनपुर वहीं है जहां पर यमराज के छोटे

उसे पाकर फिर से यमदूतों द्वारा चलने के लिए तर्जित होता है। अर्थात् सताया जाता है। कांपता हुआ अत्यंत दुखी होकर उस पुर से चल पड़ता है।६२। फिर चित्र भवन नामक पुर में पहुंचता है। चित्र भवनपुर वहीं है जहां पर यमराज के छोटे भाई विचित्र नाम के राजा राज्य कर रहे हैं।६३। वे विचित्र राजा बड़े मोटे शरीर वाले हैं, उन्हें देखते ही डरकर प्रेत भागने लग जाता है। तब उसके सामने नदी के पार पहुंचाने वाले कैवर्त (मल्लाह) आकर यह कहते हैं ॥६४॥ मल्लाह सर्वप्रथम उसे वैतरणी नदी का अर्थ समझाकर कहते हैं कि हे प्रेत! यह वैतरणी नदी है, अर्थात् वितरण करना वेदादि शास्त्र

सुदुःखिता ॥ तत्पुरं तु परित्यज्य तर्जितो यमकिंकरैः ॥ प्रयाति चित्रभवनं विचित्रो नाम पार्थिवः। यमस्यैवानुजो भ्राता यत्र राज्यं प्रशास्ति हि ।६३। तं विलोक्य महाकायं यदा भीतः पलायते। तदा संमुखआगत्य कैवर्त्ता इदमब्रुवन् ।६४। वयं ते तर्त्तुकामाय महावैतरणी नदीम्। नावमादाय संप्राप्ता यदि ते पुण्यमीदृशम् ।६५। दानं वितरणं प्रोक्तं मुनिभिस्तत्वदर्शिभिः। इयं सा तीर्यते यस्मात्तस्माद्वैतरणी स्मृता ॥ ६६ ॥ यदि त्वया प्रदत्ता गौस्तदा नौरुपसर्पति। नान्यथेति वचस्तेषाँ

वेत्ता मुनियों के कथन से दान करना उसी दान के प्रभाव से ही यह वैतरणी नदी पार की जा सकती है इसीलिए इसका नाम वैतरणी है।६५। मल्लाह कहते हैं कि हम तुम्हें इसके पार पहुंचा देने को नाव लाये हैं। यदि तुम में कुछ दान करने का पुण्य हो तो इसी नाव के द्वारा हम तुम्हें पार पहुँचा दें।६६। यह समझलो! यह नाव उसी के पास जाती है जिसने गौ दान किया हो। गौदान करने के बिना अन्य किसी के पास जाती भी नहीं। इसे सत्य समझो। मल्लाहों की बातें

सुनकर गौदान न करने के कारण रो उठता है। दैव! हा दैव! पुकारने लग जाता है ॥६७॥ तब उस प्रेत को देख कर नदी आग पर चढ़ाये हुए तेल की भांति उबलने लग जाती है। प्रेत भी उस नदी को देखकर चिल्ला उठता है उस पापात्मा ने मनुष्य जन्म पाकर दान तो कुछ किया नहीं इसी कारण उस वैतरणी में डूब जाता है ॥६८॥ तब यमदूत आकाश चारी होकर मछलियां फँसाने वाले माहीगीरों की भांति उस प्रेत के मुँह में कांटा चुभोकर मछलियों की भांति

श्रुत्वा हा दैव भाषते ॥६७॥ तं दृष्ट्वा क्वथ्यते सातु तां दृष्ट्वा सोतिक्रन्दते। अदत्तदानः पापात्मा तस्यामेव निमज्जति ॥ ६८ ॥ तन्मुखे कंटकं दत्वा दूतैराकाशसंस्थितैः। बडिशेन यथा मत्स्यतथा पारं प्रणीयते ॥ ६९ ॥ षाण्मासिकं च यत्पिंडं तत्र भुक्त्वा प्रसर्पति। मार्गेस विलपन्याति बुभुक्षोः पीडितो ह्यलम् ॥ ७० ॥ सप्तमे मासि संप्राप्ते पुरं बह्वापदं व्रजेत्। तत्र भुक्ते प्रदत्तं यत् सप्तमे मासि पुत्रकैः ॥७१॥ तत्पुरं तुव्यतिक्रम्य दुखदं पूरंगच्छति ॥ महद्दुःखमवाप्नोते खेगच्छन् खेचरेश्वरः ॥७२॥

खींच कर पार फेंकते हैं ॥६९॥ वहां उसे छः मासिक पिण्ड की फिर प्राप्ति होती है उसे भक्षण कर आगे को चलता है। छै मासिक पिण्ड उसे तृप्ति नहीं कर सकता। भूख प्यास से व्याकुल हो, रास्ते में रोता चिल्लाता चलता है ॥७०॥ उस पुर से होकर, सातवें माह के लगने पर बव्हापदपुर में पहुँचता है। वहां पुत्र पौत्रादि प्रदत्त सातवें महीने के पिण्ड दान को भोगता है ॥७१॥ उस पुर से चल, दुःखदपुरमें जाता है। पक्षियोंकी भांति आकाश मार्ग से चलता हुआ बहुत दुख उठाता है ॥७२॥

आठवें महीने के दानपिण्ड को वहां भक्षण कर आगे चलता है। तब नवम महीने की समाप्ति में नाना क्रन्दगण

आठवें महीने के दानपिण्ड को वहां भक्षण कर आगे चलता है। तब नवम महीने की समाप्ति में नाना क्रन्दपुर में पहुँचता है ॥७३॥ नानाक्रन्दपुर में प्रेत अनेकों प्रकार के चिल्ला २ कर डराते हुए जीवों को देख कर स्वयं शून्य हृदय होता है और दुखित होकर स्वयं चिल्ला उठता है ॥७४॥ उसपुर को छोड़कर यमदूतों द्वारा धकेला हुआ दशवें महीने कष्टके साथ सुतप्त भवनमेंजाताहै, ॥७५॥ उसपुरमें पिण्डदान जलको भोगकर ग्यारहवें महीने की समाप्तिमें रौद्रपुर में

मास्यष्टमे प्रदत्तंयस्पिंडं भुक्त्वा प्रसर्पति। नवमे मासि संपूर्णेनानाक्रन्दपुरं व्रजेत्।७३। नानाक्रन्दगणान् दृष्ट्वा क्रन्दमानान् सुदारुणान्। स्वयंच शून्यहृदयः समाक्रन्दति दुःखितः।७४। विहाय तत्पुरं प्रेतस्तर्जितो यमकिंकरैः सुतप्तभवनं गच्छेद्दशमे मासि कृच्छ्रतः।७५। पिंडदानं जलं तत्र भुक्त्वापि न सुखी भवेत्॥ मासि चैकादशे पूर्णेपुरंरौद्रं स गच्छति॥७६॥ दशैकमासिकं तत्र भुक्ते दत्त सुतादिभिः॥ सार्द्धं चैकादशेमासि पयोवर्षणगच्छति॥७७॥ मेघास्तत्र प्रवर्षन्तिप्रेतानां दुःखदा-

जाता है ॥७६॥ उसपुर में पुत्र पौत्रादिक प्रदत्त ग्यारहवें महीने के पिंड को भोगता है फिर साढ़े ग्यारह महीने पयोवर्षण पुर में पहुँचता है ॥७७। वहां प्रेतों को दुखदाई मेघ खूब बरसते हैं। उसपुर में प्रेत दुखी होकर न्यूनाधिक पिण्ड को भोगता है ॥७८॥ वर्ष (साल) के गुजर जाने पर शीताढय नामक नगर में पहुँचता है, उस पुर का नाम इसलिए

शीताढ्य हैं कि वहां बर्फ से भी सौ गुणा (शीत) पड़ता है ॥७९। वहां उस प्रेतको जाड़ा दुखी करता, भूख भी व्याकुल करती है। तब वह दशों दिशाओंमें इधर उधर देखता है कि कोई मेरा बन्धु इस समय में काम आने वाला कहीं है जो मेरे इन दुखों को हटाने का प्रयत्न करे।८०। तब यमदूत उससे कहते हैं कि हे प्रेत! तुम में ऐसे पुण्य कहांकि जिससे इनदुखों की निवृत्ति हो। तब वहां बारहवें मांस के पिंड को भोग कर कुछ धैर्य पाता है ॥८१॥ पूरे वर्ष के हो जानेपरयमपुरके

यकाः न्यूनाधिकं च यच्छ्राद्धं तत्र भुंक्ते स दुःखितः ॥७७॥ संपूर्णे तुततो वर्षे शीताढ्यं नगरं ब्रजेत् ॥ हिमाच्छद गुणं तत्र महाशीतं पतत्यपि ॥७९॥ शीतार्त्तः क्षुधितः सोऽपि वीक्ष्यतेऽपि दिशो दश ॥ तिष्ठते बाँधवः कोपि यो मे दुःखं व्यपोहति ॥ ८० ॥ किंकरास्ते वदंत्यत्र क्व ते पुण्यं हिताद्दृशम् ॥ भुक्त्वा च वार्षिकं पिंडं धैर्यमालंवते पुनः ॥ ८१ ॥ ततः संवत्सरस्यांते प्रत्यासन्ने यमालयेबहुभीतिपुरे गत्वा हस्तमात्रं समुत्सृजेत् ॥८२॥ अंगुष्ठमात्रो वायुश्च कर्मभोगाय खेचर ॥ यातनादेह मासाद्य सहयाम्यै प्रयाति च ॥८३॥ और्ध्वदेहिकदानानि यैर्न दत्तानि कश्यप ॥ एवं कष्टेन ते यांति

निकट बहुभीतिपुर में पहुंचता है। तब पिंडोंद्वारा निर्माण हुए २ एक साथ प्रमाण उसपहिले शरीर को वहां पहुंच कर वह प्रेत उसे छोड़ देता है।८२। हे गरुड़! तब अंगुष्ठ प्रमाण वह वायुमय प्रेत जीव कर्म भोगने के लिए यमयातना के शरीर में आजाता है। शरीर धारी प्रेत को यमदूत पकड़ कर ले चलते हैं ॥८३॥ हे कश्यपनन्दन गरुड़! जिन लोगों ने अन्त

होने के पहिलेपरलोक सुधार के लिए कुछ भी दान नहीं किया...

होने के पहिलेपरलोक सुधार के लिए कुछ भी दान नहीं किया। उन्हेंकष्ट भोगने पड़ते, तथा दृढ़ बन्धनपाकर यमदूतों द्वारा यमलोक में जाते हैं।८४। यमराज जो धर्मराज हैं उसपुर के ४ दरवाजे हैं। उनमें दक्षिण की ओरके दरवाजे का मार्ग हे गरुड़! भगवानकहते हैं किमैंने तुम्हें सुनाया है।८५। औरसाथ में यह भी सुना दिया है कि जिस प्रकारकष्ट से महा घोर भूख प्यास थकानसे पीड़ितहो प्रेतात्मा दक्षिण द्वार से यमपुर पहुँचते हैं, और क्या सुनना चाहते हो ॥८६॥

इति श्री गरुड़पुराणे सारोद्धारे शस्त्रि हरिश्चन्द्र कृतायांसरल टीकायांयममार्ग निरूपणोनाम द्वितीयोऽध्यायः २॥

गृहीता दृढ बंधनैः। ८४। धर्मराज पुरे संति चतुर्द्वाराणि खेचर ॥ तत्रायं दक्षिणद्वार मार्गस्ते परिकीर्तितः। ८५। अस्मिन् पथि महाघोरे क्षुतृषा श्रमपीड़िताः यथा यांति तथा प्रोक्तं किं भूयः श्रोतुमिच्छति। ८६। इति श्री गरुड़ पुराणे सारोद्धारे यममार्गनिरूपणो नाम द्वतियोऽध्यायः ॥२॥

गरुड़उवाच। यममार्गं मातक्रम्य गत्वा पापी यमालये। कीदृशीं यातनांभुक्ते तन्मेकथय केशव। १। श्रीभगवानुवाच ॥ आद्यंतं च प्रवक्ष्यामि शृणुष्व विनतात्मज। कथ्यमानेपि नरकेत्वंभविष्यसि

गरुड़ बोले–हे भगवान! यम मार्ग पार कर पापात्मा जब यमालय पहुँचता है तो उसे कैसी यातना भोगती पड़ती है हे केशव! यह कृपा करके मुझे सुनाइये ॥१॥ श्री भगवान बोले–हे गरुड़! पहिले मैं तुझे नरकों के दुःख सुनाता हूँ सुन

कि जब मैं नरकोंका वर्णन करने लगूंगा, तू भी कांप उठेगा।२। उस बहुभीति पुरके आगे ४४ योजन के विस्तारवाला धर्मराज का पुर है।३। उसमें सदा हाहाकार शब्दहोते देखकर पातकी चिल्ला उठते हैं। उनका चिल्लाना रोना सुन कर यमराज के दूत।४। उस पुरी में जाकर यमराज के द्वारपालोंसे कहते हैं कि हम एक पापी लाये हैं वहां धर्मध्वजके द्वारपाल सर्वदा उपस्थित रहते हैं।५। वेही चित्र गुप्त के पास पहुंच कर उस पापी के शुभ अशुभ सर्व प्रकार के कर्म

कंपितः ॥२॥ चत्वारिंशद्योजनानि चतुर्युक्तानिकाश्यप ॥ बहुभीतिपुरादग्रे धर्मराजपुरं महत् ॥ ३ ॥ हाहाकारसमायुक्तं दृष्ट्वा क्रंदंति पातकी। तत्क्रंदितंसमाकर्ण्य यमस्य पुरचारिणः। ४। गत्वा-चतत्रतेसर्वेप्रतीहारं वदंति हि॥ धर्मध्वज प्रतीहारस्तत्र तिष्ठति सर्वदा।५। सगत्वा चित्रगुप्ताय ब्रूते तस्य शुभाशुभम्॥ ततस्तं चित्रगुप्तोपि धर्मराजंन्य वेदयत्।६। नास्तिका येनरास्ताक्ष्र्य महा पापरताः सदा॥ तांश्चसर्वान् यथायोग्यं सर्वजानाति।७। तथापि चित्रगुप्ताय तेषां पपं संपृच्छति॥ चित्रगुप्तोपि सर्वज्ञः श्रवणान परिपृच्छति।८। श्रवणाब्रह्मणः पुत्राः स्वर्भूपातालचारिणः

कह सुनाते हैं। फिर चित्र गुप्त धर्मराज को जाकर कहते हैं॥६॥ हे गरुड़! जो मनुष्य महापाप करने वाले नास्तिक हैं उन्हें यथोचित रूपेण धर्मराज को भली भांति जानते हैं।७। फिर भी वे धर्मराज पापियोंके विषय में चित्र गुप्त से पूछते हैं चित्र गुप्त भी सर्वज्ञ होते हुए भी पूछते हैं॥८॥ ये श्रवण ब्रह्माजी के पुत्र हैं ये ही देवता स्वर्ग पृथ्वी पाताल आदि

त्रिलोक में सर्वदा विचरते रहते हैं और दूरसे श्रवण करनेकी देखलेनेकी भी शक्ति रखते हैं अतः इनका नाम श्रवण है ।९। उनकी स्त्रियां इसी प्रकारशक्ति वाली हैं । इनका नाम भी श्रवणी है ये सब स्त्रीगत सर्व प्रकार के चरित्र भली भांति जानती है ॥१०॥ प्रत्यक्षता वा परोक्ष में शुभ अशुभ जो कुछ कर्म मनुष्य करते हैं उन सबको श्रवण एवं श्रवणों की पत्नियां चित्रगुप्त के प्रति आकर कहदेती हैं ।११। ये ही पति पत्नियां धर्मराज के चार (जासूस) हैं । ये ही मनुष्यों के मन वाणी एवं शरीर

दूरश्रवण विज्ञानाद्दूरश्रवणचक्षुषः ॥९॥ तेषां पत्न्यस्तथाभूताः श्रवण्यः पृथगाह्वयाः स्त्रीणां विचेष्टितं सर्वतो विजानंति तत्वतः ॥१०॥ नरैः प्रच्छन्न प्रत्यक्षं यत्प्रोक्तं चकृतं च यत । सर्वमावेदयंत्येवचित्र गुप्ताय ते चराः । ११ । चारास्ते धर्मराजस्य मनुष्याणाँ शुभाशुभम् । मनोवाक्कायजं कर्मश्रवणाः जानंतितत्वतः ॥ १२ ॥ एवं तेषां शक्तिरस्ति मर्त्यामर्त्याधिकारणम् ॥ कथयन्तिनृणां कर्मश्रवणाः सत्यवादिनः ॥१३॥ व्रतैर्दानैश्च सत्योक्त्य यस्तोषयति तान्नरः । भवंति तस्यते सौम्याः स्वर्गमोक्ष प्रदायिनः ॥१४॥ पापिनाँ पापकर्माणि ज्ञात्वा ते सत्यवादिनः । धर्मराजपुरः प्रोक्ताः जायंते

द्वारा किये गये शुभ अशुभ सब प्रकारके कर्मों को जानते हैं ।१२। मनुष्य तथा देवताओं पर पूरा अधिकार रखने वाले उन ब्रह्माजी के पुत्र श्रवण एवं उनकी स्त्रियों को पूरी शक्ति है कि वे हत्यादी मनुयों के बुरे भले कर्म जाकर चित्र गुप्त को सुनावें ॥१३॥ व्रत धारण करने, एवं सत्यव्रत के पालन से जो मनुष्य—इन्हें सन्तुष्ट करता है तो श्रवण उस

पर प्रसन्न होकर स्वर्गमोक्ष ही प्राप्त कराते हैं ।१४। यही सत्यवादी श्रवण पापियोंके पापकर्म जानकर धर्मराजको कहते हैं और उनको दण्ड दिलाते हैं ।१५। हे गरुड़ ! सूर्य १, चन्द्रमा २, वायु३, अग्नि ४, आकाश ५, पृथ्वी ६, जल ७, अन्तरात्मा ८, मन९, दिन १०, रात्रि ११, प्रातःसन्ध्या १२, सायं सन्ध्या १३, धर्म १४ ये सब मनुष्यके शुभ अशुभ सब कर्मों को जानते हैं और धर्मराज के यहां साक्षीभरते हैं ।१६। धर्मराज, चित्र गुप्त श्रवण, तथा सूर्य आदि यह सबमिल

दुःख दायिनः ।१५। आदित्यचन्द्रावनिलोनलश्च द्यौर्भूमिरापोहृदयं मनश्च । अहश्च रात्रिश्च उभे च संध्ये धर्मश्च जानाति नरस्य वृत्तम् ।१६। धर्मराजचित्रगुप्तः श्रवण भास्करादयः । कायस्थं तत्र पश्यन्ति पापं पुण्यं च सर्वशः ।१७। एवं सुनिश्चयं कृत्वा पापिनां पातकेयमः ॥ आहूय तान्निजं रूपं दर्शयत्यपि भीषणम् ।१८। पापिष्ठाते प्रपश्यन्ति यमरूपं भयङ्करम् ॥ दण्ड-हस्तं महाकायं महिषोपरि संस्थितम् । १९ । प्रलयांबुदनिर्घोषं कज्जलाचलसन्निभम् । विद्युत्प्रभायुधै

कर मनुष्यों के शरीर में स्थितपुण्य पाप इनदोनों को चारोंतरफ से देखते हैं ।१७। इसी प्रकार भली भांति जाँच करके यमराज उन पापियों को अपने सन्मुख बुलाते हैं फिर अपना भयानक रूप उन्हें दिखाते हैं ।१८। पापात्मा यमराज के भयानक रूप को देखते हैं । यमराज बड़े महिष पर बैठे हुए, बड़े शरीर वाले हैं हाथ में दण्ड लिये हैं ।१९। प्रलय काल के बादलों की गर्जना की भांति बोलते, कज्जलगिर के समान कांति वाले, ३२ भुजाधारी हैं । हरहाथ में बिजली की

चमक जैसे शस्त्र धारण कर रहे हैं ॥२०॥ विस्तार जनका तीन योजन तक फैला हुआ है वापी समान बड़े २ लालनेत्र बड़े दांत एवं विकराल ठाड़े हैं। भयानक मुख है। बड़ी दीर्घ नासिका है ऐसा यमराज का स्वरूप है ॥२१॥ चित्रगुप्तका स्वरूप भी भयानक है। औरसाथ में सब प्रकार के ज्वररोग एवं मृत्यु आदि चित्रगुप्त के पास खड़े हुए हैं। इनके अतिरिक्त

भीमैः द्वात्रिंशद्भुजसंयुतम् ॥२०॥ योजनतत्रविस्तारं वापीतुल्यविलोचनम् दंष्ट्राकरालवदनं रक्ताक्षं दीर्घ नाशिकम् ॥२१॥ मृत्युज्वरादिभिर्युक्तश्चित्र गुप्तोपि भीषणः ॥ सर्वेदूताश्च गर्जन्ति यमतुल्या स्तदंतिके ॥२२॥ तं दृष्ट्वा भयभीतस्तु हाहेति वदति खलः ॥ अदत्तदानः पापात्मा कंपते क्रंदते पुनः ॥२३॥ ततो वदति तान् सर्वान् क्रन्दमानांश्च पापिनः ॥ शोचंतः स्वानि कर्माणि चित्रगुप्तो- यमाज्ञया ॥२४॥ भोभो पापी दुराचरी अहङ्कार प्रदूशिताः ॥ किमर्थमर्जितं पापंयुष्माभिः रविवेकिभि।

यमराज के समान भया नकरूपमय तुल्य सारे यमदूत भी पास ठहरे गर्ज रहेहैं ॥२२॥ इन सबको देखकर पापी-भयसे कांप उठता है और हाहाकार करनेलगता है। मनुष्य जन्म पाकरदान आदि कुछ न करने परवह पापात्मा कांपकर चिल्लाने लगता है ॥२३॥ तब चित्रगुप्त चिल्लाते चीखते कांपते अपने कर्मों का शोक करते हुए उन सब पापियों को यमराज की आज्ञा सुना कर कहते हैं ॥२४॥ चित्र गुप्त कहते हैं-अरे दुराचारी पापियो। तुमने अहंकारमें आकर कुछ भी विचार नहीं किया

दुष्ट स्वभाव होकर पापरूप धन इकट्ठा करने में लगे रहे। यह सब क्यों किया।२५। अरे पापियो! पाप करने वाले लोगों की संगत में पड़ कर काम तथा क्रोध आदि से उत्पन्न कर्म किया जाय वह पाप है, और महादुःखके देने वाला है ऐसा जानबूझ कर भी अरे मूर्खों! तुमने क्यों किया ?।२६। फिर तुमने प्रसन्नता से पाप किये हैं। अब जैसे तुम्हारे कर्म हैं वैसे उनके फल हैं इन्हें भी भोगो इन यातनाओं से अपना मुँह फेर क्यों रहे हो ? ॥२७॥ जो पाप तुम लोगोंने किये

॥२५॥ कामक्रोधाद्यदुत्पन्नं संगमेन पापिनाम् ॥ तत्पापं दुःखदं मूढाः किमर्थं चरितं जना ॥२६॥ कृतवंतः पुरा यूयं पापान्य तिहर्षिताः तथैवयातना भोग्याः किमिदानीं पराङ्मुखाः ॥२७॥ कृतानि यानि पापानि युष्माभिः सुवहून्यपि ॥ तानि पापानि दुःखस्य कारणं न वयंजनाः।२८। मूर्खेपि पंडिते वापि दरिद्रे वा श्रियान्विते। सबले निर्बले वापि समवर्ती यमः स्मृत।२९। चित्रगुप्तस्येति वाक्यंश्रुत्वा ते पापिनस्तदा ॥ शोचतः स्वानि कर्माणितूष्णीं तिष्ठंति निश्चलाः।३०॥ धर्मरा-जोपितान्दृष्ट्वा चौरवन्निश्चलान्स्थितान् ॥ आज्ञापयति पापानां शास्ति चैमयथोचिताम् ॥ ३१ ॥

हैं वही, पाप तुम्हारे दुःखों का कारण है। हम तुम्हारे दुःखों का कारण नहीं हैं।२८। यह समझलो मूर्ख हो, पण्डित, निर्धन धनी, बलवान, तथा निर्बल हो, यमराज तो सब के लिये समदृष्टि माने जाते हैं।२९। चित्र गुप्त के इस प्रकार के वचन सुन, पापी लोग अपने २ करमों का बिचार करते हुए निश्चल होके चुपचाप ठहर जाते हैं।३०। धर्मराज भी सबको चोर

की भांति चुपचाप निश्चल होके ठहरा हुआ देख कर उन के पापों के अनुसार दण्ड देने की आज्ञा करते हैं ॥३१॥ तब वहां

की भांति चुपचाप निश्चल होके ठहरा हुआ देख कर उन के पापों के अनुसार दण्ड देने की आज्ञा करते हैं ॥३१॥ तब वहां ठहरे हुए यमदूत निर्दय होकर उन्हें खूब पीटते हैं और कहते हैं कि पापियो ! अत्यन्त महाघोर नरकोंमें चलो ।३२। यम की आज्ञा मानने वाले प्रचण्ड चण्डक आदि यमदूत उन सब पापियों को एक ही पांस में बांधकर नरकों की ओर लेचलते हैं ।३३। नरकों के पास एक बड़ा शाल्मली का वृक्ष है जिससे जलती हुई अग्नि के समान बड़े २ शोले निकल रहे हैं ।

ततस्ते निर्दया दूतास्ताडयित्वा वदन्ति च ॥ गच्छपापिन् महाघोरान्नरकानति भीषणान् ॥३२॥ यमाज्ञाकारिणो दूताः प्रचंडचंडकादयः ॥ एकपाशेन तान्बध्वा नयंति नरकान् प्रति ॥३३॥ तत्र वृक्षो महानेको ज्वलदग्निसमप्रभाः ॥ पंचयोजनविस्तीर्ण एक योजनमुच्छ्रितः ॥३४॥ तदवृक्षे शृंखलैर्बध्वाऽधोमुखं ताडयंति ते ॥ रुदंदि ज्वलितास्तत्रतेषां त्राता न विद्यते ॥३५॥ तस्मिन्वै शाल्मलीवृक्षे लंबंतेऽनेक पापिनः क्षुत्पिपासा परिश्रांता यमदूतैश्च ताडिताः ॥३६॥ क्षमध्वं भोपराधं मे कृतां

वह ५ योजन (बीस कोस) तक फैला हुआ है, और १ योजन ऊँचा है ॥३४॥ सबसे पहिले उस वृक्षमें जंजीरों से बांधदेते हैं मुख नीचे लटकाकर, पीटना आरम्भ करते हैं । एक तो अग्नि भय से वे पापी जलते रहते, दूसरे यमदूतों के चाबुक पडते हैं । तब वे खूब रोते हैं । बचाने वाला वहां होता ही नहीं ॥३५॥ उस शाल्मली वृक्षपर अनेकों पापी लटकते रहते, हैं भूख प्यास खूब सताती, तथा यमदूत भी खूब ताड़ना करते हैं । ३६। तब वे पापी दोनों हाथ जोड़ २ कर यमदूतों की प्रार्थना

करते हैं दूसरा कोई भी आश्रय दिखाई नहीं देता। बड़ी नम्रता के साथ कहते हैं कि हमारे अपराध क्षमा कीजिए ॥३७॥ ज्यों २ प्रार्थना करते हैं त्यों २ यमदूतों की ताडना बढ़ती जाती है। लोहे के डण्डे, मुगदर, तोमर, कुन्त, गदाएं मूसलइत्यादि प्रकार के आयुधों से उन्हें पीटते हैं ॥३८॥ इसी ताडना को पाकर वे निश्चेष्ट हो जाते हैं कुछ भी होश नहीं रहता। उन्हें इस प्रकार से मूर्छित देख कर यमदूत कहते हैं ।३६। हे दुष्कर्म कर्ता पापियो! तुमने मनुष्य जन्म पाकर दुष्ट कर्म क्यों किये? अत स्वाद भी भोगो। तुम से यह भी न हो सका अतीव सुलभ मिलने वाला जल किसी प्यासे को पिलादें और

जलिपुटा इति ॥ विज्ञापयंति तान्दूतान्यापिष्ठास्ते निराश्रयाः ।३७॥ पुनः पुनश्च नैदूतैर्हन्यंते लोहयष्टिभिः ॥ मुगदरैस्तोमरैः कुंतैर्गदाभिर्मुशलैर्भृशम् ॥३८॥ ताड़िताश्चैव निश्चेष्टा मूर्छिताश्च भवंति ते ॥ तथा निश्चेष्टितान् दृष्ट्वा किंकरास्ते वदंतिहि ॥३६॥ भो भो पपाः दुराचाराः किमर्थम् दुष्टचेष्टितम् ॥ सुलभानि नदत्तानिजलान्यन्नन्मपि कश्चित् ॥४०॥ ग्रासार्द्धमपि नोदत्तं न श्वान्-वायसोर्बलिम् ॥ नमस्कृता नातिथयो न कृतं पितृतर्पणम् ॥४१॥ यमस्य चित्रगुप्तस्य न कृतं ध्यान-

किसी भूखे को अन्न ही खिलादें ४०। और तो और रोटी के ग्रास का आधा टुकड़ा भी कुत्ते को नहीं डाल सके न काक पक्षियों की बलि दी। आये हुए अतिथियों को नमस्कार मात्र भी नहीं की, उन्हें भोजन देना तो दूर रहा अपने पितरों का तर्पण तक नहीं किया ॥४१॥ धर्मराज का एवं चित्र गुप्त का उत्तम जो ध्यान है उसे भी तुमने नहीं किया इन दोनोंदेव-

ताओं के मन्त्र का जपन भी नहीं किया। इस ध्यान, अर्पन् से तो यमयातना नहीं मिलती ॥४२। न कोई तीर्थ किया, न देवताओं की पूजा की गृहस्थाश्रम में रहकर इतने अभिमान में आगये कि अन्तकार (अपने खाने से पहले भगवान् के नाम पर दान किया हुआ कुछ थोड़ा सा अन्न का भाग) तक नहीं निकाल सके ॥४३॥ साधु महात्मा पुरुषों की सेवा नहीं की इन्ही कारणों से अपने पापों का फल भोगो। क्यों कि तुम धर्म रहित हो अतः पीटे जा रहे हो ।४४। यमदूत कहते हैं कि

मुत्तमम् ॥ न जप्तश्च तयोर्मंत्रो न भवेद्यम यातना ।४२। नापि किंचित् कृतं तीर्थं पूजिता नैव देवताः ॥ गृहस्थाश्रमस्थितेनापि हंतकारोपि नोद्धृतः ।४३। शुश्रूषिताश्च नो सन्तोः भुंक्ष्व पापफलं स्वकम् ॥ यतस्त्वं धर्महीनोसि ततः सताड्यते भृशम् ॥४४॥ क्षमापरधं कुरुते भगवान् हरिरीश्वरः ॥ वयं तु सापराधानां दंडदा हि तदाज्ञया ॥४५॥ एवमुक्त्वा च ते दूता निर्दयताडयंति तान् ॥ ज्वलदङ्गारसदृशाः पतिताँस्ताडनाधः ॥४६॥ पतनात्तस्य पत्रैश्च गात्रच्छेदो भवेत्ततः ॥ तानधः पतितान्

तुम्हारे अपराध हम लोग क्षमा नहीं कर सकते क्षमा करने वाले तो सबके ईश्वर भगवान श्री हरि ही हैं। हम तो उन्हीं की आज्ञा से अपराधियों को दण्ड देने वाले हैं।४५। इसी प्रकार कह कर अत्यन्त निर्दयता के साथ यमदूत उन्हें ताड़ते हैं। ताड़ना से जलते हुए अङ्गारों के समान वे नीचे गिर पड़ते हैं।४६। उन पापियों के नीचे गिरने पर ऊपर से उसशाल्मली

वृक्ष के पत्ते भी उन पर गिर पडते हैं पत्रों द्वारा उनके अङ्ग प्रत्यंगों का छेदन होने लगता है। उनछिन्न भिन्न अङ्गोंका मांस कुत्ते भक्षण करने लगते हैं। तब वे रोते हैं॥४७ जब वे मुँह फाड़ २ कर रोते हैं तो यमदूत उनके मुँह में रेतीभर देते हैं। रस्सियों से बांधकर कई यमदूत मुग्दरों से पीटने लगते हैं ॥४८॥ कई एक यमदूत लकड़ी की भांति पापी को क्रकच के द्वारा बीच में से दो करके चीर डालते हैं। कितने एक यमदूत नारकी को पृथ्वी पर पटक कर कुल्हाड़े से

श्वानो भक्षयन्ति रुदंतिते ।४७। रुदंतस्ते ततो दूतेमुखमापूर्य रेणुभिः। निबध्यविविधैःपाशैर्हन्यन्ते केपि मुग्दरैः ।४८। पापिनः केपि भिद्यंते क्रकचैः काष्ठवद् द्विधा ॥ क्षिप्त्वाचान्ये धरा पृष्ठे कुठारैःखंडशः कृताः । ४९ । अर्द्ध खात्वावटे केचित् भिद्यंते मूर्ध्निसायकैः। अपरेयन्त्रमध्यस्थाः पीड्यंतेचेक्षुदंडवत् ।५०। केचित् प्रज्वलमानैस्तुसांगारैः पूरितो भृशम्। उल्मकैर्वेष्टयित्वा चध्मायन्ते लोहपिंडवत् ।५१।

टुकड़े २ करने लगते हैं। यह यातना सहकरभी शरीर टुकड़े २ होकर भी जुड़ जाता है वह पापात्मा इन्हीं यातनाओं को भोगनेके लिए मरता नहीं ।४९। कई एक यमदूत पृथ्वी को खुदवा, गड़े २ नारकी को आधाकटि तक गाड़ देते हैं फिर धनुष उठा कर पैने २ बाणों द्वारा उसके सिर को बीध डालते, ईख जैसे बेलन में पीड़न किया जाता है उसी प्रकार यन्त्र में डालकर उसका निष्पीडन करने लगते हैं ॥५०॥ कई तो बडी २ लकडियां लेके पापी को चारों तरफ घेर लेते हैं फिर लोहे के पिंड की भांति उसे भी तपाकर लाल करते हैं ॥ ५१॥ कई तो अग्नि कुण्ड में तपे हुए घी में और दूसरे तेल में पापियों को फेंक देते हैं। फिर इसप्रकार उन्हें सेक २ तलते हैं ...

फेंक देते हैं। फिर इसप्रकार उन्हें सेक २ तलते हैं जैसे कि हलवाई कढ़ाई में बड़े तल रहा हो ।५२। कितनेतो पापियों को मदोन्मत्त हाथियों के आगे पटक देते हैं। और कई पापियों के हाथ पैर बांधके औंधा मुख पटक देते हैं ।५३। कई कुओं में पटकदेते हैं। कई पहाड़ों से गिरा देते, कीड़ों के कुण्डों में पटक कर उन्हें कीड़ों से छिदवाते हैं ।५४। कितनेयम दूत तो बिजली के समान चोंच वाले काक पत्ती एवं मांस खोर गीध पत्ती, इनके आगेफेंक देते हैं। वे पत्ती इनके मस्तकोंमें

केचित् घृतमये पाके तैलपाके तथापरे ॥ कटाहक्षिप्तवटावत् प्रक्षिप्यन्ते यतस्ततः ॥५२॥ केचिन्मत्तगजे न्द्राणांक्षिप्यंते पुरतः पथि ॥ वध्वा हस्तौ च पादौ च क्रियन्ते केप्यधो मुखाः ॥५३॥ क्षिप्यंते केपि कूपेषु पात्यंते केऽपि पर्वतात् ॥ निमग्नाः क्रिमिकुंडेषु तुद्यंते क्रिमिभिः परे ॥५४॥ वज्रतुंडैर्महाकाकैः-गृध्रैरामिषः गृध्नुभिः निष्कृष्यन्ते शिरोदेशे नेत्रे वास्ये च चंचुभिः ॥५५॥ ऋणाँ वै प्रार्थयंत्यन्ये देहि देहि धनं मम ॥ यमलोके मया दृष्टा धनं मे भक्षितं त्वया ।५६। एवं विवदमानानां पापिनाँ नर

आंखों में चोंच मार २ कर मांस की बोटियां खींच लेते हैं ।५५। कई नारकी तो आपस में लैन दैनका झगड़ा भी करने लग जाते हैं अर्थात् तुमने मुझसे इतना धन कर्ज में लिया था तब से दिखाई नहीं दिया। इस लोकमें मैंने तुझेदेखा है अब तो मेरा ऋण चुका दे ॥५६॥ नरकालय में इस प्रकार लैन देनका झगड़ा करने वालोंको यमदूत खूब निर्णय करते हैं कर्ज

देने वाले के उत्तम २ अङ्गों से मांसके टुकड़े काट काट कर लेने वाले को देते हैं ।५७। इसी प्रकार यमदूत उन नारकीयों की ताड़ना करके फिर वहां से खींच करके तामिश्र आदि घोर नरकों में डाल देते हैं ।५८। उस शाल्मली वृक्ष के निकट हे गरुड़ ! बहुत से दुःखों से युक्त नरक है । उन नरकों में पड़ने से बड़ा भारी दुःख प्राप्त होता है बहु दुःख वाणी द्वारा वर्णन

कालये । छित्वा संबंशकैर्दूता माँसखंडान् ददंयि च ।५७। एवं संतज्य तान् दूताः संकृष्य यमशासनात् । तामिश्रादिषु घोरेषु क्षिप्यंते नरकेषु च । ५८ । नरका दुःखबहुलास्तत्र वृक्षसमीपतः । तेष्वस्ति यन्महद्दुःखं तद्वाचा मगयगाचरम् । ५६ । चतुरशीतिलक्षाणि नरकाःसंति खेचर । तेषां मध्ये घोरतमा घोरयास्त्वेकविंशतिः । ६० । तामिश्रो लोहशंकुश्च महारौरव शाल्मली । रौरव कुड्मलः कालसूत्रकः पूतिमृत्तिकः । ६१ । संघातोलोहितोदश्च सविषः संप्रतापनः । महानरयकोलो संजीवन महापथौ । ६२ । अवीचिरंधतामिश्रः कुंभीपाकस्तथैवचः । संप्रतापननामैकस्तपनस्त्वेकविं-

नहीं किया जा सकता ।।५६।। हे गरुड़ ! ८४ लाख नरक हैं उनमें भयानक मुख्य २, २१ नरक हैं ।६०। उन २१ नरकों के नाम यह हैं । तामिश्र १ लोहशंकु २, महारौरव ३, शाल्मली ४, रौरव ५, कुड्मल ६, काल सूत्रक ७, पूति मृत्तिक ८।६१ संघात ६, लोहितोद १०, सविष ११, संप्रतापन १२, महानिरय १३, काकोल १४, संजीवन १५ महापथ १६, ।६२।

अवीचि १७ अंधतामिश्र १८ कुम्भीपाक १६, संप्रतापन २७, तपन २१, ये इक्कीस नरक मुख्य हैं ॥६३॥ ये नरक अत्यन्त पीड़ा देने वाले हैं इन सबके अनेकों भेद कल्पना किए जाते हैं। इन नरकों द्वारा नारकियों को नाना प्रकार कर्मों का फल भोगना पड़ता है और अनेकों यमदूत इनको यातनाएं देने के लिए अधिष्ठाता बन रहे हैं ॥ ४॥ इन्हीं में पापी धर्मरहित मूढ़ पड़कर कल्पों तक नरक यातनाएं भोगते हैं ॥६५॥ इनमें तामिश्र, अन्यतामिश्र, रौरव आदि नरकों में विषय वासना के

शनिः ॥६३॥ नानापीडामयाः सर्वे नानाभेदैः प्रकल्पिताः॥ नानापाकविपाकश्च किंकरोद्यैरधिष्ठिताः ॥६४॥ एतेषु पतितामूढ़ाः पापिष्ठा धर्मवर्जिताः ।। यत्र भुंजंति कल्पांते तास्ता नरकयातनाः ।६५। यास्तामिस्त्रांधतामिश्रा रौरवाद्यश्च यातना भुक्तरो वा नारी वा मिथः संगेन निर्मिताः ।६६। एवं कुटुम्बं विभ्राण उदरंभर एव च ॥ बिसर्ज्येहोभयं प्रेत्य भुंक्ते तत्फलमीदृशम् ॥६७॥ एकः प्रपद्यते ध्यांतः हित्वेदे कलेवरम् ॥ कुशलेतरपाथेयो भूतद्रोहेण यत्कृतम् ॥६८॥ दैवेनासादितं यस्तु शंबलं

सुख भोगने के लिए जो स्त्री पुरुष परस्पर संग करते हैं वेही पड़ते हैं। केवल संतान की अभिलाषा से ऋतु कालाभिगामी नहीं पड़ते।६६। जो मनुष्य ईश्वर के निमित्त कुछ दान न कर अपने कुटुम्ब की पालना में लगा रहता है, अपना ही पेट भरना जानता है वह कुटुम्ब तथा शरीर को छोड़ कर इसी प्रकार के नरकों में पडता और फल पाता है ॥ ६७॥ जो मनुष्य प्राणियों के साथ वैर कर अपने शरीर की पालना में तत्पर रहता, वह जब अपने शरीर को छोड़ता है तो उसके पल्ले

यममार्ग का केवल पाप बन्धा रहता, और वह अकेला इसी प्रकार के नरकों में पड़ता है ।६८। जो अशुभ कर्म करके अपने कुटम्ब की पालन करता है, उन्हीं कर्मों द्वारा (प्रारब्ध बनता है, उसी प्रारब्ध से प्राप्त कराये गये फल को नरक में स्वयं प्राप्त करता है जैसे धन के चुराये जाने पर जीव दुखी होता है, तैसे यह भी नरक में दुखी होता है ।६९। अधर्म

निरयेपुमान् । भुंक्ते कुटुम्बपोषस्य हृतप्रव्यइवातुरः ।६९। केवलेनह्यधर्मेण कुटुम्बभरणोत्सुकः ।। याति जीवोधतामिस्रं चरमंतमसः पदम् ।।७०।। अधस्तान्नरलोकस्य यावतीर्यातनादयः । क्रमशःसम-नुक्रम्य पुनरत्राव्रजेच्छुचिः ।।७१।। इति श्री गरुड़पुराणे सारो० भगवत् गरुड़ सम्वादे तृतीयोऽध्यायः।३।

गरुड़ उवाच । कैर्गच्छंतिमहामार्गे वैतरिण्यां पतन्तिकैः । कैः पापैर्नरकंयांति तन्मे कथय केशव ।१। श्रीभगवानुवाच । सदैवाकर्मनिरताः शुभ कर्मपराङ्मुखाः । नरकान्नारकंयाँति दुःखाद्दुःखं

करके जो कुटुम्ब का पालन करता है वह अन्तिम नरक जो अंधतामिस्र है उसी में पड़ता ।।७०।। इसी प्रकार हे गरुड़ नरलोक के नीचे जितने भी यातना आदि नरक हैं उन्हें क्रम पूर्वक भोग कर पापों से रहित एवं शुद्ध हो फिर वह इस लोक में मनुष्य जन्म लेकर आता है ।।७१।।

इति श्री गरुड़ पुराणे सारोद्धारेशास्त्रि हरिश्चन्द्र कृतायां सरला टीकायां तृतीयोऽध्यायः ।।३।।

इस प्रकार नरक यातनाओं का वर्णन सुनकर गरुड़ फिर पूछते हैं कि हे केशव ! किन पाप कर्मों से जीव यम मार्ग

मैं जाता, तथा वैतरणी नदी में पड़ता, तथा किन पापों से नरक में जाता है कृपा करके यह मुझे विस्तार पूर्वक सुनाइये ।१।

में जाता, तथा वैतरणी नदी में पडता, तथा किन पापों से नरक में जाता है कृपा करके यह मुझे विस्तार पूर्वक सुनाइये ।१। श्री भगवान बोले-कि हे गरुड़ ! जो पुरुष सर्वदा पापा करमों में फंसे रहते, और शुभ करमों की निन्दाकर, उनसेविरुद्ध होकर चलते हैं । वे ही पापी लोग एक नरक से निकल कर दूसरे नरक में पडते हैं, एवं एक दुःख से निवृत्त हो, दूसरा दुख भोगते हैं तथा एक भय से छूट, दूसरे नरक में पडते हैं ॥२॥ हे गरुड़ ! हम पहिले कह आते हैं कि धर्मराज की पुरी जाने को

भयाद्भयम् । २।। धर्मराजपुरेयांतित्रिभिर्द्वारैस्तुधार्मिकाः ।। पापास्तुदक्षिणद्वारमार्गेणैवव्रजंतियत् ।।३।। अस्मिन्नेवमहादुःखेमार्गेवैतरणीनदी ।। तत्रयेपापिनोयांतितानहंकथयामिते ।।४।। ब्रह्मघ्नाश्चसुरापाश्च गोघ्ना वा बालघातकाः ।। स्त्रीघाती गर्भपाती च ये च प्रच्छन्नपापिनः ।।५।। ये हरंति गुरोर्द्रव्यं

चार दरवाजे हैं उन चारों में पूर्व पश्चिम उत्तर की ओर के तीनदरवाजों में से तो धर्मात्मा पुरुष जाते हैं । शेष के दक्षिणी द्वार से पापी पुरुषों का गमन होता है ॥ इसी दक्षिणी द्वार से यमपुर जाने में अत्यन्त दुःख दायी यम मार्ग है । उसी में वैतरणी नदी आती है । उसे लांघकर जाना पड़ता है । और महान घोर दुःख उठाना पड़ता है । अब उसमें जिस प्रकार के पापी पडते, उन्हें आठ श्लोकों में गिन कर सुनाता हूँ ॥४॥ ब्राह्मण की हत्या करने वाले, शराब पीने वाले, गोहत्या करने वाले वाले हत्यारे स्त्री की हत्या करने वाले, गर्भपात कराने वाले, (स्त्री हो या पुरुष कोई भी हो) और जो छुपकर पाप करने वाले विश्वास घाती इस प्रकार के दक्षिणी द्वार वैतरणी में पड़ते हैं ।५। और जो गुरु का धन खाने वाले हों एवं देवता

सम्बन्धी धन खा जांय और ब्रह्मणों का धन हरण करलें स्त्रियों का धन हरलें अथवा पीछे न दें, बच्चों का धन हरलें इस प्रकार के पुरुष वैतरणी में पड़ते हैं ।६। और जो ऋणलेकर वापिस न दें, एवं किसी की रक्खी हुई अमानत पचा जाय, उसे लौटाकर न दे, विश्वास दिलाकर धोखा दे, अन्नमें जहर मिलाकर किसी को मार डाले इस प्रकार के पापी वैतरणी में पड़ते हैं ॥७॥ जो पुरुष दूसरों के दोष ग्रहण कर उसकी निन्दा में लगा रहे, अपने गुणों की स्तुति करे,, गुणवान पुरुषों से

देवद्रव्यं द्विजस्य वा । स्त्रीद्रव्यहारिणो ये च बालद्रव्यहराश्च ये ।६। ये ऋण न प्रयच्छंति ये वैन्यासापहारकाः । निश्वास घातका येच सविषान्नेन मारकाः ।७। दोषग्राही गुणश्लाघी गुणवत्सु च मस्तराः । नीचानुरागिणो मूढ़ाः सत्सङ्गतिपराङ्मुखाः ।८। तीर्थसज्जनसत्कर्मगुरुदेवनिंदकाः । पुराणवेदमीमांसान्याय वेदांतदूषकाः ।६। हर्षिताः दुःखितं दृष्ट्वा हर्षिते दुःखदायकाः । दुष्टवाक्यस्य

ईर्षा रखें नीच पुरुषों से प्रेम करें तथा श्रेष्ठ पुरुषों से विमुख रहे, ऐसे पापी वैतरणी में पडते हैं ।८। तीरथों की सज्जन पुरुषों, श्रेष्ठ करमों, गुरुकी देवताओं की, निन्दा करें, पुराण वेद मीमांसा, न्याय, एव वेदान्त शास्त्र आदिकी तर्कवितर्कता करकर के निन्दा करे, ऐसे वैतरणी में पडते हैं ।६। दूसरों को दुःखी देख प्रसन्न होते हैं एवं दूसरे को प्रसन्न देख

कर कर के निन्दा करे, ऐसे वैतरणी में पडते हैं।६। दूसरों को दुःखी देख प्रसन्न होते हैं एवं दूसरे को प्रसन्न देख

कर दुःखी होते हैं, सदा मुँह से गाली गलौज करते हैं। चित्त में सदा दुष्टता रखते हैं ऐसे ही वैतरणी में पड़ते हैं।१०। जो अपनी भलाई की बातें नहीं सुनते, एवं शास्त्रों के बचन भी नहीं सुनते, अभिमान में ऐंठ कर न नम्र होते हैं। स्वयं आप को पंडित मानें, ऐसे ही मूर्ख वैतरणी में पड़ते हैं।११। इसी प्रकार अनेकों प्रकार के पाप कर्म कर्ता धर्म रहित हुए दिन रात रोते २ यम मार्ग में जाते यमदूतों द्वारा वैतरणी में डाले जाते हैं॥१२॥ और पापी जिन्हें यमदूत ताड़ता करते, फिर वे वैतरणी में पड़ते हैं। हे गरुड़! अब उनको भी कहता हूँ।१३। जो माता पिता, गुरुदेव, एवं आचार्य का

वक्तारो दुष्टचित्ताश्च ये सदा ॥ १०॥ न शृण्वंति हितंवाक्यं शास्त्रवार्ता कदापि न ॥ आत्मसंभाविता स्तब्धाः मूढाः पंडितमानिनः। ११ एतेचान्येचबहवःपापिष्ठाधर्मवर्जिताः ॥ गच्छंतेयममार्गे हि रोदमानादिवानिशम् ॥१२॥ यमदूतैस्ताड्यमाना यांति वैतरणीं प्रति ॥ तस्यांपतं तियेपापास्तानहं कथयामिते ॥१३॥ मातरंयेऽवमन्यंते पितरं गुरुदेव च ॥ आचार्य च पि पूज्यं च तस्यां मज्जन्ति ते नराः ॥१४॥ पतिव्रतां साधुशीलां कुलीनां विनयान्वितम् ॥ स्त्रियंत्यजन्ति ये द्वेषात् वैतरण्यां पतंतिते १५।

तथा प्रतिष्ठित पूजनीय पुरुष का अपमान करते, वे वैतरणी में पड़ते हैं,।१४। जो पुरुष पतिव्रता, श्रेष्ठ कुल से उत्पन्न हुई स्त्री द्वेष से छोडता है इसी प्रकार के सुशील पण्डित, धर्मात्मा, पति को द्वेष से स्त्री छोडती है तो ऐसे पापी वैतरणी में पडते हैं॥१५॥ श्रेष्ठ पुरुषों के सहस्रों गुणों को देख, जो द्वेष करते, उनमें दोष ही दोष आरोपण करते रहते हैं

सदा उनकी निंदा करनेमें लगे रहते हैं ऐसे ही पुरुष वैतरणी में पड़ते हैं ॥१६॥ जो ब्राह्मण को जितने प्रमाण के दानकी प्रतिज्ञा करके फिर देते समय दान नहीं देते, और जो अपने घर बुला कर ब्राह्मण को दान पात्र नहीं समझता और नहीं देता ऐसे दोनों ही वैतरणीमें पड़ते हैं, कभी निकलते ही नहीं ।१७। और जो ब्राह्मण को दान करके फिर वह दान हर लेता है दान करके पश्चाताप करता, विदान ब्राह्मण से कर्म काण्ड जप, आदि कराकर दक्षिणा नहीं देता, या पूरी दक्षिणा

सत्पुरुषगुणेष्वेवदोषानारोपयन्तिये ॥ निन्दन्ति तान्सदा द्वेषात् वैतरण्याँ पतन्ति ते ॥१६॥ ब्राह्मणाय प्रतिश्रुत्ययाथार्थं न ददाति यः ॥ आहूय नास्ति यो ब्रूयात्तयोर्वासश्च संततम् ॥१७। स्वयं दत्तापहर्त्ता च दानं दत्वानुतापकः ॥ परवृत्तिहरश्चैवदाने दत्ते निवारकः ॥१८॥ यज्ञविध्वंसकश्चैव कथाभंगकर श्च यः ॥ क्षेत्रसीमाहरश्चैव यश्चगोचरकर्षकः ॥१६॥ ब्राह्मणोरसविक्रेता यदि स्याद्द पत्नी-

नहीं देता, दूसरे को भी दान देनेसे रोक लेता है और जो आजीविका मिल रही हो उसे जाकर निवारणकर। देता है। ऐसा पापी वैतरणी में पड़ता है ।।१८।। यज्ञों में विघ्न डालकर उन्हें विध्वंस कर, तथा भगवान कथा भगवत कथा होरही वहां जाकरउसे भंग कर देते हैं, गोचर पृथ्वी को अपनी बनाकर उसमें खेती बो देते हैं ऐसे पापी वैतरणी में पड़ते हैं ।।१६।

यदि ब्राह्मण घी, तेल गुड़ खांड़, दूध आदि रस पदार्थ का व्यौपार करें, और शूद्रा स्त्री को घर में रक्खे, वेदोक्त यज्ञों के अतिरिक्त अपने पेट के लिए पशु मार २ कर मांस खानेलगे, तैसा ब्राह्मण वैतरणी में पड़ता है ॥ २०॥ और जो ब्राह्मणत्वसेभ्रष्ट हो अर्थात् सन्ध्या बन्दन, सेवा पूजा आदि नहीं करता, मांस खाता, मद्य पीता, किसी की भी आज्ञा पर न चल कर सत्शास्त्र आदि ग्रन्थों का अध्ययन न करे ऐसा पापी वैतरणी में पड़ता है ॥२१॥ और शूद्र होकर वेदपढ़े कपिला गौ का दुग्ध पान करे,

पतिः ॥ वेदोक्तयज्ञादन्यत्र स्वात्मार्थं पशुमारकः ॥२०॥ ब्रह्मकर्मपरिभ्रष्टो मांसभोक्ता च मद्यपः उच्छृं खल स्वभावो यः शास्त्राध्ययनवर्जितः ॥२१॥वेदाक्षरं पठेत् शूद्रःकापिलं यः पिवेत् ॥ धारयेत् ब्रह्मसूत्रं च भवेद्वा ब्रह्मणीपतिः ॥२२॥ राजभार्याभिलाषी च परदारापहारकः ॥ कन्यायां कामुकश्चैव सतीनां दूषकश्च यः ॥२३॥ एते चान्ये च वहवो निषिद्धाचरणोत्सुकाः ॥ विहितत्यागिनो मूढा वैतरिण्यां पतंतिते ॥२४॥ सर्व मार्गमतिक्रम्य यांति पापा यमालये ॥ पुनर्यमाज्ञयागत्य दूतास्तस्यां क्षिपन्ति

(यज्ञोपवीत) पहनले और ब्राह्मणी के साथ विवाह करले ऐसा वैतरणी में पड़ता है ॥२२॥ और जो राजा की स्त्री कीअभिलाषा करे, पर स्त्री का हरणकरे और कुँवारी कन्याका सत्त भङ्गकरे, एवंसती स्त्रियों के सतीत्व को दूषितकरे ऐसा पापी वैतरणी में पड़ता है ॥२३॥ बहुत से वेद शास्त्रों से निसद्ध आचरण करने वाले शास्त्र विधि को छोड़ कर मन माने कर्म करने वाले मूढ़ परुष वैतरणी में पड़ते हैं ॥२४॥ इस प्रकार के पापी ही यम मार्ग को लांघ कर यमपुर जाते हैं फिर यमराज की आज्ञात सेयमदू

उन्हें वैतरणी में पटक देते हैं ॥२५॥ हे गरुड़! सब नरकों में मुख्यतः २१ नरक हैं, उनमें भी दुख देनेवाली वैतरणी नदी मुख्य है। इसीलिये पूर्वोक्त पापियों को इसी में पटकते हैं ॥२६॥ जिन पुरुषों ने कृष्णागौका दान नहीं किया, और न जिनकी और्ध्य देनिक [परलोक सुधार ने वाली] क्रियाएँ हुई हैं, ऐसे जीव वैतरणी में अनेकों प्रकार के दुःख भोगपीछे वैतरणी के तीर पर शाल्मली वृक्ष के नीचे आते, तथा यातनाएँ भोगते हैं [इति तृतीयेन सम्बन्धः] ॥२७॥ जो झूठ की

तान् ।२५। ये वै धुरन्धरा सर्वे धौरेयाणां खगाधिपः ॥ अतस्तस्यांप्रक्षिपंति वैतरण्यां च पापिनः । २६। कृष्णा गौर्यदि नो दत्ता नौर्ध्वदेहक्रियाः कृताः । तस्यांभुक्त्वा महद्दुःखंयांतिवृक्षं तटोद्भवम् ।२७। कूटसाक्ष्यप्रदातारः कूटधर्मपरायणाःछलेनार्जनसंसक्ताश्चौर्यवृत्या च जीवनः ।२८। छेदयंत्यनिवृक्षांश्च वनारामविभंजकाः ॥ व्रतं तीर्थं परित्यज्य विधवाशीलनाशकाः ।२९। भर्तारंदूषयेन्नारी परं मनसि-

साक्षी देते हैं। वेद विरुद्ध धर्म जो कूट धर्म है उसे धारण करते हैं, एवं कपट द्वारा धन जोड़ते हैं चोरी करके आजीविका करते हैं ॥२०॥ जो बड़े २ मोटे वृक्षों को काट डालते हैं, बहुत से फलों वाले वनों को एवं बहुत फूलों वाले बगीचों को उजाड़ देते हैं। कोई भी व्रत नहीं करते, न किसी तीर्थपर जाते हैं। विधान स्त्रियों के सतीत्वको नाश करते हैं ।२९॥ कोई स्त्री भी अपने पति को नपुसकता का दोष देकर पर पुरुष को अपना लेती है ऐसी स्त्रियां तथा उपरोक्त पापी शाल्मली वृक्षके

नीचे यातनाएँ भोगते हैं ॥३०॥ ताड़नाएँ पाकर जो पापी गिर जाते हैं; उन्हें पकड़ यमदूत नरकों में डाल देते

नीचे यातनाएँ भोगते हैं ॥३०॥ ताड़नाएँ पाकर जो पापी गिर जाते हैं: उन्हें पकड़ यतदूत नरकों में डाल देते उन्हीं पापियोंको हे गरुड़ ! मैंसुनाता हूँ ।३१। वेद एवं जगतके कर्ता ईश्वर को नहीं मानते ऐसे नास्तिक लोग और परम्परा से चली आई धर्म मर्यादा को ताड़ने वाले और अपने लिये धनका खर्चन करने वाले कदर्य पुरुष एवं विषयवासना रखने वाले धर्म का झूठा दम्भ दिखाने वाले, किसी के उपकार को नाश करने वाले कृतघ्न ये पापी नरक में जाते हैं ॥३२॥ कूए,

धारयेत् ॥ इत्याद्याः शाल्मली वृक्षे भुंजते वहुताडनम् ॥३०॥ ताडनात्पतितान्दूताः क्षिपतिनरकेषुतान्॥ हतंतितेषुयेपापस्तानहं कथयामिते ॥३१। नास्तिकाभिन्नमर्यादाः कदर्या विषयात्मिकाः॥दांभिकाश्चकृतघ्नाश्चते वै नरकगामिनः।३२।कूपानांचतडागानां वापीनांदेवसद्मनाम्॥प्रजागृहाणभेत्ता स्तेवैनरकगामिनः ।३३। विसृज्याश्नंति ये दाराञ्छिशून्भृत्यांस्तथा गुरून् ॥उत्सृज्यपितृदेवेज्यास्ते वै नरकगामिनः ।३४। शंकुभिः सेतुभिः काष्ठैः पाषाणैः कंटकैस्तथा ॥ ये मार्गमुपरुंधंति ते वै नरकगामिनः।३५।

तालाब, बावड़ियें, देवमन्दिर, लोगो के घर, इत्यादि तोड़ने वाले नरक में जाते हैं ।३३। जो अपनी स्त्री, बच्चे, नौकर, एवं माता पिता आदि गुरुजनों को किसी बहाने से कहीं भेजकर अकेले मिष्टान्न खाते हैं, एवं पितृ यज्ञ, वैश्य देवादि बलियें नकरके तथा भगवान को नैवेद्य अर्पण करने बिना वैसेही भोजन करते हैं नरकगामी होते हैं ।३४। जो कोई लोहे की कीलों से मर्यादा मार्ग के मध्य में पुल बांध देनेसे एवं लकड़ियां पत्थर तथा कांटे बिछा देनेसे मार्ग बन्द करते हैं ऐसे पुरुष नरकों में

पड़ते हैं ।।३५।। जो विष्णु, शिव, सूर्य, गणेश आदि देवताओं की तथा माता पिता, विद्यागुरु आदि श्रेष्ठपुरुषों की पूजासत्कारनहीं करते ऐसे ही पुरुष नरकगामी होते हैं ।३६। जो ब्राह्मण होकर दासी से दुष्ट सङ्ग करते, या शूद्रा स्त्री से सन्तति उत्पन्न करते हैं वे ब्राह्मणत्व से गिर चुके हैं उन्हें ब्राह्मण समझना भूल है ।३७। इस प्रकार के पर स्त्री लम्पट अधमब्राह्मण कभी नमस्कार के योग्य नहीं एवं उनकी पूजा सत्कार करना पाप है, ऐसे ही ब्राह्मणाधम निश्चय ही नरक गामी होते हैं ।३८। जो

हरि हर सूर्य गणेशादीन् सद्गुरून् हितभाषिणः ।। विदुषो ये न पूजन्ति ते नरानरकगामिनः ।।३६।। आरोप्य दासीशयने विप्रो गच्छेदधोगतिम् ।। प्रजामुत्पद्य शूद्रायाँ ब्राह्मण्डादेव हीयते ।।३७।। ननम-स्कारयोग्याहितैकदापिद्विजोऽधमाः। नपूज्या :सति ये मूढास्तेवैनरकगामिनः ।३८। ब्राह्मणानांचकलहं गोयुद्धकलहप्रियाः । नवर्जंत्यनुमोदं ते वैनरकगामिनः ।३९। अनन्तशरणस्त्रीऋतुकालव्यतिक्रमम् येप्रवर्जन्तिविद्वेषात्ते वैनरकगामिनः ।।४०।। येपिगच्छन्तिकामांधानरानारीं रजस्वलाम् ।। पर्वस्वप्सुदिवा-

परस्पर लड़ते हुए ब्राह्मणों को, गौओंको देखकर नहीं रोकते प्रसन्न होते हैं लड़ते की सहायता करते हैं ऐसे ही पुरुष निश्चय ही नरक गामी होते हैं ।३९। जो पतिव्रतायें अपने पति को छोड़कर अन्य की शरण में नहीं जाती उन्हें ऋतु काल में द्वेषकेकारण पति होकर भी ऋतु दान नहीं करते ऐसे पुरुष नरक गामी होते हैं ।४०। जो कामान्ध होकर रजस्वलास्त्री से गमन करते एकादशी आदि किसी पर्वका भी विचार नहीं करते पानी में, दिन के समय में श्राद्ध पक्ष में स्त्री गमनकरते हैं वेनरक गामी होते हैं ।४१।

… पानी में, दिन के समय में श्राद्ध पक्ष में स्त्री गमनकरते हैं वे नरक गामी होते हैं ।४१।

जो पुरुष अपने शरीर की विष्टा मूत्र आदि अग्नि में, जलमें, वगीचे में मार्ग में गौशाला में फैंकते हैं वा करते हैं वे नरकों में जाते हैं ॥४२॥ धनुषवाण तलवार आदि प्राणनाशक शस्त्रों के बनाने, तथा बेचने वाले नरकों में जाते हैं ॥४३॥ वैश्य होकर चर्म बेचें जूते आदि का ब्यौपारकरे, एवं स्त्रियाँ केशोंका शृङ्गार करके यौवन बेचें, व्यभिचार करें और विष बेचने वाले ये सब नरक में जाते हैं ॥४४॥ अनाथों पर जो दया नहीं करते श्रेष्ठ पुरुषों से सदा द्वेष भाव रखते अपराध न होने पर भी दण्ड

श्राद्धे तेवै नरकगामिनः ॥४१॥ येशारीरं मलंवन्हौप्रक्षिपंतिजलेपि च ॥ आरामेपथिगोष्ठे वातेवैनरक गामिनः ॥४२॥ शस्त्राणां ये च कर्तारः शराणाँ धनुषा तथा ॥ विक्रेतारश्चयेतेषां तेवैनरकगामिनः ॥४३॥ चर्मविक्रयणोवैश्याः केशविक्रयिकाः स्त्रियः ॥ विषविक्रयिणः सर्वेतेवैनरकगामिनः ॥४४॥अनाथं नानुकंपंतियेसतांद्वेषकारिकाः ॥ बिनापराधं दंडंति तेवैनरकगामिनः ॥४५॥ आशायासमानुप्राप्ता-न्ब्राह्मणानर्थिनोगृहे॥नभोजयंतिपाकेपितेवैनरकगामिनः ॥४६॥ सर्वभूतेष्वविश्वस्तास्तस्थातेषुविनिर्दयाः सर्वभूतेषुजिह्मा येतेवैनरकगामिनः ॥४७। नियमान्समुपादायये चाश्च दजितेंद्रियाः ॥ विप्लापयंतितान्भू

देते हैं ऐसे पुरुष नरक गामी होते हैं ॥४५॥ भोजन की आशा रखकर घर में आये हुए ब्राह्मण को धनाड्य होते हुए भोजन नहीं कराते वे धनवान नरक गामी होते हैं ॥४६॥ जो प्राणिमात्र में विश्वास नहीं करते निर्दय होकर सब प्राणियों में व्यवहार कपटका करते हैं ऐसे मनुष्य नरकगामी होते हैं ॥४७॥ और जों पुरुष व्रत तप आदिका नियम लेकर भी अजितेन्द्रिय होकर

फिर उन नियमों को तोड़ डालते हैं, ऐसे अधम नरक गामी होते हैं।४८। मोक्ष दिलाने वाले गुरुका जो सत्कार नहीं करते एवं पुराणों की कथा सुनाने वाले विद्वान का जो आदर नहीं करते ऐसे पुरुष नरक गामीं होते हैं ॥४९। मित्रों के साथ जो द्रोह करते हैं, एवं एक दूसरे की बनी हुई प्रीति को अपनी चतुराई से जाकर तोड़ डालते हैं तथा किसी की कीहुई आशा को भंग कर डालते हैं, ऐसे ही पापी नरकों में जाते हैं ॥५०॥ और जो कहीं विवाह में जाकर, देव मंदिर में तीर्थों में जाकर

यस्तेवैनरकगामिनः ।४८। अध्यात्मविद्यादातारंनैवमन्यतियेगुरुमम् । तथापुराणवक्तारंतेवैनरकगामिनः ।४९। मित्रद्रोहकरायेच प्रीतिच्छेदकराश्चये ॥ आशाछेदकरायेचतेवैनरकगामिनः ।५०।विवाहंदेवयात्रांचतीर्थसान्विलुंपति ।।सवसेन्नरकेघोरेतस्मान्नायाता पुनः ॥५१॥ अग्निदद्यान्महा पापीगृहेग्रामेतथावने ॥ सनीत्तोयमदूतैश्चवन्हिकुंडेषुपच्यते ॥५२॥ अग्निनदग्धगात्रोसौयदाछायांप्र ॥ नीयतेतदादूतैरसि पत्रवनांतरे ।५३। खड्गतीक्ष्णैश्चतत्पत्रैगात्रच्छेदोयदाभवेत् ॥ तदोचुः शीतलच्छा-

अपने साथ में आये हुए साथियों को लूट लेते हैं अथवा वहां से चुरा लेते हैं ऐसा पुरुष घोर नरक में पड़ता है उससे निकलना भी कठिन हो जाता है।५१। किसी घर, गांव तथा वन में जो नराधम आग लगा देते हैं उन महा पापियों को मृत्यु के अनन्तर ले जाकर यमदूत अग्नि कुण्डों में पकाते हैं।५२॥ जब महा पापियों का सारा शरीर जल जाता है तो वे प्रेत यमदूतों से छाया की याचना करते हैं तब यमदूत तलवार के पत्तों वाले वनमें ले जाते हैं ॥५३॥ वे पत्ते तलवार

की भांति बड़े तीक्ष्ण होते हैं उन्हों पर उन प्रेतों को डालते हैं, पत्तों से ...

की भांति बड़े तीक्ष्ण होते हैं उन्हों पर उन प्रेतों को डालते हैं, पत्तों से अङ्ग कटने लगते हैं तो यमदूत कहते हैं किपापियोअब आरामका सुख लूटो ।५४। प्यासे होकर वे प्रेत यदि पानी मांगते हैं तो उन्हें यमदूत बहुत गरम करके तेल आगे धर देते हैं ।।५५।।और कहते हैं कि लो इसे पीलो, और खा लो । तब पीते ही उनकी अंतड़ियां जल जाती हैं । तबगिर पड़ते हैं ।५ । दुःख भोग२कर जब किसी प्रकार उठते हैं तो दीनों की भांति बहुत बिलापकरते हैं । किन्तु विवश होकर श्वांस भरते हुएकुछ

यांसुखनिद्रांकुरुस्वभोः । ५४ । पानीयं पातुमिच्छन्वैतृषार्तो यदि याचते । पान र्थं तैलमत्युष्णं तदा दूतै प्रदीयते ।५५। पीयतां भुज्यतां पानमन्नमूचुस्तदेति ते । पीतमात्रेण तेनैवदग्धांत्रा निपतंति ते ।।५६।। कथंचित्पुनरुत्थाय प्रलंपति सुदीनवत् :विवशा उच्छ्वसंतश्च ते वक्तुमपि नाशकम् ।५७। युशस्तार्क्ष्य वातनाः पापिनां स्मृताः ।किमेतैर्विस्तरात्प्रोक्तैः सर्वशास्त्रे चभाषिते ।५८। एवं नै क्लिश्यमानास्ते नरा नार्यः सहस्रशः । पच्यंते नरकेघोरे यावदाभूतसंप्लवम् ।५६ । तस्यात्तर्यं

बोल भी नहीं सकते ।५७। इसी प्रकार गरुड़ जी ! पापियों को नरक यातनाएं बहुत हैं । विस्तार पूर्वक वर्णन की क्या आवश्यकता है सबकी सब शास्त्रों में कहदीगई हैं ।५८। इसी प्रकार क्लेशों को प्राप्त होते हुए शहस्रों स्त्रीयां और पुरुष जबतक महाप्रलय नहीं होतीं तबतक नरकों में पड़कर दुःख भोगते हैं ।।५६।। वे सब पापी ब्रह्मजी के अंतिमदिन तक दुःख भोगते रहते हैं । जब महा प्रलय में त्रिलोकीका नाश हो जाता है तब उन नारकीयों का भी नाश होता है । जब फिर से सृष्टि

की उत्पत्ति होती है तो उननारकीयों की भी पापों का अक्षय फल भोगकर उसी नरक में ही उतपत्ति हो जाती है। यमराज की आज्ञा पाकर फिरवेपापी जी पृथ्वी पर आकर स्थावर आदि योनियों में जन्म लेते हैं ॥६०॥ स्थावर योनि उसे कहते हैं कि-वृक्ष, गुल्म (झड़ियां) लता बल्लीए', तिनके एव पर्वत ये न चल फिर सकने वाली स्थावर योनि है। यह योनि महा मोह अज्ञान रूप तमोगुण से संयुक्त है ॥६५॥ इसी प्रकार उपरोक्तवृक्ष आदिस्थावर योनि मेंवे नारकीय क्रमानुसार जन्मएवं मृत्य

फलं भुक्त्वा तत्रैवोत्पद्यते पुनः ॥ यमाज्ञयामहीं प्राप्य भवंति स्थावरादयः ॥६०॥ वृक्षगुल्मलतावल्ली गिरयश्च तृणानि च ॥ स्थावरा इति विख्याता महामोहसमावृताः ॥६१॥ कीटाश्च पशवश्चैव पक्षिणश्च जलेचराः ॥ चतुराशीतिलक्षेपु कथिता देवयोनयः ॥६२॥ एताः सर्वाः परिभ्रम्य ततो यांति मनुष्यताम् ॥ मानुषोऽपिश्वपाकेषुजायंतेनरकागताः तत्रापिपाप चिन्हैस्तेभवंतिबहुदुःखिताः ॥६३॥ गलत्कुष्ठाश्चजन्मांधा महारोगसमाकुलाः ॥ भवंत्येवं नरानार्यः पापचिन्होपलक्षिताः ॥ ६४॥ इति

पाकर फिर देव निर्मित कीड़े, पशुपक्षी, आदि भूचर, नभचर तथा मछली मगर आदि चौरासी लाख योनियों में जन्म लेते और मरते हैं ॥६२॥ इन सब चौरासी लाख योनियों में घूमकर फिर कहीं मनुष्य योनि में वे जीव आते हैं। नरकों से फिर आये हुए उनके पापों के प्रभाव से फिर भी मनुष्य योनि में चण्डाल आदि नीच कुल में उनका जन्म होता है।६३ नीच योनियों में भी पापों के प्रभाव से कई एक तो (कोढ़ी) हो जाते हैं एवं जन्म से अन्धे हो जाते

जन्म होता है।६३ नीच योनियों में भी पापों के प्रभाव से कई एक तो (कोढ़ी) हो जाते हैं एवं जन्म से अन्धे हो जाते

हैं, तथकई एक बड़े २ राज रोगों में फंसे रहते हैं। यह पापों के चिन्ह ही दिखाई देते हैं ॥६४॥

इति श्री गरुड़ पुराणे सारोद्धारे शास्त्रि हरिश्चद्र कृतायां सरला टीकायां नरक प्रद पाप निरूपणं नाम चतुर्थोऽध्यायः ॥४॥

गरुड़ फिर प्रश्न पूछते हैं कि हे भगवान! जिन पापों से जो २ चिन्ह हो जाते हैं और जिस २ योनि में नरकीय जीव जाते हैं वेकृपा करके मुझसे कहिये ॥१॥श्री भगवान कहते हैं कि हे गरुड़! नरक से आये हुये नारकीय पापी जिन पापोंके

श्री गरुड़पुराणे सारोद्धारे नरकप्रदपापचिन्ह निरूपणोनाम चतुर्थोऽध्यायाः ॥ ४ ॥ गरुड़ उवाच येन येन च पापेन यद्यच्चिन्हं प्रजायते ॥ यां यां योनिं च गच्छन्ति तन्मे कथय केशव ॥ १ ॥ श्री भगवानुवाच ॥ यैः पापैर्यांति यां योनिपापिनोनरकागताः ॥ येन पापेन यच्चिन्ह जायते मम तच्छृणु ॥२॥ ब्रह्महा क्षयरोगीस्यात्गोघ्नःस्वात्कुब्जको जडः ॥ कन्याघाती भवेत्कुष्ठी त्रयश्चांडाल योनिषाः३।

द्वारा जिसयोनि में जाते हैं एवं जिसपाप से उन्हें जिस प्रकार का चिन्ह होता है वह मुझसे सुनो ॥ २ ॥ यद्यपि नरकसे आयेहुए पापियों का चाण्डाल जाति में जन्म होता है, उसमें फिर भी ब्रह्म हत्या करने वाला पापीक्षयरोगी होता है गो हत्या करनेवाला पापी कुबड़ा एवं जड़ होता है। कन्या बेचने वाला कुष्ट रोगी, ये चाण्डाल योनि में जन्म पाकर इन रोगों से मुक्त नहीं होते हैं ॥३॥ स्त्री के मारने वाला और गर्भ पात कराने वाला ये दोनों भील जाति में उत्पन्न होकर सारी आयु रोगी रहते हैं। आगम्य स्त्री से गमन करने वाला न पुंसक होता है एवं गुरु की स्त्री से गमन करने वाला दुश्चर्मा होता है। अर्थात् उसके

ऊपर की खाल हाथी के चमड़े की भांति अत्यन्त घृणित काली एवं बदबूदार होती है ॥४॥ मांसखाने वाले के अङ्ग अत्यन्त लाल होते हैं । शरीर के दांत काले होते हैं । न खानेके योग्य वस्तु को लोभ के मारे खाजाने वाला ब्राम्हण जलोदररोगी बड़े पेट वाला होता है ।५। दूसरों को न देकर स्वयं अकेला ही मिष्ठान्न खा जाता है वह गलगुण रोगी होता है । एवं श्राद्ध में जो अशुद्ध अपवित्र अन्न देता है वह चित्रकुष्ठी होता है ॥६॥ अभिमान में आकर जो गुरुका अपमान करता है उसे मिरगी

स्त्रीघाती गर्भपाती च पुलिंदो रोगवान्भवेत् । अगम्यागम नार्षंढो दुश्चर्मा गुरुतल्पगः ।४। माँस भोक्ता तिरक्तांगः श्यावदंतस्तुमद्यः ॥अभक्ष्यभक्ष्यको लौल्यात्ब्राह्मणः स्यान्महोदरः ॥५॥ अदत्वामिष्टम-श्नाद्धि स भवेद्गलगंडव न् ।श्राद्धेन्नमशुचिंदत्वा चित्रकुष्ठी प्रजायते ।६। गुरोर्गर्वेणावम नदपस्मारी भवेन्नरः ॥निंदको वेद शास्त्राणां पांडुरोगीभवेन्ध्रुवम् ।७। कूटसाक्षी भवेन्मूकः काणः स्य त्पंक्तिभेदकः ॥ अनोष्ठः स्याद्विवाहघ्नो जन्मांध पुस्तकं हरत् ॥८॥ गो ब्रह्मण पदाघातात्खंजः पंगुश्च

का रोग होता है । वेद शास्त्रों की निंदा करने वाला निश्चय से पांडु (पीलिया रोगी होता है ॥७॥ झूँटी गवाही देते वाला गूँगा होता है । पंक्ति भेद करने वाला काना होता है । किसी के विवाह में विघ्न डाल ने वाले का होटकटा हुआ होताहै । पुस्तक चुराने वाला जन्मांध होता है ॥८॥ गौ एवं ब्राम्हण को एक पैर से मारने वाला एक पैरसे लंगड़ा और दोनोंपैरसे मारने वाला दोनों पेरों से लंगड़ा होजाता है । असत्यवादी की वाणी गद् २ होजाती है । और उस असत्य को सुनने वाला बहरा

हो जाता है।६। विष देने वाला मूर्खएवं पागल हो जाता है। किसी के घर यादि में आग कगाने वाला खल्वाट (सिर में गंजा) होला है। मांस बेचने वाला दुर्भग (कुरूप दुर्भाग्य) होता है। मांस भक्षक रोगी होता है।११॥ रत्नों का चोर नीच कुलमें तैदा होता है। सोनेके चोर के नाखून खराब होते हैं धातु मात्रा का चोर निर्धन रहता है॥१२॥ अन्न का चोर मूसक बनता है धान्य का चोर शलभ (टिड्डी) का जन्म पाता है। जल चुराने वाला चातक [पपीहा] होता है। यिष का चोर

जायते ॥ गद्गदोनृतवादीस्यात्तच्छ्रोता बधिरो भवेत् ।६॥ गरदः स्याज्जडोन्मत्तः खल्वाटोऽग्नि प्रदायकः ॥ दुर्भगः पल विक्रेता रोगवापन्रमांसभुक ॥ १०॥ हीनजातौ प्रजायेत् रत्नानामपहारकः॥ कुनखी स्वर्णहर्ताः स्याद्धातुमात्रहरोऽधन ।११। अन्नहर्ता भवेदाखुःशलभो धान्यहारकः ॥ चातको जलहर्तास्याद्विषहर्ता च वृश्चिकः। १२ ॥ शाकंपत्र शिखिंहत्वा गंधाश्छुंदरी शुभान् ॥ मधुदंशः पलं गृद्धो लवणं च पिपीलिका ॥ १३ ॥ तांबूलंफलपुष्पादिहर्तास्याद्वानरो वने ॥ उपातृणकार्पासह-

बिच्छू का जन्म पाता है॥ १२ ॥ शाक पत्रों का चोर मोर पक्षी होता है सुन्दर गंध वाली वस्तुओं का अप हर्ता छछूँदरी का जन्म पाता हैं। मधु का चोर मधु मक्षिका होता है। मांस चुराने वाला गीध और नमक चुराने वाला पिपीलिका जन्म पाता है॥१३॥ ताम्बूल पष्प फल आदि चराने वाला बन में बानर होता, जता तिनके लकड़ी कपास चुराने वाला मेष

योनि में जन्म लेता है ॥१४ जो भयानक कर्म अर्थात् हिंसा वृत्ति से आजीविका करने वाला हो मार्ग में आनेवालों को लूटता हो, जिसे शिकार खेलने का व्यसन हो ऐसे पापी कसाई के घर बकरे का जन्म पाते हैं ॥१५॥ जो विषखा कर आत्मघातकरता वह पर्वत पर काला सांप होता है जो निरंकुश होकर किसी की आज्ञा नहीं मानता वह निर्जन वनमें हाथी होता है । १६। जो ब्राह्मण वैश्य देव वलिये नहीं करते जातिकुजाति का विचार न करें भक्ष्य खा लेते हैं वे निर्जन बनमें व्याघ्र होते हैं ।१७।

तास्यान्मेषयोनिषु ॥ १४ ॥यश्चरौद्रोपजी बीचमार्गेसार्थान्विलुपति ॥ मृगयाव्यसनीयस्तुछागः स्याद्वधिक गृहे ॥ १५ ॥ योमृतोविषप नेनकृष्णसर्पोभवेद्गिरौ ॥ निरंकुश स्वभाव स्यात्कुंजरो निर्जने वने ॥१६॥ वैश्वदेवमकर्त्तारः सर्वभक्ष्यश्चये द्विजाः ॥अपरीक्षितभोक्तारोव्याघ्राः स्युर्निर्जने वने ॥१७॥ गायत्री नस्मरेद्यस्तुयोनसंध्यामुपासते ॥ अंतर्दुष्टोवहिः साधुः सभवेत्ब्राह्मणोवकः ॥ १८ ॥ अयाज्ययाजकोविप्रः संभवेद्ग्रामसूकरः ॥ खरोवैबहुयाजित्वात्काकोनिर्मन्त्र भोजनात् ॥ १९ ॥ पात्रे विद्याम-

जो ब्राह्मण गयात्री संध्या नहीं करते मनमें दुष्टता रखकर बाहिर साधुता दिखाते हैं ऐसे ब्राह्मण बगले काजन्म पाते हैं ।१८। यज्ञ करने के अधिकार न रखते वालों से जो यज्ञ कराते हैं वे सूकर होते हैं एव दक्षिणा के लोभी नीचे पुरुषों से यज्ञ करालेते हैं वे गधे का जन्म पाते तथा निमंत्रण दिए बिना किसी के घर भोजन कर लेते हैं बिना बुलाये खा आते हैं वे कौआ होते हैं ।१९।। जो ब्राह्मण सुपात्र को विद्यादान नहीं करता वह बैल होता है । और जो शिष्य हो गुरुकी सेवा नहीं करता वह

पशु होता है ॥२०॥ जो गुरु को हूं तू करके बोले, बाद विवाद करके ब्राह्मण को जीतले ऐसा मनुष्य जहां जल भी न मिलता

हैं ।१६।। जो ब्राह्मण सुपात्र को विद्यादान नहीं करता वह बैल होता है। और जो शिष्य हो गुरुकी सेवा नहीं करता वह

पशु होता है ।।२०।। जो गुरु को हूं तू करके बोले, वाद विवाद करके ब्राह्मण को जीतले ऐसा मनुष्य जहां जल भी न मिलता हो ऐसे बन में ब्रह्मराक्षस होता है २१। प्रतिज्ञा कर जो ब्राह्मण को दान नहीं देता वह सियार होता है । श्रेष्ठपुरुषों का सत्कार नहीं करता वह अग्नि मुख फेत्कार होता है ।।२२।। जो मित्र द्रोही हो वह पर्वत पर गीध होता है और जोवस्तुके बेचने में ठगी करे वह उल्लू होता है । वर्णाश्रम की निंदा करने वाला वनमें कबूतर होता है ।।२३।। जो किसी की आशाभङ्ग

दाता चवलिवर्दो भवेद्द्विजः ।। गुरुसेवामकर्ताच शिष्यः स्यादगोखरः पशुः ।। २० ।। गुरुं हुंकृत्यतु कृत्य विप्रं निर्जित्यवादतः ।। अरण्ये निर्जले देशे जायते ब्रह्मराक्षसः ।। २१ ।। प्रतिश्रुतं द्विजेदानमदत्वा जंबुको भवेत् ।। सतामसत्कारकरः फेत्कारोग्निमुखो भवेत् ।। २२ ।। मित्रध्रुग्गिरि गृध्रः स्यादुलूकः क्रयवंचनात् ।। वर्णाश्रमपरिवादात्कपोतो जायते बने ।। २३ ।। आशाच्छेदकरो यस्तुस्नेहच्छेदकरस्तुयः।। यो द्वेषात्स्त्रीपरित्यागी चक्रवाकश्चिरं भवेत् ।। २४ ।। मातृ पितृ गुरुद्वेषी भगिनी भ्रातृ वै कृत ।। गर्भे-योनौविनष्टः स्याद्यावद्योनिसस्त्रशः श्वश्रूंगालिप्रदानारीनित्यं कलहकारिणी ।। साजलौकाचयूकास्या

करें किन्हीं दो व्यक्तियों के बने प्रेम को छिन्न भिन्नकरे किसी द्वेषके कारण स्त्री का परित्याग करे, इस प्रकार के मनुष्यदूसरे जन्म में चकवे पक्षी होते हैं ।२४। जो माता, पिता, गुरुजनों से द्वेष, भाई बहनों से शत्रुता रखने वाला व्यक्ति जन्मपर्यन्त गर्भ में मृत्यु को प्राप्त होता है ।२५। जो स्त्री अपनी सासुको गालितां देने वाली नित्यही कलहकरने वाली वह दूसरे जन्म में

जलों का, एवं जो पतिको अप्रिय वचन बोलती है वह जूँ होती है ॥२६॥ जो अपने पति को छोड़ पर पुरुषों से प्रेमकरती है, वह बल्गुली का जन्म पा वृक्षों में लटकती गृह गोधा तथा मुख रहित सर्पिणी होती है ॥२७॥ जो अपने गोत्रकाघात करता है, या अपने गोत्र की स्त्री का संग करता है वह तरक्षु एवं शल्लक का जन्मले रीछों की योनिमें पड़ता है ॥ २८ ॥ जो तपस्वी की स्त्री से संग करता है वह कामी रेतीवाले मारवाड़ में पिशाच बनता है । जोछोटी लड़की के साथव्यभिचारकरता है

द्भर्तारंभर्त्सयेच्चया ॥ २६ ॥ स्वपतिं च परित्यज्य परपुंसानुवर्तिनी ॥ बल्गुलीगृहगोधास्याद्द्विमुखीवा- थसर्पिणी ।२७। यः स्वगोत्रोपघाती च स्वगोत्रस्त्रीनिषेवणात् ॥ तरक्षुःशल्लकोभूत्वाऋक्षयोनिषु- जायते ॥ २८ ॥ तापसीगमनात्कामीभवेन्मरुपिशाचकः ॥ अप्राप्तयौवनासंगाद्भवेदजगजरोवने ।२९। गुरुदाराभिलाषी च कृकलासोभवेन्नरः ॥ राज्ञीगत्वाभवेदुष्ट्रः मित्रपत्नीं च गर्दभः । ३० । गुदगोवि- ड्वराहः स्याद्वृषः स्याद्वृषलीपतिः ॥ महाकामी भवेद्यस्तुस्यादश्वः कामलंपटः ॥ ३० ॥ मृत

वह वन में अजगर होता है ॥२६॥ जो गुरुकी स्त्री से बुरी नीयत से अभिलाषा रखता है वह कुम्भकिरड़ा होता है राजा की स्त्री से व्यभिचार करे वे ऊँट होते हैं, मित्र पत्नीसे संग करने वाले गर्दभ होते हैं ॥३०॥ गुदा द्वारा मैथुन करने वाला भएडशूर होता है । शूद्रा स्त्री से व्यभिचार करने वाला बैल होता है जोकामी हो वह लम्पट दूसरे जन्म में घोड़ा होता है।३१।

...होता है । शूद्रा स्त्री से व्यभिचार करने वाला दल होता है जो कामी हो वह लम्पट दूसरे जन्म में घोड़ा होता है।३१।

जो मृतकके एकादशाह का भोजन करता है वह कुत्ता होता है । सारे गांव के यज्ञ पूजन का ठेका लेने वाला दूसरे को आचार्य न होने देने वाला ब्राह्मण देवलक कहा जाता है, मरे पीछे मुर्गे की योनि लेता है ॥ ३२ ॥ देवलक का लक्षण भगवान कहते हैं कि हे गरुड़ ! जो अधम व्र्म्हण धनार्थ देवताओं का पूजन करते हैं वही देवलक कहाते हैं वह पितृ कार्यहव्य श्राद्धादि भोजन के योग्य नहीं ॥३३ ॥ वे महापापी पापों के फलस्वरूपघोर दारुण नरको में पहुँच कर अपने कर्मों का फल भोगफिरमृतलोकमें

स्यैकादशाहंतुभुंजानः श्वाविजायते ॥ लभेद्देवलकोविप्रोयोनिंकुक्कुटसंज्ञकम् ॥३२॥ द्रव्यर्थदेवता पूजां यः करोति द्विजाधमः ॥ सवैदेवलकोनामहव्यकव्येषुगर्हितः ॥ ३३ ॥ महापातकजान्घोरान्नर-कान्प्राप्य दारुणान् ॥ कर्मक्षयेप्रजायंते महापातकिन स्त्विह ॥ ३४ ॥ खरोष्ट्रमहिषीणां हिब्रह्महायोनि-मृच्छति ॥ वृक श्वानशृगालानां सुरापायांतियोनिषु ॥ ३५ ॥ कृमि कीटपतं गत्वंस्वर्णस्तेयीसमाप्नुयात् तृणगुल्मलतात्वंचक्रमशोगुरुतल्पगा : ॥ ३६ ॥ परस्ययोषितंहृत्वान्यासापहरणेनच ॥ ब्रह्मस्वहरणाच्चैव

आ जन्म लेते हैं ब्रह्म हत्या करने वाले पापों का फल नरक भोगकर फिर इस लोक में खर आदि पशुयोनि में जन्म लेते हैं । मदिरा पीने वाले भेड़िया, श्वान एवं सियार योनि में जाते हैं ॥ ३५ ॥ सोने के चुराने वाला कृमिकीट पतंग आदि योनियों में पड़ता है । गुरुस्त्री गामी तृण, गुल्म लताओं में जन्म लेता है ।।३६।। दूसरे की स्त्रीं को हरण करके घर मेंडाललेते

है जो दूसरे की अमानत खाते हैं तथा ब्राह्मण का दान हर लेते हैं ऐसे पापी ब्रह्म राक्षस होजाते हैं ।३७। ब्राह्मण का धन लेना बुरा है । प्रेम से ब्राह्मण के धनको उपभोग करने वाले की सात कुलें नष्ट हो जाती हैं । जो बलपूर्वक चोरी करके ब्राह्मण के धन का उपभोग करता है उसकी चंद्रमा एवं तारामण्डल तक कुलको नाश होता रहता है ।। ३८।। यहसमझिये कि लोहे का चूरा पत्थर का चूरा एवं विष ऐसी चीजों को तो मनुष्य पचा सकता है किंतु ब्राह्मण के धनको तीनों लोकों में कोई

जायते ब्रह्मराक्षसः ।। ३७ ।। ब्रह्मस्वंप्रणद्धुक्तं दहत्यासप्तमंकुलम् ।। बलात्कारेण चौर्येणदहत्याचंद्र-तारकम् ।। ३८ ।। लोहचूर्णाश्मचूर्णंचविषंचजरयेन्नरः ।। ब्रह्मस्वंत्रिषुलोकेषुकः पुमान् जरयिष्यति ।। ३९ ।। ब्रह्मस्वसरसपुष्टानिवाहनानि वलादि च ।। युद्ध कालेविशीर्यं तेसैकताः सेतवोयथा । ४० ।। देवद्रव्योपभोगेन ब्रह्मस्वहरणेन च ।। कुलान्य कुलतांयांतिब्राह्मणातिक्रमेणच ।।४१।। स्वमाश्रितं परि

नहीं पचा सकता ।३९। देखिये किसी राजा ने ब्राह्मणों के धनके द्वारा घोड़े, हाथी सेनायें लीहों वह सबयुद्ध में इस प्रकारनष्ट हो जाती हैं जैसे बादलों के बरसने पर बालू से तैयार की गई पुलकी रेती गिर जाती है ।४०। देव द्रव्य के खा जाने से एवं ब्राह्मण के धन हरण कर खाने से वेद पाठी ब्राह्मण के अनादर करने से कुल नाश होता है ।४१। ब्राह्मण का अतिक्रमण कैसा होता है भगवान् कहते हैं कि वेद शास्त्र आदि ब्रह्म विद्याके जानने वाले विद्वान ब्राह्मणों छोड़कर किसी

अतिक्रमण कैसा होता है भगवान् कहते हैं कि वेद शास्त्र आदि ब्रह्म विद्याके जानने वाले विद्वान ब्राह्मणों छोड़कर किसी

दूसरे ब्राह्मण को बुलाकर जो मनुष्य दान दे देता है यही उस ब्रह्मण का निरादर है ॥४२। अपने पड़ौसमें वेद विद्या न जानने वाला कोई मूर्ख, जातिका ब्राह्मण रहता हो तो उसको छोडकर दूर रहने वाले विद्वान को बुलाकर दान दे देना यह ब्राह्मण अतिक्रमण का दोष नहीं, यह तो वेद विद्या का सत्कार है। दृष्टान्त में जैसे प्रज्वलित अग्नि में होम करने से पुण्य है नकि भस्म में हवन करने से विद्वान सुपात्रको श्रद्धासेदान देना हितकारी है, परन्तु मूर्ख कुपात्र को दान नहीं देना चाहिये ॥४३। इस प्रकार

त्यज्य वेदशास्त्र परायणम। अन्यस्मैद्दीयतेदानं कथ्यतेयमतिक्रमः ।४२। ब्राह्मणातिक्रमोनास्ति विप्रे-वेदविवर्जिते। ज्वलंतमग्निमुत्सृज्यनहिभस्मनिहूयते ॥ ४३ ॥ अतिक्रमेकृतेताद्दर्य भुक्त्वाचनरकान्क्र-मात् ॥ जन्माँधः सन्दरिद्रः स्यान्यदाताकिंतुयाचकः ।४४। स्वदत्तांपरदत्तांवायोहरेच्चवसुंधराम्॥ षष्टि-वर्षसहस्राणि विष्ठायांजायते कृमिः ।४५। स्वयमेवचयोदत्वास्वयमेवोपकर्षति सपापीनरकंयातियावदा-

हे गरुड़जी! जो सुपात्र निरादर करता है तो मूर्खों को दिया हुआ दान भी बेकार है ऐसा पुरुष नरक गामी होता है। यह नरक यातनाओं को भोगकर जन्म से अन्धा होता है, साथ में दरिद्र होकर दाता नहीं रहता याचक होजाता है ॥४४॥ जो परुष ब्राह्मण से अपना दान या किसी दूसरे का दान, की हुई पृथ्वी को ब्राह्मण से छीनलेता है वह साठ हजार वर्ष विष्टा में क्रीड़ा होकर जन्मता मरता रहता है ॥४५। जो पुरुष स्वयं ही पृथ्वी तथा अन्य वस्तु ब्राह्मण के प्रति दान कर आपछीन

लेता है वह पापी महा प्रलय काल पर्यन्त नरको में पड़ा रहता है ।।४६।। आजीविका चलाने वाली पृथ्वी किसी ब्राह्मण कोदान में देकर उसकी यत्न पूर्वक पालना करनी चाहिए, वह पृथ्वी उस ब्राह्मण अन्कोन देने वाली वनी रहे ऐसा प्रबन्ध करतेरहना चाहिए। जो उल्टा उससे छीन लेता है। वह कुत्तेका जन्म पाता है इसपर भी लगड़ा होता है।४७।जिससे कि ब्राह्मण की आजीविका बँध जाय ऐसी वस्तुके दान से लाख गौओं के दान का फल प्राप्त होता है। ब्राह्मण की आजीविकाछीनलेनेसे

भूतसंप्लवम् ।।४६।। दत्वावृत्ति भूमिदानं यत्नतः परिपालयेत् ।। नरक्षतिहरेद्यस्तुसपंगुःश्यादभिजायते।४७। विप्रस्यबृत्तिकरणेलक्षधेनुफलभवेत् ।। विप्रस्य बृत्तिहरणान्मर्कटःश्वा कपिर्भवेत् ।। ४८ ।। एवमादीनि-योनयश्चखगेश्वर ।। स्वकर्म विहित लोकेदृश्यंतेऽत्रशरीरिणाम् ।। ४९ ।। एवंदुष्कर्मकर्त्तारोभुक्त्वानिर-यथातनाम् ।। जायते पापशेषेणप्रोक्तास्त्वेतासुयोनिषु ।। ५० ।। ततोजन्मसहस्त्रेषुप्राप्यतिर्यकशरीरताम्।।

लंगूर, वानर एवं कुत्ते की योनि मिलती है।४८। श्री भगवान कहते हैं कि हे गरुड़ ! अपने २ कर्मों के अनुसार नरकों में दारुण यातना भोगकर फिर पृथ्वी पर जन्म लेने वाले इस प्रकारके निकृष्ट योनियों में जन्म लेते हैं ।।४९।। दुष्टनारकीय निरय यातनाएँ भोग २ कर पूर्वोक्त योनियों में जन्म लेते हैं। इन्हीं चिन्हों और योनियों को देख नारकीय जीव पहिचाने जाते हैं। अन्ध पंगु कुष्ठ आदि चिन्ह कृमि, कीट श्वान आदि योनियां तथा क्षय, अपस्मार, मृगी आदि राजरोगपापियों की निशानी हैं ।।५०।। हजारों जन्म तक गधा, ऊँट बैल आदि तिर्यक योनियों में शरीरों को प्राप्त कर दुःखों को पाते हैं

।।५१।। ये पशु योनियों से छूट, पक्षियों की योनियोंमें पडते हैं । उन योनियों में वर्षा, जाडा धूप आदि के दुःखभोगनेपरमनुष्य का जन्म पांते हैं । ५२ । इसी प्रकार स्त्री के प्रसग से यह जीव गर्भ में आता है फिर गर्भ से लेकर मृत्यु पर्यन्त कष्ट उठाता भरता जन्मता रहता है ।।५३।। हे गरुड ! स्वेदज उद्भिज अण्डज इसी प्रकार जरायुज इन चारों प्रकार की योनियोंवाले भूत प्राणियों के भीतर बार २ जन्म मृत्यु रूप ससार चक्र चल रहा है।। ५४ ।। जैसे कूए में से पानी लाने के लिए रहटऊपर

दुःखानिभारवहनोद्भवादीनिलभंतिते ।। ५१ ।। पक्षिदुःखततोभुक्त्वावृष्टिशीतपोद्भवम् ।। मानुषं लभ-
तेपश्चात्समीभूते शुभाशुभे ।। ५२ ।। स्त्रीपुंसंप्रसंगेन भूत्वा गर्भेक्रमादसौ ।। गर्भादिमरणांतंचप्राप्यदुःखं
म्रियेत्पुनः ।। ५३ ।। समुत्पत्तेर्विनाशश्च जायते कैर्वदेहिनाम् ।। एवं प्रवर्तितंचक्रं भूतग्रामे चतुर्विधे ।४।
घटीयंत्रंयथामर्त्याभ्रमंति मम मायया ।। भूमौ कदाचिन्नरके कर्मपाशमावृता ।। ५५ ।। अदत्तदाना-
च्चभवेद्दरिद्रो दरिद्रभावाच्चकरोति पापम् ।। पापप्रभवान्नरकेप्रयातिपुनर्दरिद्रः पुनरेवपापी ।।५६।।अ-

नीचे आता जाता रहता है वैसे हे गरुड़ ! यह मरणशील प्राणी मेरी माया से कभी पृथ्वी पर, कभी नरकों में अपनेकर्मपाश में बँधे हुए आते रहते हैं ।। ५५ ।। पृथ्वी में आकर दान न करने से दूसरे जन्म में दरिद्र होते हैं । दरिद्रता के कारण पाप करने लगते हैं । पापों के प्रभाव से नरको में पहुंच जाते हैं ।। ५६ ।। अपने किये शुभ अशुभ फल अवश्य भोगने पडते हैं ।

करोड़ों कल्पों के गुजर ने पर भी फल भोगे बिना कर्मों का नाश नहीं होता ।५७।

इति श्री गरुड़ पुराण सरोद्धारे शास्त्रि हरिश्चन्द्र कृतायां सरल टीकायां पाप चिन्ह निरूपणो नाम पचमोऽध्यायः ।५।

गरुड़ बोले केशव ! नरक से आया हुआ जीव माया के गर्भ में कैसे जन्म लेता है एवं गर्भ आदि दुःखों को कैसे भोगता है। यह कृपाकरके कहें ।।१। भगवान बोले हे गरुड़ ! स्त्री पुरुष के प्रसंग द्वारा स्त्री का रज पुरुष का वीर्य यह दोनों जब इकट्ठे

वश्यमेव भोक्तव्य कृतंकर्म शुभाशुभम् ।। नाभुक्तं चीयते कर्म कल्पकोटिशतैरपि ।।५७।। इति श्री गरुड़पुराणे सारो द्धारे पापचिन्ह निरूपणो नाम पंचमोऽध्यायः । ५ । गरुड़ उवाच ।। कथमुत्पद्यते-यातुर्जठरेनरकागतः ।। गर्भादिदुःखंयद्भुङ्क्ते तन्मेकथय केशव ।। १ ।। विष्णुरुवाच ।। स्त्रीपुंसोस्तुप्रसं-गेननिरुद्धे शुक्रशोणिते । यथायंजायतेमर्त्यस्तथावक्ष्याम्यहंतवः । २ । ऋतुमध्येहिपापानांदेहोत्पत्तिः प्रजायते । इन्द्रस्य ब्रह्महत्यास्तियास्मिंस्तस्मिंदिनत्रये ।। ३ ।। प्रथमेहनिचाण्डाली द्वितीयेब्रह्मघातिनी।।

होकर गर्भाशय में बन्द हो जाते हैं तब यह मरने वाला प्राणी उत्पन्न होता है वह तुम्हें सुनाताहूं ।२। ॠतु स्नानके चौथे दिनके पहले ही कामांध हो, यदि स्त्री पुरुष का प्रसंग हो, तो ऐसे समय के भीतर पापियों की उत्पत्ति होती है स्त्रियों की ॠतु इन्द्रकी ब्रह्म हत्या है। स्त्री तीन दिन अपवित्र रहती है चौथे दिन स्नान के बाद शुद्ध होती है ।।३।। पहले दिन स्त्री चाण्डालनी दूसरे दिन ब्रह्म घातिनी और तीसरे दिन धोबिन तुल्य है। इन तीनों दिनों के प्रसंग से नरक से आये हुए

प्राणीउत्पन्न होते हैं ।४। गर्भ में आने का ...

प्राणीउत्पन्न होते हैं।४। गर्भ में आने का प्रकरण कहते हैं कि ईश्वर की प्रेरणासे अपने कर्मवश हो, यह जीव वीर्य की बिन्दुओं में आश्रय पा यह स्त्री के उदर में जाता है ॥५। एक ही रात्री में यह वीर्य के मिलने से कलल सुफेद लालआग जैसा होता है फिर पंचरात्रिसे बुलबुला जैसा होता है। दस दिनके अन्तरवही बुद २ बेरके फल जैसा होजाता है। उसके बाद यह अण्डाकार होजाता है।७। पहले महीने सिर दूसरे महीने भुजा आदि अङ्गहोते हैं तीसरे महीने में नाखून, रोम हड्डियां चर्मलिंग आदि

तृतीयेरजकीह्यतानरकागतमातरः ।४। कर्मणादैवनेत्रेणजंतुर्देहोषपत्तये ॥ स्त्रियांः प्रविष्टउदरंपुंसोरेतः कणाश्रयाः ।५। कललंत्वेकरात्रेणपंचरात्रेबुद्बुदम् ॥ दशाहेनतुकर्कंधू पेश्यंडंवाततः परम् ॥ ६ ॥ मासेनतुशिरोद्वाभ्यांबाह्वंगाद्यंगविग्रहः । नखलोमास्थिचर्माणिलिंगच्छिद्रोद्भवस्त्रिभिः ॥ ७ ॥ चतुर्भिर्धातवः सप्तपंचभिःक्षुत्तृडुद्भवः ॥ षड्भिर्जरायुणावीत कुक्षौभ्राम्यतिदक्षिणे ॥ ८ ॥ मातुर्जग्धान्नपानाद्यैरेधद्धातुरसंमते ॥ शेते विण्मूत्रयोर्गर्ते सजंतुर्जंतुसंभवे ॥९॥ कृमिभिःक्षतसर्वाङ्ग सौकुमार्यात्प्रतिक्षणाम्

छिद्र हो जाते हैं।८। चौथे महीने त्वचा मांस, रुधिर, मेदा, मज्जा, अस्तिआदि इनसात धातुओं की उत्पत्ति होती, पांचवेमांस में भूख प्यास लगने लगती है। छटे महीने जेर से लिपटा हुआ दांई कुक्षिकी ओर यह घूमने लगता है ॥ ८ ॥ ऐसे माता से भुक्तअन्नआदि से वढ़ता कीटों से परिपूर्ण दुर्गन्धदार माता के उदर गर्त में सोता है ॥९॥ माता के पेट में कीट आदि जंतु भूखे

लगातार उसके कोमल अंगों का काटते हैं इसीसे क्षत होकर बार २ मूर्छाको प्राप्त होता है ।।१०।। कड़वी, तीक्ष्ण, गर्मनमकीन रूखीकसैली एवं कठोर वस्तु जब कभी माता खालेती है तो उनके स्पर्श होने से तब सारे अङ्गोंमें उसेवेदना होती है, जरायुसेकसाहुआ आंतों के द्वारा आवृत हुआ है ।।११।। नीचेसिरकिये ऊपर की ओर पांवकिये टूटीपीठ वाला हो, सिर को दोनों जानुओंसे मिला गोलसा हुआ पींजरे में कैद हुए पक्षी की भांति वह दुःखित रहता है ।११।। सैकड़ों जन्मों के प्रभाव से ही ईश्वर के नाम की

मूर्च्छामाप्नोत्युक्लेशस्तत्रत्यैःक्षुधितैर्मुहः ।।१०।। कटुतीक्ष्णोष्णलवणरूक्षाम्लादिभिरुल्वणैः ।। मातृभुक्तैरुपस्पृष्टः सर्वांगोत्थितवेदनः उल्वेनसंवृतस्तस्मिन्नन्त्रैश्चवहिरावृतः ।११। आस्तेकृत्वाशिरः कुक्षौ भग्नपृष्ठशिरोधरः । अकल्पः स्वांगचेष्टायांशकुन्त इवपंजरे ।।१२।। तत्रलब्धस्मृतिर्दैवात्कर्मजन्मशतोद्भवम् ।। स्मरन्दीर्घमनुच्छ्वासंशर्मांकिंनामविंदते ।१३। नाथमानऋषिर्भीतः सप्तवध्रि कृतांजलिः ।। स्तुवीतुक्लीवयावाचायेनोदरेस्थापितः ।।१४। आरभ्यसप्तमांन्मासाल्लब्धवोपिवेपितः ।। नैकत्रास्तेसू-

स्मृतिजग उठती है । पुन्य उदय हुआ तो गर्भमें ईश्वर का स्मरण करता है और साथ में दुःख के मारे लम्बे श्वांस भी लेता है ।।१३।। फिर वह जीव सप्तधातुओं से बँधा, पशुकी भांति भयभीत हो, हाथ जोड़कर ऋषियों जैसे जिस ईश्वर ने उसे गर्भ में धारणकिया था, ईश्वर की दीन वाणी द्वारा स्तुति करने लगा ।१४। सातवें मास के लगते ही गर्भ में आये हुये जन्तुको ज्ञान होता है, तथादुःखों को देखकर कांप उठता है । गर्भ में एक जगह टिक नहीं सकता वह विष्ठामें उत्पन्न कीटकी

जन्तुको ज्ञान होता है, तथादुःखी को देखकर कांप उठता है । गर्भ में एक जगह टिक नहीं सकता वह विष्ठामें उत्पन्न कीटकी

भांति उदरमें इधर उधर फिरता है ॥१५॥ इसी ज्ञान के कारण सांसारिक दुःखों को देख वैराग्य युक्त हो ईश्वर की स्तुति करता है जीव कहता है—कि हे प्रभो ! आप लक्ष्मी नाथ जगतके आधार हैं एवं सब पापों का नाश करते हैं, अपनी शरण में आये हुये दीनों की रक्षा करते हैं । घट २ में व्यापक विष्णु भगवान ! मैं आपकी शरण हूँ ॥१६॥हे भगवान ! यह माया जिसके द्वारा मैं मोहित होकर अपने शरीर, पुत्र,कलत्र, आदि में ममताकरके अभिमान करता रहा हूँ इसी से जन्म मरण में

तिवातविष्ठाभूरिवसोदरः ।१५। जीव उवाच ॥ श्रीपति जगदाधारमशुभक्षयकारकम् ॥ ब्रजामिशरणं विष्णुं शरणागतवत्सलम् ।१६। त्वन्माया मोहितोदेहे तथापुत्रकलत्रके ॥ अहंममाभिमानेनगतोऽहंनाथसंसृतिम् ॥१७॥ कृतंपरिजदस्यार्थं मयाकर्म शुभाशुभम् ॥ एकाकीतेन दग्धोऽहं गतास्तेफलभोगिनः ।१८। यदियोन्याः प्रमुच्येऽहंतत्स्मरिस्येपदंतव ॥ तमुपायंकरिष्यामियेनमुक्तिंब्रजाम्यहम् ।१९।विण्मूत्रकूपेपतितो दग्धोऽहंजठराग्निना । इच्छन्नितोविवसितुं कदानिष्कास्यतेबहि ।२०। येनेदृशंमेविज्ञानंदत्तंदीनदया

पड़ाहूँ ॥१७॥ मैंने अभिमान में आकर अपने कुटम्ब के पालन में शभ अशुभ कर्म किये हैं वे तो खा पीकर चलेगये, अब अकेला मैं उनका फल पाता हुआ जल रहा हूँ ॥१७॥ यदि दयालो ! मैं इस योनि से एक बार छूट जाऊँ तो यह अवश्य है कि आपके चरणारविन्दोंका स्मरण करूँगा । जिससे मेरी मुक्ति होजाय ॥१६॥ हे प्रभो ! मैं मलमूत्र के कुए में पड़करजठराग्निसे दग्ध हो रहा हूँ । मैं निकलना चाहता हूँ अब बाहिर निकालो ॥२०॥ आपने ही तो मुझे इस प्रकार ज्ञान दिया है ।

मैं आपकी शरण हूं अब दया कीजिये मेरा फिर जन्म मरण न हो ।२१। हे प्रभो ! आपकी कृपा से यह भी ज्ञान हो रहा है कि मेरे बाहर निकलने पर फिर मुझे संसार चिपट जायगा, फिर पाप कर्मों में प्रवृत्त हो जाऊँगा । अतः अबतो मैं गर्भ से भी निकलना नहीं चाहता ॥२२ । दीनबन्धु ! चाहे यहां गर्भ में भारी दुःख में भी पड़ा हूँ परन्तु उसका विचार नहीं आपके चरणों के आश्रय से अब अपना अवश्य उद्धार करूँगा यह गर्भ में ईश्वर की स्तुति करता है ॥२३॥ श्री भगवान् लुना ॥ तमेवशरणं यामिपुनर्मेमाऽस्तुसंसृतिः ॥२१॥ नचनिर्गन्तुमिच्छामिवहिर्गर्भात्कदाचन ॥ यत्र यातस्यमेपापकर्मणादुर्गतिर्भवेत् ॥२२॥ तस्मादत्र महद्दुःखस्थितोपिविगतक्लमः ॥ ऊद्धरिष्यामिसंसाग-दात्मानंतेपदाश्रयः ॥२३॥ श्रीभगवानुवाच ॥ एवंकृतमगतिगार्भेदशमास्यः स्तुवन्नृषिः ॥ सद्यःक्षिपत्यवा-चीनप्रसूत्यैसूतिमारुतः॥ २४ ॥ तेनावसृष्टःसहसाकृत्वाऽवाक्शिरआतुरः॥विनिष्क्रामतिकृच्छ्रेणनिरुच्छ्-वासोहतस्मृतिः ॥ २६ ॥पतितोभुविविण्मूत्रेविष्ठाभूरिवचेष्ठते ।रोरूयतिगतेज्ञाने विपरीतांगतिंगतः ।२६।

कहते हैं-हेगरुड़ ! यह जीव दसवेंमासतक ईश्वर की स्तुति करता रहता है किंतु नीचे मुखवाले जीवको प्रसूतिपवन झटगर्भ से बाहिर गिरा देता है ।२४। अधो मुख जीव प्रसूति पवन के द्वारा कष्ट से झटपट बाहिर आता है किंतु श्वास एवं पूर्वोक्त ज्ञान स्मृति भी सब जाती रहती है ॥२५॥ गर्भ से बाहर हो विष्ठा कीटकी भांति ज्ञानके नष्ट होजाने पर विपरीत गतिको प्राप्त हुआ जीव उआं २ कर रोता है, तब उसे सम्बन्धी कहते हैं कि बालक का जन्म हुआ है ॥ २६ ॥ गर्भ में रुग्णा-वस्था में श्मशान में एवं पुराण कथा सुनते समय जिस प्रकारका मनुष्यको वैराग्य होजाता है । यदि वही ज्ञान पड़ा के लिए

वस्था में श्मशान में एवं पुराण कथा सुनते समय जिस प्रकारका मनुष्यको वैराग्य होजाता है। यदि वही ज्ञान सदा के लिए रहे तो फिर कौन पुरुष संसार बन्धनसे मुक्तन होजाय ॥२७॥ अपने कर्म भोगों से जीव गर्भ से बाहिर आता है तभी ही विष्णु की माया जीव को मोहित कर लेती है ॥२८॥ तब वह पुरुष माया से मोहित होकर कुछबोल नहीं सकता बचपन के दुःखपराधीन होकर भोगता है।२९। बचपन में दुःख का मुख्य कारण यही है कि मातापिता बालक की इच्छा जाननहीं सकते। दुःख

गर्भेव्याधौ श्मशानेच पुराणेयामतिर्भवेत्। सायदिस्थिरतांयातिकोनमुच्येतबंधनात्।२७। यदागर्भाद्बहिर्यातिकर्मभोगादनंतरम् ॥ तदैववैष्णवीमायामोहयत्येवपुरुषम्।२८। सतदामाययास्पृष्टोनकिंचिद्वदतेऽवशः॥ शैशवादिभवंदुखं पराधीनतयाश्नुते। २९। परच्छंदंनविदुषपुष्यमाणोजनेनसः॥ अनभिप्रेतमापन्नः प्रत्याख्यातुमनीश्वरः ॥ ३० ॥ शायितोऽशुचिपर्यंके जंतुस्वेदजदूषिते ॥ नेशः कंडूयने गात्राणामासनोत्थानचेष्टने।३१। तुदंत्यामत्वचंदंशामशकामत्कुणादयः। रुदंतंविगतज्ञानंकृमयः

एवं भूख में बालक बोल तो सकता नहीं रोनें लगता है रोना सुनकर माता-पिता औषधि दूध आदि दे देते हैं। इसीप्रकारयह पलता रहता है ॥३०॥ खटमल मच्छर आदिसे दूषितखटिया पर सुला देने पर दुःखी होता है न अपने अङ्गोंको खुजलासकता न उठबैठ सकता है ॥३१॥ कीड़े जिस प्रकार कीड़ों को काटते हैं उसी प्रकार ज्ञान रहित असमर्थ एवं रोते हुए बालकका नये

एवं कोमल चमड़े पर खटमल मच्छरादि काट २ कर दुःख देते हैं ॥३२॥ इसी प्रकार बालक अवस्थाभोग पांचवें वर्ष से पौगण्ड अवस्था में आता है उसमें भी विद्या अध्ययन आदिमें गुरुजनों की मार पीटके दुःख भोगने पड़ते हैं फिर आसुरीसम्पत्ति प्राप्त कराने वाली यौवन अवस्था में आता है ।।३३ । इस अवस्था में नीचसङ्गति पाकर दुष्टकर्मकरता हैं दुर्व्यसनोंमें आसक्त हो शास्त्र तथा सत्पुरुषों के साथ द्वेष भाव रखकर कामी बन जाता है ॥३४॥ जब वह प्रभुकी मायारूप स्त्री कोदेखता है तो

क्रमिकंयथा ॥३२॥ इत्येवं शैशवं भुक्त्वा दुखं पौगण्डमेवच ॥ ततोयौवनमासाद्ययातिसंपदमासुरीम् ॥३३॥ तदादुर्व्यसनासक्तो नीचसङ्गपरायणः । शास्त्र-सत्पुरुषाणां च द्वेष्टास्यात्कामलंपटः ॥ ३४ ॥ दृष्ट्वास्त्रियं देवमायांतद्भावैरजितेन्द्रियः । प्रलोभितः पतत्यंधेतमस्यग्ननौपतंगवत् ।३५।कुरङ्गमातङ्ग पतंगभृङ्गमीनाहताः पंचभिरेवपंच। एकः प्रमादीसकथनहन्ययः यसेवतेपंचभिरेवंपंचः ।३६।अलब्धाभीप्सितोज्ञानाद्धवेमन्युः शुचार्पितः ॥ सहदेहेनमात्रेणवर्द्धमानेनमन्युना ॥३७॥ करोतिविग्रहंकामी

उसे ज्ञात नहीं रहता कटाक्षों से अजितेन्द्रिय होकर आग में पतगा की भांति स्त्रीके महामोह में पड़ता है ।३५। तब यह कर्ण, त्वचा नेत्र, जिह्वा, घ्राण आदि पांचों इन्द्रियों के शब्द स्पर्श, रूप, रस गन्ध, इन पांचों विषयों को भोगनेमेंखूबलम्पट हो जाता है ॥३६॥ जवानी में मनोकामना यदि सिद्ध नहीं होती तो उसे क्रोध उत्पन्न हो जाता है । अब जिस २ प्रकार से शरीर बढ़ता है इसी प्रकार क्रोध भी बढ़ता है ।।३७॥ क्रोध में मूर्छित होकर वह कामी स्वार्थ सिद्धकेलिए हस्तियोंके साथ जैसे दूसरे हस्ती लड़ते हैं । वैसेही अधिकबलवान कामियों के साथ लड़कर मृत्यु पाता है ।८। इसी प्रकार हे गरुड़ ! अत्यन्त दुर्लभा

शरीर बढ़ता है उसी प्रकार क्रोध भी बढ़ता है ।।३७।। क्रोध में मूर्छित होकर वह कामी स्वार्थ सिद्धकेलिए हस्तियोंके साथ जैसे

दूसरे हस्ती लड़ते हैं । वैसेही अधिकबलवान कामियों के साथ लड़कर मृत्यु पाता है ।३८। इसी प्रकार हे गरुड़ ! अत्यन्त दुर्लभा मिलने वाला मनुष्य जन्म पाकर भी विषय शक्तिमें व्यर्थनाशकर देता है । इससे बढ़ कर कौन पाप है ।३९। अन्य योनियों सेमनुष्य योनि अतीव दुर्लभ है । और उसमें भी ब्राह्मणतामिलनी अत्यन्त कठिन है । उसका कुछ विचार नहीं करता । भक्तिसेहीन हो हाथ में आये हुये अमृत को गिरा देता है ।।४०। सो चलते २ वृद्धावस्था में प्राप्त हो, रोगों से घिरता है, दुःखी होते २

कामिष्वंताथचात्मनः ।।बलाधिकैःसहान्यैर्तैगजैरन्यैर्गजोयथा।।३८। एवंयोविषयासक्त्यानरत्वमतिदुर्लभम् बृथानाशयतेमूढस्तस्मात्पापतरोहिकः ।। ३९ ।। जातीशतेषुलभतेभुविमानुषत्वं तत्रापि दुर्लभतरंखलु भो द्विजत्वम् ।। यस्तन्नपालयतिलालयतीन्द्रियाणितस्यामृतक्षरतिहस्तगतं प्रमादात् ।४०। ततस्तांवृद्धतां- प्राप्य महाव्याधिसमाकुलः ।। मृत्युंप्राप्यमहद्दुःखं नरकंयाति पूर्ववत् ।४१। एवं गतागतैः कर्मपाशै- र्बद्धाश्चपापिनः ।। कदापिनविरज्यते ममामायाविमोहिताः।४२। इतितेकथितातार्क्ष्यपापिनांनरकीगतिः।

मृत्यु को प्राप्त हो, दुःखदायी नरकों को प्राप्त होता है ।४१। श्री भगवान कहते हैं कि ऐसे आवागमन के चक्रमें फंसाने वाले कर्मपाशों से बंधे हुये वे पापी मुझ ईश्वर की माया से मोहित होकर विषयों से कभी भी वैराग्य नहीं पाता ।४२। हे गरुड़ यह मैंने तुम्हें अन्त्येष्टि आदि अन्तकाल के संस्कारों से होने पापियों की गति सुनादी है । अब कहिये और क्या सुनना

चाहते हैं। ॥४३॥

इति श्री गरुड़ पुराणेसारोद्धारे शास्त्रि हरिश्चन्द्र कृतायां सरलाटीकायां पापिजन्मादि दुःखनिरूपणोनाम षष्टोऽध्याय ॥६॥

सूतजी बोले। जब श्री भगवान के मुखसे गरुड़जी ने नरकों का वर्णन सुना तो पीपल के पत्ते की भांति कांपने लगा। तबलोगों के उपकारके लिये श्री गरुड़ जी ने श्री भगवान से पूँछा ॥१॥ गरुड़ बोले-मनुष्य प्रमादसे अथवा बुद्धि द्वारा सोच

अन्त्येष्टिकर्महीनानां किंभूयः श्रोतुमिच्छसि ॥४३॥ इति श्री गरुड़पुराणे सारोद्धारे पापजन्मादि दुःख निरूपणो नाम षष्ठोऽध्यायः।६। सूत उवाच ॥ इति श्रुत्वातुगरुड़ः कंपतोश्वत्थ पत्रवत् ॥ जनानामुपकारार्थं पुनः पप्रच्छ केशवम्।१।गरुड़ उवाच।कृत्वापापानिमनुजाःप्रमादाद्बुद्धितोपिवा।नयांतिय तनांयाभ्यां। केनोपायेनअथ्यताम्॥ २ ॥संसारार्णवमग्नानांनराणांदीनचेतसाम् पापोपहतबुद्धीनांविषयोपहतात्मानाम्।३। उद्धारार्थं वादिस्वामिन्पुराणार्थविनिश्चयत्। उपायंयेनमनुजा सदगतिंयांतिमाधव।४।

करपाप भी कर बैठे तो कृपा करके कोई ऐसा उपाय बताइये जिससे उनकी यमयातना से मुक्ति हो। २॥ पाप करते रहने से जिनकी बुद्धिनष्ट हो चुकी है, इन्द्रियों के वशीभूत होकर आत्मा जिनकी विषय वासनाओं में लिप्त है, संसार समुद्र में डूब रहे हैं, ऐसे पुरुषों के ॥३॥ उद्धार के लिये हे स्वामिन्! पुराण आदि शास्त्रों से निश्चित कोई उपाय बताइये जिससे वे मनुष्य सदगति को प्राप्त हो ॥४॥ श्री भगवान बोले हे गरुड़! तुमने मनुष्यों की भलाई के लिये बहुत ही उत्तम प्रश्न किया है।

अब सुनो मैं तुम्हें भलीभांति कहता हूं।५। जिसप्रकार की दुर्गति मैंने कही हैं वे तो पुत्र हीन पापी मनुष्यों की। जो

अब सुनो मैं तुम्हें भलीभांति कहता हूं ।५। जिसप्रकार की दुर्गति मैंने कही है वे तो पुत्र हीन पापी मनुष्यों की । जो पुत्रवान धर्मात्मा पुरुष हैं वे कभी भी इन दुर्गतियों में नहीं पड़ते ॥६॥ हां यदि कर्मानुसार घरमें पुत्र नहीं हुआ तो पहिले वह किसी न किसी प्रकार से पुत्र प्राप्ति का उपाय करे ॥७॥ घरमें श्रद्धा पूर्वक हरिवंश पुराण श्रवण करे, और साथ में शतचण्डी का पाठ भी हो, एवं श्री शिव शंकर की आराधना भी करे, इन्हीं उपायों से बुद्धिमान पुत्र प्राप्त करे ।८। पुत्र कोई साधारण

श्रीभगवानुवाच ॥ साधुपृष्टंत्वयाताक्ष्यमनुष्याणांहितायवै ॥शृणुश्वावहितोभूत्वा सर्वंतेकथयाम्यहम् ।५। दुर्गतिः कथितापूर्वमपुत्राणांचपापिनाम् ॥ पुत्रिणाधार्मिकाणातुनकदाचित्खगेश्वर ।६।पुत्रजन्मावरोधः स्याद्यदिकेनापि कर्मणा ॥ तदाकेनाप्युपायेनपुत्रोत्पत्तिंप्रसाधयेत् ॥७॥हरिवंशकथांश्रुत्वा शतचंडीविधानतः ॥ भक्त्या श्री शिवमाराध्यपुत्र मुत्पादयेत्सुधीः ॥८॥ पुन्नाम्नोनरकाद्यस्मात्पितरंत्रायतेसुतः ॥ तस्मा त्पुत्रइतिप्रोक्तः स्वयमेवस्वयंभुवा ॥९॥ ऐकोपिपुत्रोधर्मात्मासर्वंतारयते कुलम्। पुत्रेणलोकांजयते श्रुतिरेषासनातनी ॥१०॥ इतिवेदैरपिप्रोक्तं पुत्रमहात्म्यमुत्तमम् ॥ तस्मात्पुत्रमुखंदृष्ट्वामुच्यतेपैतृका-

वस्तु नहीं इसका अर्थ करते हुए साक्षात् ब्रह्मा कहते हैं कि जो पुनामी नरक से पिता की रक्षा करे एवं वैतरणी आदिनरकों से उद्धार करे उसे पुत्र कहते हैं ऐसे पुत्र से पिता नरकमें नहीं जाते ॥९॥ एक भी यदि धर्मात्मा पुत्र होजाय तो सारे कुल का उद्धार होता है। पुत्र के द्वारा स्वर्ग आदि लोक जीत लेता है । यह अनादि काल की श्रुति है ॥१०॥ पुत्रमुख को देखकर

पितृ सम्बन्धी ऋण से मुक्त होजाता है। इसी प्रकार वेदादि शास्त्रों ने पुत्र का महात्म्य वर्णन किया है ।।११।
जन्म तो और भी उत्तम है इससे देव, पितृ एवं मनुष्य इन तीनों को ऋणों से मुक्ति होजाती है फिर यमलोक को उल्लंघनकर
अपने पुत्र प्रपौत्र द्वारा सीधा स्वर्ग को जाता है ।१२। जिस स्त्री पुरुषों, का विवाह अपने वर्ण में वेदोक्त विधि पूर्वक
होता है ऐसी पत्नियों का नाम शास्त्र ब्राह्मोढाकहते हैं, इन्हीं के द्वाराउत्पन्न पुत्र स्वर्ग में पहुँचाते हैं और रखेलीस्त्री से पैदा

हणात् ।। ११ ।। पौत्रस्यस्पर्शनान्मर्त्योमुच्यतेचऋणत्रयात् ।। लोकानत्येतिदिवः प्राप्तिःप्रपौत्रप्रपौत्रकैः
।।१२।। ब्राह्मोढ़ापुत्रोनयतिसंग्रहीतस्त्वधोनयेत् ।। एवंज्ञात्वा खगश्रेष्ठहीनजातिसुतांस्त्यजेत् ।।१३।।सव-
र्णेभ्यः सवर्णासुयेपुत्रा और साःखग ।। तएव श्राद्धदानेन पितॄणां स्वर्गहेतवः ।।१४।।श्राद्धेनपुत्रदत्तेनर-
वर्तातोतिकिमुच्यते ।। प्रेतोपिपरदत्तेनगतःस्वर्गमथोशृणु ।। १५।। अत्रैवोदाहरिष्येहमितिहासंपुरातनम्।

हुए पुत्र तो नीचे नरकों में गिरादेते हैं इसी कारण हे गरुड़ ! हीन जाति स्त्रीसे उत्पन्नपुत्र श्राद्धादि कार्यों में त्याज्य हैं ।१३।
सवर्ण स्त्री के साथ वेदोक्त विवाह करना उत्तम है, इसी स्त्री से उत्पन्न पुत्र श्राद्धदान आदि से पितरों को स्वर्ग में पहुँचातेहैं।
१४। पितर तो पुत्रों द्वारा किये गये श्राद्ध विधानों से स्वर्ग में जाते हैं इसमें आश्चर्य करने की कोई बात ही नहीं यदिसवर्णस्त्री
से उत्पन्न कोई भी पिण्ड आदि देता है तो उसका भी उद्धारहो जाता है। हे गरुड़ ! यहाँ मैं तुम्हें एक आख्यान भीसुनाताहूँ।१।

यह एक प्राचीन इतिहास है जिस में और्ध्वदैहिक क्रिया का महात्म्य सूचित होता है ।१६। त्रेता युग में महाबलवान धर्मात्मा बभ्रु वाहननामका एक राजा हुआ है । वह महोदयपुरका राजा था ।१७। बड़ा सुशील आचार दया दाक्षिण्यादि गुणों से संयुक्त साधु सज्जनों का सत्कार करने वालायज्ञ दान आदि द्वारा ब्राह्मणों को पूजने वाला था १८। प्रजा को पुत्रवत् पालने वाला, क्षत्री धर्म परायण गुणी एवं परम नीतिज्ञथा ।१९। वह एक समय अपनी सेनाको साथलेकर शिकार

और्ध्वदेहिकदानस्यपरमहात्म्यसूचकम् ॥१६॥ पुरात्रेतायुगेतार्क्ष्यराजासीद्बभ्रु वाहनः । महोदयेपुरेरम्ये-धर्मनिष्ठोमहाबलः ॥१७॥ यज्वादानपतिः श्रीमान्ब्रह्मण्यः साधुवत्सलः ॥ शीलाचारगुणोपेतोदयादाक्षिण्यसंयुतः ॥१८॥ पालयामासधर्मेणप्राजाः पुत्रानिवौरसान् । क्षत्रधर्मतोनित्य सदण्ड्यान्दंडयन्नृपः ।१९। सकदाचिन्महाबाहुः ससैन्योमृगयांगतः ॥ वनं विवेशगहनं नानावृक्षसमन्वितम् ।२०॥ नाना मृगगण कीर्णं नानापक्षिनिनादितम् ॥ वनमध्ये तदाराजामृगंदूरादपश्यत ॥२१॥तेनविद्धोमृगोतीव्र-बाणेनसुदृढेनच॥बाणमादायतं तस्यगानेऽदर्शनमेयिवान् ॥२२॥ कक्षैर्वारुधिरार्द्रैश्चसराजानुजगामतम् ॥

खेलनेके लिये घने वन में पहुँचा ।२०। उसवन में मृगगण विचरण कररहे थे । पक्षिवृन्द सुन्दर मधुर कलकूजन से वन की शोभा बढ़ारहे थे । तब दूरसे ही राजा ने एक मृग को देख कर ।२१। उसीका ही लक्ष्य कर राजा ने बाण छोड़ा मृग विधतो गया, किंतु मरा नहीं । बाण को भी साथ ले वह मृग वहां से भागकर कहीं छुप गया ।२२। मृग के रुधिर के छींटे

कहीं २ दिखाई दे रहे थे, राजाने उन्हीं का अनुसरण कर घोड़ा दौड़ाया भागते २ किसी दूसरे बनमें प्रवेश किया ।२३।घोड़ा दौड़ाते २ राजा थक गया था भूख और प्यास से परेशान था तब दूरसे एक तालाब देखा । वहां पहुँते ही घोड़े के साथ उस तालाब में कूद पड़ा ।२४। सरोवर में कमल खिलरहेथे उनकी सुगन्ध चारों ओर फैलरही थी । बड़ा स्वादु शीतलजल था । राजाने रुचि पूर्वक जल पिया, थकान जातीरही । तब घोड़े के साथ राजा बाहर आया ।।२५।। राजा ने सामने एक अत्यत

ततोमृगप्रसगेनवनमन्यद्विवेशसः ।२३। क्षुत्क्षामकंठोनृपतिःश्रमसंतापमूर्छितः ।। जलाशयंसमासद्य साश्वएवव्यगाहत ।।२४।। पपौतदुदकंशीतं पद्मगंधादिवासितम् ।। ततोवतीर्यसलिलाद्विश्रमो वभ्रुवाहनः ।२५। ददर्शन्यग्रोधतरूं शीतच्छायं मनोहरम् । महाविटपविस्तीर्णपक्षि संघनिनादितम् ।। २६ ।। बनस्यतस्यसर्वस्यमहाकेतुमिवस्थितम् । मूलंतस्यसमासाद्यनिषसादमहीपतिः ।२७।अथप्रेतंददर्शासौक्षुतृड्भ्याव्याकुलेन्द्रियम् । उत्कचंमलिनंकुब्जंनिर्मांसंभीमदर्शनत् ।।२८।। तंदृष्ट्वाविकृतं घोरंविस्मितोवभ्रु

मनोहर शीतल छायावाला, बड़ीर डालियोंसे अत्यन्त विस्तृत एकवट वृक्ष देखा । जिसपर पक्षीगण गुंजन कररहे थे ।२६। वह वृक्ष उस बनकी ध्वजा था । वहां पहुँच कर राजा आराम से बैठगया ।।२७।। थोड़ी देर के बाद राजाने वहां एक प्रेत देखा, वह अत्यन्त भयानक रूपथा । ऊँचे उठे हुए सिरके बालों वाला मलिन एवं कुचील कुबड़ा मांस रहित था । भूखप्यास से जिसकी इन्द्रयां अत्यन्त व्याकुल थीं ।।२८।। इस प्रकार भयानक प्रेत को देखकर राजा आश्चर्य में पड़गया । और वह प्रेतउसघोर

वन में राजा को देखकर।२६। प्रसन्न चित्त होकर राजा के पास पहुँचा तब हे पक्षिराज ! वह प्रेत बोला।३०।हे राजन् ! मैं आपके दर्शन से प्रेत योनि से मुक्तहुआ हूँ । इसी कारण महाबाहो ! मैं अतीव धन्य हूँ ।३१। राजाबोलाकि हे प्रेत ! कौन से पाप कर्म से इस अमङ्गल भयानक दर्शन, प्रेत रूप को तूने प्राप्त किया है ॥३२ हे ! प्रेत होने का कारण मुझे सुना।

वाहनः । प्रेतोपिदृष्ट्वातं घोरामटवीमागतंनृपम् ।२६। समुत्सुकमनोभूत्वातस्यांतिकमुपागतः ॥ अब्रवीत्सतदा तार्क्ष्यप्रेतराजोनृपंवचः ॥३०॥ प्रेतभावोमयात्यक्तः प्राप्तोस्मि परमांगतिम् । त्वत्संयोगान्महाबाहोजातोधन्यतरोस्म्यहम् ॥३१॥ राजोवाच । कृष्णवर्णकरालास्य प्रेतत्वंघोरदर्शनम् । केनकर्मविपाकेनप्राप्तं ते बह्वमंगलम् ॥३२॥ प्रेतत्वकारणं तातब्रूहि सर्वमशेषतः कोसि वं केनदानेन प्रेतत्वंते विनश्यति ।३३। प्रेत उवाच ॥ कथयामिनृपश्रेष्ठ सर्वमेवादितस्तव ॥ प्रेतत्व कारणंश्रुत्वा दयांकर्तु त्वमर्हसि।३४। वैदशंनामनगरं सर्वसंपत्समन्वितम्। नानाजनपदाकीर्णं नानारत्नसमाकुलम् ॥३५॥

और यह भी कह कि तू कौन है ? किस दानसे तेरा यह प्रेतत्व नष्ट होगा ॥३३। प्रेतबोला-हे राजन ! मैं अपनी प्रेत योनि का कारण सुनाता हूं आप अत्यन्त दयालु हैं सुनिये।३४। इसी आर्यावर्तमें धन दौलत से भरपूर नाना-प्रकार के रत्नों के व्यौपार का केन्द्र एवं लक्ष्मी का निवास, वैदश नाम का बड़ा भारी नगर है ॥३५। राज भवन देव मन्दिर एवं ऊँचे २

महल अटटालिकाओं से महल शोभाय मान हैं। धर्मका वहां निवास है तैसे धार्मिक नगर में मेरा घर था और वहां सर्वदा देवार्चनमें लगा रहता ।३६। सुदेव नाम करके प्रसिद्ध मैं वैश्य वर्ण था। हव्य काव्य पदार्थों से देवता तथा पितरों को मैं तृप्त करता था ॥३७॥ अनेकों प्रकारके दानों द्वारा मैंने ब्राह्मणों कोभी तृप्तकिया था। दीन, अन्ध,पंगु, कृपण आदिमनुष्यों

हर्म्यप्रासादशोभाढ्यं नानाधर्मसमन्वितम् ॥ तत्राहंन्यवसंस्तात देवार्चनरतःसदा ॥३६॥ वैश्योजात्या सदेवोहंनाम्ना विदितअस्तुतेः ॥ हव्येनतर्पितादेवाः कव्येनपितरस्तथा ॥ ३६ ॥ विविधैर्दानयोगैश्चविप्राः संतर्पितामया ॥ दीनाँधकृपेणभ्यश्च दत्तमन्नमनेकधा ॥ ३७ ॥ तत्सर्वंनिष्फलंराजन्ममदैवा दुपागतम् यथामेनिष्फलंजातसुकृतंतद्वदामिते ॥३६॥ ममेवसंततिर्नास्तिनसुहृन्नचबांधवः । नचमित्रं हमेयादृक्यः कुर्यादौर्ध्वदेहिकम् ।४०। यस्यनस्यान्महाश्राद्धं मासिकषोडशम् ॥ प्रेतत्वंसुस्थिरं तस्यदत्तैःश्राद्धशतैरपि

कोभी अन्न देता था ॥३८॥ यह सब मेरे सुकृत कर्म हे राजन्! दैवयोग से निष्फल हो गये हैं। इसका कारणसुनिये ॥ ३६ ॥ सब कुछ होते हुए भी घरमें सन्तान नहीं थी न कोई मित्रथा न बन्धु जो और्ध्वदैहिक क्रिया मरे पीछे करे ।४०। हे महाराज मृत्यु के अनन्तर १२ दिनों तक प्रेत क्रिया तेरहीं तथा धर्मशांति श्राद्ध आदि जिनके नहीं होते। अनन्तर सैकड़ों श्राद्ध करने

परभी उनका कुछ नहीं होता। उसका प्रेत होजाना निश्चितही है ॥४१॥ अब कृपा करके महाराज! मेरी और्ध्वदैहिक क्रिया आपही करे तब मेरा उद्धारहोगा। आप राजा हैं। सारे वर्णोंका राजा बन्धु है।४२। हे राजेन्द्र! मैं आपको मणिदेता हूं। इसीके द्वारा मेरी और्ध्व दैहिकक्रिया करके मेरा उद्धार करें जिससे मेरी प्रेत योनि छूटे सद्गति प्राप्त हो।४३। यदि आप मेरा प्रिय करना चाहते हैं तो यही करें ॥४४। भूख प्यास के संकटसे छुडायें। यह योनि मेरे लिये असह्य है।४४।

।४१। त्वमौर्ध्वदैहिकंकृत्वामामुद्धरमहीपते । वर्णानांचसर्वेषां राजाबंधुरिहोच्यते । ४२। मांत्वं-तारयराजेन्द्रमणिरत्नं ददामि ते । यथामेसद्गतिर्भूयात्प्रेतयोनिश्च गच्छति ॥४३॥ यथाकार्यंत्वयावीर-ममचेदिच्छसिप्रियम् ॥ क्षुधातृषादिभिर्दुःखैः प्रेतत्वं दुसहमम । ४४ । स्वादूदकंफलंचास्तिवनेस्मिन् शीतलंशिवम् नप्राप्नोमिक्षुधार्तोऽहंतृषार्तोनजलंक्वचित् ।४५। यदिमेहिभवेद्राजन्विधिर्नारायणेमहान् तदग्रेवेदमन्त्रैश्चक्रियासर्वौर्ध्वदेहिकी । ४६ । तदानश्यतिमेनूनं प्रेतत्वंनात्रसंशयः ॥ वेदमंत्रास्तपोदा।

देखिये! इस वनमें कैसा शीतल एवं स्वादुसुखकारक जल है और अनेकों मधुर फल भी विद्यमानहैं। किन्तु भाग्य हीनमुझ भूखे प्यासे को प्राप्त नहीं होसकते।४५। यदि आप मेरे लिये नारायण बलि करें अन्तर वेद मंत्रों से और्ध्वदैहिकक्रिया करें तो मेराकल्याणहै। ४६। तभी मेरी निश्चियसे प्रेत योनिछूटेगी, इसमें संशय नहीं। क्योंकि वेद मन्त्र, तप दान, सब

प्राणियों में दयाभाव ।।४७।। श्रेष्ठ शास्त्रों का श्रवण, विष्णु भगवान का पूजन, सज्जन पुरुषों की संगति, ये सब प्रेत योनि के विनाश का कारण है ऐसा मैंने सुना है ।।४८।। विष्णु पूजा ही प्रेत योनि से मुक्ति कराती है। मैं अब विष्णु पूजा [नारायण बलि] का विधान कहता हूं। ५ गुँजाहो तो १ माशाहोता है इसी प्रकार १६ माशा हो तो १ सुवर्णहोता है इसी सुवर्ण को दुगना कियाजायतो ३२ माशा हुए इतना वजनसोनान्याय संचित हो उससे नारायण की मूर्ति बनवाये ।।४९।।

न दयासर्वत्रजंतुषु ।४७। सच्छास्त्रश्रवणंविष्णोः पूजासज्जनसंगितः। प्रेतयोनिविनाशाय भवंतीति-मयाश्रुतम् ।४८। अतोवक्ष्यामिते विष्णुपूजां प्रेतत्वनाशिनीम्।। सुवर्णद्वयमानीयसुवर्णं न्यायसंचितम् तस्यनारायणस्यैकां प्रतिमाँभूयकल्पयेत् ।।४९।। पीतवस्त्रयुगच्छन्नांसर्वाभरणभूषिताम् ।।स्नापितांविवि-धैस्तोयैरधिवास्ययजेत्ततः ।५०। पूर्वेतुश्रीधरंन्यस्येद्दक्षिणेमधुसूदनम्। पश्चिमेवामनं देवमुत्तरेचगदाधरम् ।५१। मध्येपितामहंचैवतथादेवंमहेश्वरम्। पूजयेच्चविधानेनगंधपुष्पादिभिः पृथक् ।५२। ततः

उस मूर्ति को पीताम्बर पहिना कर दूसरा पीत वस्त्र ओढ़ावे। फिर आभूषणों से भूषितकरे तीर्थों के जलसे पुरुषसूक्त आदि मन्त्रों तथा नारायणस्तोत्रों से अभिषेक करावे उसके अनन्तर सिंहासन पर पधार कर षोडशोपचार पूजन करे ।५०। नारायण प्रतिमाके पूर्व दिशा में श्रीधर का, दक्षिणमें मधुसूदन का, पश्चिम में वामनदेवका, उत्तर में गदाधरभगवान का पूजन करे ।५१। मध्य में ब्रह्मा तथा (शिव) की गंध पुष्प आदि से पृथक २ पूजा करे ।।५२।। अनन्तर सब की प्रदक्षिणा करे। फिर हवन कर

के देवताओं की तृप्त करे। इसके अनन्तर घृत दधि, एवं दूध से विश्वेदेवा देवताओं का तर्पण करे ॥५३॥ उसके अनन्तर यजमान स्नान करे बड़ी नम्रता से एकाग्र चित्त हो भगवाननरायण के आगे और्ध्व देहिक क्रिया आरम्भ करे।॥५४॥ मन में क्रोध लोभ न हो विधिपूर्वक क्रिया आरम्भ करे तब श्राद्ध पूर्ण करे और वैसे ही वृषोत्सर्ग कर्मकरे ।५५। तदन्तर १३ पद का दान दे एवं शय्यादान दे फिर प्रेत के लिए घट का भी दान दे ॥५६॥ राजा बोला हे प्रेत ! प्रेत घट किस

प्रदक्षिणांकृत्वा वह्निसंतर्प्यदेवताः ॥ घृतेनदध्ना क्षीरेणविश्वेदेवांश्चतर्पयेत् ॥५३॥ ततःस्नातोविनीतात्मा-यजमानः समाहितः ॥ नारायणाग्रेविधिवत्स्वांक्रियामौर्ध्वदेहिकीम् ॥५४॥ आरभेत्यथाशास्त्रं क्रोधलोभविवर्जितः ॥ कुर्याच्छ्राद्धानि सर्वाणिवृषस्योत्सर्जनं तथा ॥५५॥ ततः पदानि विप्रेभ्योदद्याच्चैवत्रयोदश। शय्यादानं प्रदत्वाचघटंप्रेतस्यनिर्वपेत् ॥ ५६ ॥ राजोवाच ॥ कथंप्रेतघटंकुर्याद्दद्यात्केनविधानतः। ब्रूहिसर्वानुकंपार्थंघटंप्रेतविमुक्तिदम् ॥५७॥ प्रेतोवाच ॥ साधुपृष्टंमहाराजकथयामिनिबोधते ॥ प्रेतत्वंनभवेद्येनदानेनसुदृढ़ेनच।५८। दानंप्रेतघटंनामसर्वाशुभ विनाशनम्। दुर्लभं सर्वलोकानां दुर्गति

प्रकार दान करे। यही तो मुक्ति दिलाता है। इसकी पूरी विधि कहो ॥५७॥ प्रेत बोला–हे राजन् ! सुनिये जिस सुदृढ़ दान द्वारा प्रेतत्व का नाश हो जाता है उसे सुनाता हूँ ॥५८॥ यह प्रेत घट उत्तम दान है सब प्रकार के पाप दुर्गति आदिका

चयकारक है। यह सबसे होना कठिन है ॥५६॥ शुद्ध सोने का एक घड़ा दूध एवं घृत से पूर्ण करके उस पर वरुण यमकुवेर आदि लोकपाल तथा ब्रह्मा विष्णु, महादेव का नाम लिखे। फिर घड़े को प्रणाम करके ब्राह्मणको दानदे इसके देने पर फिर किसी प्रकार के दान की आवश्यकता नहीं।६०। घटके मध्यमें ब्रह्मा विष्णु की स्थापना करे उसके कण्ठ पर चारों दिशाओं

चयकारकम् ॥५६॥ संतप्तहाटकमयंतुघटंविधायब्रह्मेशकेशवयुतंसहलोकपालैः॥क्षीराज्यपूर्णविवरंप्रणिपत्य-भक्त्याविप्रायदेहितवदानशतैःकिमन्यैः।६०।ब्रह्मामध्ये तथाविष्णुःशंकरःशंकरोऽव्ययः॥प्राच्यादिषुचतत्कंठेलोकपालान्क्रमेणतु॥६१॥संपूज्य विधिवद्राजन्धूपैःकुसुमचंदनैः॥ ततोदुग्धाज्यसहितंघटंदेयंहिरण्मयम् ॥६२॥ सर्वदानाधिकं चैतन्महापातकनाशनम् । कर्त्तव्यंश्रद्धयाराजन्प्रेतत्वविनिवृत्तये।६३।श्रीभगवानुवाच ॥ एवंसंजल्पतस्तस्यप्रेतेनसहकाश्यप ॥ सैनाजगामानुपदंहस्त्यश्वरथसंकुला ॥६४॥ ततोबले-

में इन्द्र वरुड़ यमकुवेर चार लोकपाल स्थापित करे।६१। हे राजन्! तब धूप दीप चन्दन पुष्प नैवेद्यादि से पूजन कर वह स्वर्ण घट दूध घृत में परिपूर्ण दान करे।६२। बड़े २ ब्रह्म इत्यादि पापों के नाश करने वाला है। यह उत्तम दान है प्रेतत्व की निवृत्ति के लिये श्रद्धा पूर्वक इसका दान अवश्य करना। ६३। श्रीभगवान बोले हे गरुड़! इसी प्रकार राजा एवं प्रेत की बात चीत हो रही थीं कि इतने में हस्ति अश्व रथ आदि राजाकी चतुरंगिनी सेना भी वहाँ आगई।६२। तब प्रेत ने राजा को

महा मणि देवी और श्राद्ध आदि के विधान की प्रार्थना एवं नमस्कार कर के वह प्रेत अदृश्य हो गया ॥६५॥ हे गरुड़ ! वह राजा भी अपने पुरको चल पड़ा। पहुँचकर तब प्रेत के कहे हुये वचनों को ॥६६॥ हे गरुड़ पूर्ण किया। तब और्ध्व दैहिक क्रिया आदि के विधान से एवं पुण्य प्रताप से वह मुक्त हो कर स्वर्ग लोक में गया ॥६७॥ भगवान बोले देखो

समायातेदत्वाराज्ञेमहामणिम ॥ नमस्कृत्यपुनः प्रार्थ्यप्रेतोऽदर्शनमेयिवान् ॥६५॥ तस्माद्वनाद्विनिष्क्रम्यराजापिस्वपुरंययौयतःस्वपुरंसमासाद्यतत्सर्वं प्रेतभाषिम॥६६ ।चकारविधिवत्पक्षिन्नौर्ध्वदेहिकजंविधिम । तस्यपुण्यप्रदानेनप्रेतोमुक्तोदिवंययौ । ६७ । श्राद्धेनपरदत्तेनगतःप्रेतोपिसद्गतिम । किंपुनःपुत्रदत्तेन पितायातीतिचाद्भुतम।६८। इतिहासमिमंपुण्यंशृणोतिश्रावयेच्चयः।नतौप्रेतत्वमायातःपापाचारयुतावपि । ६९ । इति श्री गरुड़पुराणे सारोद्धारे बभ्रुबाहनप्रेतसंस्कारोनाम सप्तमोऽध्यायः ॥ ७ ॥

एक प्रेतने दूसरे के हाथ द्वारा किये गये श्राद्ध से सदगति पाई । पुत्र द्वारा किये गये श्राद्ध से पिता फिर क्यों न सदगति कोप्राप्त हो ॥६८॥ और जो इस पुण्य इतिहास को सुनता एवं सुनाता है ये दोनों पापाचारी भी हों किन्तु प्रेत योनि नहीं पाते ॥६९॥ इति श्री गरुड़ पुराणे सारोद्धारे शास्त्रिहरिश्चन्द्र कृतायांसरलाटीकायां बभ्रु बाहन प्रेत संस्कारो नाम सप्तमोऽध्यायः।७

यह श्रवणकर गरुड़ बोलाकि हे प्रभो ! पुण्यात्माकीअन्त समयकी सबक्रियाएँ एवं अन्त कालिक दानादि पुत्र कर्तव्य पूरे विधानके साथ मुझे सुनाइये ॥१॥ श्रीभगवान बोले तुमने उत्तम प्रश्न किया । यह मनुष्यों का हितकर प्रश्न हैअबसुनअन्त समय का कर्तव्य में कहता हूं ॥२॥ पुरुष जब वृद्ध हो फिर देखै कि शरीर का कोई रोग भी लगा है, एवं घर के

गरुड़ उवाच ॥ आमुष्मिकीं क्रिया सर्वांवदसुकृतिनांमम ॥ कर्तव्यासायथापुत्रैस्तथाचकथयप्रभो ॥१॥ भगवानुवाच साधुपृष्टंत्वयातार्क्ष्यमानुषाणांहितायवै ॥ धार्मिकाहं चयत्कृत्यंतत्सर्वंकथयामिते ।२। सुकृतीवार्धकेदृष्ट्वाशरीरंव्याधिसंयुतम्॥प्रतिकूलान्गृहांश्चैवप्राणघोषस्यच श्रुतिम् ॥३॥तदास्वमरणंज्ञात्वा निर्भयं स्यादतंद्रितः ॥ अज्ञातज्ञातपानां प्रायश्चितं समाचरेत् ॥ ४ ॥ यदास्यादातुरःकालस्तदास्नानंसमारभेत् ॥ पूजनं कारयेद्विष्णोःशालिग्रामस्वरूपिणः। ५॥अर्चयेद्गंधपुष्पैश्चकुंकुमैस्तुलसीदलैः॥॥

स्त्री पुत्रआदि सबके सब मनमानी करते हैं कोई भी आज्ञा नहीं पालता कानों में अंगुली देने से भीतरका प्राण घोष शब्द भी सुनने में नहीं आता तब वह समझले कि अब मेरी छः महीनों में मृत्य होगी ।।३।। इस प्रकार अपनी मृत्यु समझ कर निर्भय हो रहे फिर वे समझे पापों का प्रायश्चित्त करे ।४। इस प्रकार करते २ जब अन्त समय निकट हो तो स्नान करके श्री शालिग्राम विष्णु का पूजनकरे ।५। चन्दनतिलक गन्ध, पुष्प, कुंकुम, तुलसीदल, धूप,दीप नैवेद्य एवं मिष्ठान्नादि

बहुत से मोदकों द्वारापूजन करे ।।६। ब्राह्मणों को दक्षिणा देकर उन्हें भोजनकरावे । और आप आचमन...

बहुत से मोदकों द्वारापूजन करे ॥६। ब्राह्मणों को दक्षिणा देकर उन्हें भोजनकरावे । और आप अष्ठाक्षर मन्त्र तथा द्वादशाक्षर मन्त्र (ओ३म् नमो भगवते वासुदेवाय) इनका जप करे ।७। विष्णु एवं शिवके नाम आप भी स्मरण करे औरोंसे भी सुने । कानों में पड़ा हुआ हरि का नाम पापों को हर लेता है ।८। मृत्यु गामी के पास बान्धवों को शोक करना तथा रोना नहीं चाहिये । श्री भगवान कहते हैं कि मेरे पवित्र नामों का बार २ स्मरण करावें तथा भगवान स्वरूप का ध्यानकरावें ।६।

धूपैर्दीपैश्चनैवेद्यैर्बहुभिर्मोदकादिभिः॥६। दत्वाचदक्षिणांविप्रान्नैवेद्यादेवभोजयेत्।अष्टाक्षरंजपेन्मंत्रंद्वादशाक्षरमेवच ।७। संस्मरेच्छृणुयाच्चैवविष्णोर्नामशिवस्यच । हरेर्नामहरेत्पापंनृणांश्रवणगोचरम् ॥८॥ रोगिणोंतिकमासाद्यशोचनीयोनबांधवैः । स्मरणीयपवित्रंमेनामधेयंचमुहुर्मुहुः ॥६। मत्स्यः कूर्मोवराहश्चनारसिंहवामनः रामोरामश्चकृष्णश्चबुद्धः कल्कीतथैवच ॥ १० ॥ एतानिदशनामानि कर्तव्यानिसदाबुधैः ॥ समीपेरोगिणांब्रूयुर्बांधवास्तेप्रकीर्तिताः ॥ ११ ॥ कृष्णेतिमंगलनामयस्यवाचि

भगवान के अवतारों के नाम जैसे मत्स्य, नृसिंह, वामन, परशराम, राम, कृष्ण, बुद्ध, कल्की ।१०। यह भगवान के दश नाम बन्धु अन्तिम समय वाले को बार २ सुनायें वस सच्चे बन्धु हैं ॥११॥ श्रीकृष्ण, यह नाम जिसकी वाणी पर

है-उसके करोड़ों ब्रह्महत्यादि महापाप शीघ्र ही जलकर भस्म हो जाते हैं। १२। देखिये मरते समय पुत्र नाम नारायण पुकारने वाले अजामिल जैसे पापी का उद्धार होगया, और जो श्रद्धा से भगवान का नाम ग्रहण करें उनके उद्धार में क्या सन्देह है ॥१३॥ पापी यदि भूल से भी हरि का नाम लें तो उसके भी पाप नष्ट होते हैं जैसे कोई अग्नि को भूलकर स्पर्श

प्रवर्तते। तस्यभस्मीभवंत्याशुमहापातककोटयः ॥१२॥ म्रियमाणोहरेर्नामगृणन्पुत्रोपचारितम्। अजामिलोप्यनाद्धामकिंपुनःश्रद्धायागृणन् ।१३। हरिर्हरतिपापानि दुष्टचित्तैरपिस्मृतः॥ अनिच्छयापिसंस्पृष्टोदहत्येवहिपावकः ॥१४॥ हरेर्नाम्नश्चताशक्तःपापनिर्हरणेद्विज ॥ तावत्कर्तुंसमर्थोनपातकंपातकीजन!।१५। किंकरेभ्योयमः प्राहानयध्वंनास्तिकं जनम्। नैवानयतभोदूताहरिनामस्मरन्नरम्।१६। अच्युतं केशवं राम नारायणं कृष्णदामोदरं वासुदेवंहरिम्॥ श्रीधरं माधवं गोपिकावल्लभं जानकी

करता है तो उसे अग्नि जला देती है। उसी प्रकार भगवान के नाम द्वारा समस्त पाप भस्म होजाते हैं। १४। उतनी पाप करने की शक्ति नहीं जितनी कि भगवन्नाम में है भला वह कहांतक पाप करता रहेगा। एकबार भगवन्नामसे सबपापनष्ट होते हैं हे गरुड़! ॥१५॥ यम ने भी अपने दूतों को यह कह रक्खा है कि मेरे पास ऐसे नास्तिक पापियों को लाया करो ऐसे पुरुष को मत लाओ जिसने हरि नाम स्मरण किया हो ॥१६॥ स्मरण करने के लिये नाम—अच्युत, केशव राम नरायण

कृष्ण, दामोदर, वासुदेव, श्री हरि, श्रीधर, माधव, गोपी, वल्लभ, सीता पति आदि हैं ।१७। यह कहते हैं कि जो पुरुष इननामों का स्मरण करते, हैं जैसे कि हे कमल नयन ! वासुदेव, विष्णो धरनी धर अच्युत, इस प्रकारसे पुकार ने वालेपाप रहितपुरुषों को मेरे पास मत लाया करो ॥१८॥ दूतो मेरे यहां तो भगवच्चरणारविंद विमुख असत संसार की तृष्णावाले भगवन्नामन

न यकं रामचन्द्र भजे ॥१७॥ कमलनयनवासुदेवविष्णोधरणिधराच्युतशंखचक्रपाणे ॥ भवशरणमितीरयंतियेवैत्यजभटदूरतरेणतानपापान् ॥१८॥ तानानयध्वमसतोविमुखान्मुकुन्दपादारविन्दमकरंदरसादजस्रम् ॥ निष्किंचनैः परमहंसकुलैरसङ्गैर्जुष्टाद् गृहेनिरयवर्त्मनिबद्धतृष्णान् ॥१९॥ जिव्हानवक्तिभगवद्गुणनामधेयं चेतश्चनस्मरतितच्चरणारविंदम् ॥ कृष्णायनोनमतियच्छिरएकदापितानानयध्वमसतोकृतविष्णुकृत्यान् ॥२०॥ तस्मासंकीर्तनं विष्णोर्जगन्मंगलमंहसाम् ॥ महतामपिपक्षीन्द्रवद्ध्यैकतांक निष्कृतिमि

लेने वाले पापी पुरुषों को लाया करो ॥१९॥ और जिनकी जिव्हा नाम नहीं उच्चारण करती जिनके चित्त में नामका कभी स्मरण नहीं हुआ । और जिनका सिर एक बार भी भगवान के चरण कमलों में नहीं झुका ऐसे पापियों को यमलोक में लाया करो ॥२०॥ इस प्रकार के यमराज के वचन सुनकर श्री भगवान गरुड़ के प्रति कहते हैं कि हे गरुड़ ! ब्रह्म हत्यादिक

बड़े २ पापों के विध्वंस करने वाला यही नाम संकीर्तन उत्तम प्रायश्चित है ॥२१॥ हे पक्षिराज ! हरि विमुख पापियों के लिए और सब प्रायश्चित उसका उद्धार नहीं कर सकते मद्य से भरे हुए घड़े को गङ्गा आदि नदियां कभी पवित्र नहीं करती ।२२। नाम के उच्चारण करने वाले पुरुषों के सब पाप नष्ट हो जाते हैं वे तो स्वप्न में भी नरक यम एवं यमदूतों को देखते

।२१। प्रायश्चित्तानिजीर्णानिनारायणपराङ्मुखम् । ननिष्पुनंतिदुर्बुद्धिंसुराकुंभपिवापगाः । २२ । कृष्णनाम्नाननरकंपश्यंतिगतकिल्बिषाः । यमश्चतद्भटाश्चैवस्वप्नेपिनकदाचन । २३ । मांसास्थिरक्तवत्कायोवैतरिण्यांपतेन्नरः। योऽतेदद्यात्द्विजेभ्यश्चनं दनं दनगामिति ।२४।अतः स्मरेन्महाविष्णोर्नामपापौघनाशनम् ॥ गीतासहस्रनामानिपठेद्वाशृणुयादपि । २५ । एकादशीव्रतंगीतांगंगांबुतुलसीदलम् । विष्णोः पादांबुनामानिमरणेमुक्तिदानिच ।२६। ततः संकल्पयेदन्नं सघृतंचसकांचनम् । सवत्साधेनवो-

नहीं ।२३। और जिन्होंने अंत समय ब्राह्मणों को गौदान की एवं ब्राह्मणों की वाणी से लिए गये श्री कृष्ण का नामही सुन पाया ऐसे पुरुष मांस अस्थि रक्त से पूर्ण वैतरणी नदी में नहीं पड़ते अर्थात् कर्म भोग रूप शरीर में आते ही नहीं ॥२४॥ अतएव पापों को नाश करने वाले विष्णु के नाम का स्मरण करना उत्तम है । श्री विष्णु सहस्रनाम का एवं श्री गीता जी का पाठ करना चाहिए, अथवा सुनना चाहिए ॥२५॥ मरणकाल में एकादशी श्री गीताजी, श्रीगङ्गाजी, तुलसी दल, श्री विष्णु भगवान के चरणात इत्यादि के नाम भी मुक्ति देने वाले हैं ॥२६॥ इस प्रकार नाम का महात्म्य कह कर अब दान का

कहते हैं वह मृत्यु को प्राप्त होने वाला पुरुष वेद पुराण शास्त्र आदि वक्ता ब्राह्मण को घृतके सहित अन्नका संकल्प करे और स्वर्ण दक्षिणा देवे फिर उसी वेदपाठी श्रोत्रिय ब्राह्मण को सवत्सा गौदान करे ।२७। हे पक्षिराज ! अन्तकाल में जो कुछ भी अपने हाथों दान करते हैं, अथवा मरणासन्न माता पिताके हाथ से पुत्रदान का संकल्पकराकर पीछे देने का

देयाः श्रोत्रियायद्विजायते ॥२७॥ अंतेजनोयद्ददातिस्वल्पं वायदिबहु ॥ तदक्षयंभवेत्तार्क्ष्यंयत्पुत्रश्चानु-मोदते ॥२८॥ अंतकालेतुसत्पुत्रः सर्वदानानिदापयेत् ॥ यत्तदर्थंसुतालोकेप्रार्थ्यंतेधर्मकोविदैः । २९ । भूमिष्ठं पितरं दृष्ट्वा अर्धोन्मीलितलोचनम् । पुत्रैस्तृष्णा नकर्तव्यातद्धनेपूर्वसंचिते । ३० । सतद्दा-तिसत्पुत्रोयावज्जीवत्यसौचिरम् । अतिवाहस्तुतन्मार्गोदुःखंनलभतेयतः ।३१। आतुरेचोपरागेचद्वयंदा-

अनुमोदन करते हैं वह दान अनन्त गुणा अक्षय हो जाता है ॥२८। अन्त समय में पुत्र माता पिता से फल,फूल पुस्तक धन धान्य गौ दूध आदिका यथा शक्ति दान करावे । इसी लिए तो धर्मज्ञ इस लोक में पुत्र प्राप्ति के लिए प्रार्थना करते हैं।२९ भूमि पर सुला दिये गये एवं आधेखुले नेत्रों वाले मरणासन्न पिताको देखकर पुत्रको पिता के कमाये हुए धन की तृष्णा नहीं करनी चाहिए यथेष्ठ दान करावे ॥३०॥ इसी प्रकार सत्पुत्र पिता की जीविता अवस्था में दान करता है वही अंतकाल का दान उसके पिता को परलोक सुख तूर्णक यममार्ग से पार कराता है ॥३१॥ अन्नदान, तथा सूर्य चन्द्र के

ग्रहणका दान ये दो प्रकार के दान विशेष हैं इसी कारण तिल आदि आठों वस्तुओं के दान अवश्य होने चाहिये ॥ ३२ ॥ आठ वस्तुओं के नाम-तिल, लोह, सोना, कपास नमक सप्तधान्य, भूमि, गौ ये एक २ करके आठों दान पवित्र करने वाले हैं ॥३३॥ अन्त समय में कराये गए ये आठों वस्तुओं के दान महापापों के नाश करने वाले अब इनका श्रेष्ठ फल सुनिये

न विशिष्यते ॥ अतोवश्यंप्रदातव्यमष्टदानं तिलादिकम् ॥३२॥ तिलालोहंहिरण्यं च कार्पासोलवणं तथा ॥ सप्तधान्यंक्षितिर्गावएकैकंपावनंस्मृतम् ॥३३॥ एतदष्टमहादानं महापातकनाशनम् ॥अन्तकाले प्रदातव्यं शृणुतास्यचसत्फलम् ॥३४॥ ममस्वेदसमुद्भूताः पवित्रास्त्रिविधास्तिलाः ॥ असुरादानवादैत्याः स्तृप्यंति तिलदानतः ॥३५॥ तिलाःश्वेतास्तथाकृष्णादानेनकपिलास्तिला ॥संहरंतित्रिधापापवाङ्मनः कायसंचितम् ॥३६॥ लोहदानं चदातव्यंभूमियुक्ते नपाणिना ॥ यमसीमांनचाप्नोतिनगच्छत्यस्यवर्त्मनि

॥३४॥ श्रीभगवान कहते हैं कि तीनों प्रकारके तिल मेरे पसीनेसे उत्पन्न हुये हैं । तिलोके दान से असुरदानव दैत्य तृप्त हो जाते हैं ।३५ सफेद काले पीत तीनों रंगों के तिल दान से शरीर मन वाणी द्वारा संचित तीनों प्रकारके पाप नष्ट हो जाते हैं ॥ ३६ ।। पृथ्वी पर हाथ रख कर लोहे के दान के प्रभाव से यमपुर की सीमा तथा यम लोक मार्ग को नहीं जाता

॥३७॥ हे गरुड़ ! पापियों को दण्ड देनेके लिये कुठार, मूसल, दण्ड, खड्ग एवं छुरिकाये यहसब शस्त्रयमके हाथमें रहतेहैं ॥३८॥ यम के इन आयुधों के सन्तोष के लिये लोह दान करना चाहिए ॥ ३९ ॥ और दान से ऊरण, शामसूत्र, शुण्डमार्क, उदुम्बर, शेषं बल महादन्त इन नामों वाले यमदूत भी प्रसन्न होते हैं ॥४०॥ हे गरुड़ ! एक उत्तम दान जो

॥३७। कुठारोमुसलोदंडः खड्गश्चछुरिकातथा ॥ शस्त्राणियमहस्तेचनिग्रहेपापकर्मणाम् ॥ ३८ ॥ यमायुधनांसतुष्टयै दानमेतदुदाहृतम् ॥ तस्माद्द्याल्लोहदानं यमलोकेसुखावहम् ॥३८॥ ऊरणःशामसूत्र-श्चशुंडामर्कोप्युं दुंबरः ॥ शेषंबलोमहादंतालोहदानात्सुखप्रदाः ॥४०॥ शृणुनार्द्यपरंगुह्यं दानांदान-मुत्तमम् ॥ दत्तेनतेनतुष्यंतिभूर्भुवः स्वर्गवासिनः ।४१। ब्रह्माद्याऋषयोदेवाधर्मराजसभासदाः ॥ स्वर्णदानेनसंतुष्टाभवंतिवरदायकाः ॥४२॥ तस्माद्देयंस्वर्णदानं प्रेतोद्धरणहेतवे ॥ नयातियमलोकंसस्वर्गंतितातगच्छति ॥४३॥ चिरंवसेत्सत्यकेलोतगोराजाभवेदिह॥रूपवान्धार्मिकोवाग्मीश्रीमानतुलविक्रमः

विशेष एवं परम गोपनीय है जिसके करने से पृथ्वी, पाताल, एवं स्वर्गके रहने वाले सभी सन्तुष्ट होते हैं । सो सुन ॥ ४१ ॥ ब्रह्मा से लेकर सभी देवता ऋषि एवं धर्मराज की सभा के सभासद् इसी दान से संतुष्ट होते । और वरदेते हैं । यह उत्तम दान स्वर्णदान है । ॥४२॥ प्रेतके उद्धार के लिये अवश्य ही स्वर्ण दान करना चाहिये जिससे वह स्वर्गलोक को प्राप्त होवे । ४३ ।

इसी स्वर्ण दान से चिरकाल तक वह सत्यलोक में रहता है। फिर पृथ्वी पर सुन्दर स्वरूप, धर्मात्मा चतुर, पराक्रमतेजस्वी, एवं राजा होता है ॥४४॥ कपासकेदान से यमदूतों से भय नहीं रहता। लवण दान से यम भय नहीं रहता ।४५। लोहा, लवण कपास, तिल एवं स्वर्ण दान से चित्र गुप्त आदि यमपुर निवासी सभी सन्तुष्ट हो जाते हैं ॥४६॥ सप्तधान्य के दान से धर्म

।४४।कार्पासस्यतुदानेनदूतेभ्योनभवेत् भयम्। लवणंदीयतेयच्चतेननैवभयंयमात्।४५।अयोलवणकार्पासतिलकांचनदानतः। चित्रगुप्तादयस्तुष्टायमस्यपुरवासिनः।४६। सप्तधान्यप्रदानेनप्रीतोधर्मध्वजोभवेत्॥ तुष्टाभवंतियेन्येपित्रिपुद्वारेष्वधिष्ठिताः।४७। व्रीहयोयवगोधूमा मुद्गमाषाप्रियंगवः चणकाः सप्तमाज्ञेयाः सप्तधान्यमुदाहृतम्।४८। गोचर्ममात्रं वसुधादत्तापात्रेविधानतः। पुनातिब्रह्महत्यायादृष्टमेत-मुनीश्वरः।४९। नव्रतेभ्योनतीर्थेभ्योनान्यद्दानाद्विनश्यति॥ राज्ञाकृतंमहापातं भूमदानादविली

राज एवं यमपुर के पूर्व पश्चिम उत्तरी तीनों द्वारके अधिष्टाता गण सभी प्रसन्न होते हैं ॥४७॥ चावल, जौ गेहूं मूंग उड़द, प्रियंगु, चना ये सप्त धान्य हैं ॥४८॥ भूमि दान की महिमा जितने भूमि खण्ड पर सवृषभ सौ गौएँ आराम सेवैठ सकें उतनी भूमिसविधि श्रोत्रिय ब्राह्मण को दान दीजायतो ब्रह्म इत्यादि निवृत होजाते हैं ॥४९॥ राजाओं के महापाप तो केवल भूमिदान से निवृत होते हैं। व्रत तीर्थ एवं अन्य दोनों से निवृत नहीं होते ॥५०॥ जो पुरुष सुपात्र ब्राह्मण को फल

फल धान्य आदि से हरी भरी पृथ्वी दान करता है वह देव असुरों से पूजित इन्द्रलोक में जाता है ॥५१॥ हे गरुड़ और जितने

फूल धान्य आदि से हरी भरी पृथ्वी दान करता है वह देव असुरों से पूजित इन्द्रलोक में जाता है ॥५१॥ हे गरुड़ और जितने भी दान हैं वे पृथ्वी दान के आगे कमहैं क्योंकि पृथ्वी का दान दिन प्रतिदिन वृद्धि को प्राप्त होता है ॥५२॥ जो राजा हो कर भी पृथ्वी दान नहीं करता वह अन्य जन्म में पत्तों की कुटिया जितनी भी पृथ्वी नहीं पाता दरिद्री रहता है ॥५३॥

यते ।५०। पृथिवींसस्यसंपूर्णां योददातिद्विजन्मने ॥ सप्रयातीद्रभुवनेपूज्यमानः सुरासुरैः ।५१। अत्यल्पफलदानिस्युरन्यदानानिकाश्यप । पृथवीदानपुण्यमहन्यहनिवर्धते ।५२। योभूत्वा भूमिपो-भूमिंनोददातिद्विजातये । सनाप्नोतिकुटीग्रामेदारिद्रीस्याद्भवेभवे ।५३। अदानाद्भूमिदानस्यभूपतित्वाभिमानतः । निवसेन्नरकेयावच्छेषोधारयतेधराम् ।५४। तस्माद्भुमीश्वरोभूमिदानमेवप्रदापयेत् ॥ अन्येषांभूमिदानार्थं गोदानं कथितंमया ।५५। ततोतेधेनुर्दातव्यारुद्रधेनुं प्रदापयेत ऋणांधेनुं ततो दत्वा मोक्षधेनुं प्रदापयेत ।५६। दद्यातरणीधेनुं विशेषविधिनाखग ॥ तारयंतिनरंगावस्त्रिविधाच्चैवपात

अभिमान में आकर जो पृथ्वी दान नहीं करता, वह जब तक पृथ्वी रहती है जब तक नरक में पड़ा रहता है ॥५४॥ श्री भगवान कहते हैं कि राजा लोगों को पृथ्वीदान करना आवश्यक है। और दूसरे मनुष्यों के लिए गौदान है ॥ ५५ ॥ अन्त समय में अष्ट महादानों में गौदान करना, दूसरा मृत्यु जन्य दुःख की निवृत्ति के लिए रुद्र धेनुदान, तीसरा ज्ञान अज्ञात ऋण की निवृत्ति के लिए ऋण धेनु दान, चौथा मोक्ष प्राप्ति के लिए मोक्षधेनु दान करना ॥ ५६ ॥ पांचवां वैतरणी नदी को

पार करने के लिए गौ दान करे ये पांचों प्रकार से दान की हुई गौयें मनुष्य को शरीर वाणी मनद्वारा किये गये पापों से पार करा देती है ॥५७॥ हे गरुड़ और भी अनेकों पाप जो कि बाल कुमार, जवानी बुढ़ापे में एवं जो जन्मान्तर में भी किये गये ॥५८॥ और जो रात्रि में प्रातःकालमें मध्यान्ह एवं अपराहन में दोनों संध्या में मनवाणी शरीर द्वारा किये गये पाप ।५९।

क त । ५७ । बालत्वेयच्चकौमारेयत्पापंयौवननेकृतम् । वयः परिणतौयच्चयच्यजन्मांतरेष्वपि ॥५८॥ यन्निशायां तथाप्रातर्यन्मध्यान्हापराह्णयोः । संध्ययोर्यत्कृतंपापंकायेनमनसागिरा ।५९। दत्वाधेनुंसकृद्वापिकपिलांक्षीरसंयुताम् ॥ सोपस्करांसवत्सांचतपोव्रत समन्विते ।६०। ब्राह्मणेवेद् वदुषिसर्वपापैः प्रमुच्यते । उद्धरेदंतकालंसादातारंपापसंचयात् ॥६१॥ एकागौः स्वस्थचित्तस्यह्यातुरस्यचगोशतम्

दूध देने वाली वत्सके साथ एवं दक्षिणा आदि अन्य खाद्य पदार्थों के सहित कपिला गौ यदि एकही बार तपस्या सन्ध्यादिव्रत के नियम पालने वाले ।६०। वेद शास्त्र वेत्ता कुटुम्बी ब्राह्मण को दान देता है तो उसके सब पाप नष्ट हो जाते हैं । वही गौ अन्तकाल में पापों के ढेर से दाता का उद्धार कर देती है ।६१। यदि स्वस्थ्य चित्त होकर एक गौदान करे, बीमारी की हालत में सो गौ दान करे और मृत्युशय्या पर यदि एक हजार गौदान करे तो ये तीनों समान हैं किन्तु इनमें स्वस्थता पूर्वक

एक गाय का दान श्रेष्ठ है ॥६२॥ स्वस्थता पूर्वक एक तथा मृत्यु के पश्चात लक्ष गाय के दान में समानता है किन्तु

हालत में सो गौ दान करे और मृत्युशय्या पर यदि एक हजार गौदान करे तो ये तीनों समान हैं किन्तु इनमें स्वस्थता पूर्वक

एक गाय का दान श्रेष्ठ है ॥६२॥ स्वस्थता पूर्वक एक तथा मृत्यु के पश्चात लक्ष गाय के दान में समानता है किन्तु जीवितावस्था में स्वस्थता में एक ही गाय विद्वान कुटम्बी ब्राह्मण को दान दी जाय तो वह लाख गाय के समान है ॥६३॥ सुपात्र ब्राह्मण को दिया दान लाखों गुना होजाता है। दाता को अनन्त फल देता है, और ब्राह्मण को प्रति ग्रह का कोई भी

सहस्रं म्रियमाणस्यदत्तं चित्तंविवर्जितम् । ६२ । मृतस्यौपुनर्लक्षं विधिपूतं चतत्फलम् । तीर्थपात्रसमोपेतंदानमेकंचलक्षधा ॥६३॥ पात्रेदत्तंचयद्दानं तल्लक्षगुणितंभवेत् । दातुःफलमनं तंस्यान्नपात्रस्यप्रतिग्रहे ॥६४॥ स्वाध्यायहोमसंयुक्तः परपाकविर्जितः ॥ रत्नपूर्णामपिमहींप्रतिगृह्यनलिप्यते ॥६५॥विषशीतापहौमंत्रवह्नीकिंदोषभागिनौ ॥ अपात्रेसा चगौर्दत्तादातारनरकंनयेत् ।६६। कुलैकशतसंयुक्तं ग्रहीतारंतुपातयेत् । नापात्रेविदुषादेया आत्मनः श्रेयइच्छता । ६७ । एकायकस्यदातव्याबहूनांनकदाचनः

दोष नहीं होता ॥६४॥ वेदों का वक्ता यज्ञ आदि कर्ता सुपात्र ब्राह्मण यदि रत्नपूर्ण सारी पृथ्वी भी दान लेले तो वह कभी भी प्रतिग्रह दोषमें लिप्त नहीं होता ।६५। सुपात्र ब्राह्मण दाता को सब पापोंसे छुड़ा देता है स्वयं दोषी नहीं होता जैसे सर्प आदि विषैले जन्तुओं के विष को मंत्र एवं जाड़े को अग्नि हटाती है। अपात्र को दिया दान नरक में ले जाता है।६६। अपने कल्याण की इच्छा से कभी अपात्र को दान न दे। दाता के साथ गृहीत भी सौ कुलों के साथ नरक में गिरता है।६७। एक गाय एक ही सुपात्र ब्राह्मण को दान दे। साझीदार बहुत से ब्राह्मणों को नहीं एक गौ यदि बहुत

ब्राह्मणों में विभाग हो जाय अथवा बेची जाय तो वह गौ दाता के सात कुलों को भस्म कर देती है ॥ ६८ ॥ श्री भगवान कहते हैं कि वैतरणी नदी को पार करने के लिए गोदान आवश्यक है अब यही कहता हूं ॥६६॥ कृष्ण अथवा कपिला गाय को आभूषणों से सोने के सींग रूप के खुरों से सजाकर कांसे के पात्र की दोहिनी के साथ ॥७०॥ कृष्ण वस्त्रद्वयी

स।विक्रीता।विभक्ता।वा।दहत्यासप्तमंकुलम् ॥६८॥ कथिताय।मया।पूर्वंतववैतरणीनदी ॥ तस्याउद्धरणोपायंगोदानंकथयामिते ॥६६॥ कृष्णांवाकपिलां।वा।पिधेनुं कुर्यादलंकृताम्॥स्वर्णशृंगीरौप्यखुरींकांस्यपात्रोपदोहिनीम् ॥७०॥ कृष्ण वस्त्रयुगच्छान्नांकंठेघंटासमन्विताम् ॥ कार्पासोपरिसंस्थाप्यताम्रपात्रंसचैलकम् ।७१। यमंहैमंन्यसेत्तत्रलोहदण्डसमन्वितम् कांस्यपात्रेघृत्वासर्वंतस्योपरिन्यसेत् ॥७२॥ न वमिच्छुमयींकृत्वापट्टसूत्रेणवेष्टयेत् ॥ गर्तंविधायजलंकृत्वातस्मिन्प्रक्षिपेत्तरिम् ॥७३॥ तस्योपरिस्थितांकृत्वासूर्यदेह

से आच्छादित करके गले में घन्टा बांध तथा कपास की ढेरी पर एक कपड़ा बिछा उसपर एक तांबे की थाली रक्खे ॥ ७१ ॥ उसमें यमराज की स्वर्ण मूर्ति बनाकर स्थापन करे और साथ में लोह दण्ड रखे एवं कांसे का पात्र घृत से भरकर रखे ॥७२॥ फिर उस गौ के पास एक गड्ढा खोदे, उसे जल से भर दे इसी प्रकार वैतरणी नदी बना कर ईख के गट्ठे को रेशमी वस्त्र लपेट कर उसे नाव बनाकर नदी में तरावे ॥७३॥ कपास पर स्थापित स्वर्ण की मूर्ती को थारी के साथ ही उठाकर उस

नाव पर स्थापित कर देवे । इसी प्रकार यमराज के सामने ही विधि से गाय का संकल्प करे ॥७३॥

नाव पर स्थापित कर देवे । इसी प्रकार यमराज के सामने ही बिधि से गाय का संकल्प करे ॥७३॥ गन्धपुष्प वस्त्र अलङ्कार आदि से ब्राह्मण एवं गौ की पूजा करके संकल्प द्वारा वह गाय ब्राह्मण को दे दे ।७४॥ फिर उस गौ की पूँछ को पकड़कर और अपना पांव उस नाव पर रखकर ब्राह्मण को बुलाकर इन मन्त्रोंको पढ़े ॥७६॥ श्लोक मन्त्र सख्या ७७ से लेकर ८२पर्यन्त

समुद्भवाम् ॥ धेनुं संकल्पयेत्तत्र यथा शास्त्र विधानतः ।७४। सालंकाराणि वस्त्राणि ब्राह्मणाय प्रकल्पयेत् । पूजाँ कुर्याद्विधानेनगंधपुष्पाक्षतादिभिः ।७५। पुच्छंसंगृह्य धेनोस्तुनावमाश्रित्यपादत ॥ पुरस्कृत्ययतोविप्रमिमंत्र मुदीरयेत् ॥७६॥ भवसागरमग्नानां शोकतापोर्मिदुःखिनाम् ॥ त्र तात्वंहि-जगन्नाथशरणागतवत्सल ॥७७॥ विष्णुरूपद्विजश्रेष्ठमामुद्धरमहीसुर । सद्क्षिणामयादत्ता तुभ्यं वैतरणीनमः ॥ ७८ ॥ ममम गैंमहाघोरेतांनदींशतोयोजनाम् ॥ ततुकामोददाम्मेनांतुभ्यंतूरणोनमः

हैं, इन्हें उच्चारण करे । अर्थ यह है—हे जगन्नाथ ! संसार रूप समुद्र में डूबते हुए शोक सन्ताप रूप लहरों से दुःखी होते हुए पुरुषों की आप सदा रक्षाकरते हैं । आपकी शरणमें आयाहूँ ॥७७॥ हे पृथ्वीके देवता ! मेरा उद्धार कीजिये मैं दक्षिणा के सहितयह वैतरणीतारकगौ आपको दानकरताहूँ आपकोनमस्कारहै ७८।आपकोमैं इसीलिए दानकरताहूं कि यममार्गमें सौ योजन

विस्तार वाली वैतरणी नदी पारकरजाऊँ ।७६। अब हे गौमातः ? यमद्वारके महामार्ग में वैतरणी नदी पड़ती है वहां मेरीप्रतिज्ञा करना तू ही उस नदी सेपार कराती है आपको नमस्कार है ।८०। प्रार्थना है कि गौएमेरे आगे तथा पीछे हो । गोएमेरेहृदयमेंहोमें सर्वदा गौओंमें निवास करूं ८१। जो सबप्राणियों की लक्ष्मी तथा देवताओं से प्रतिष्ठित है, वह मेरे सम्मुख धेनु विराजमानहैकृपा

॥७६॥ धेनुकेमांप्रतीक्षस्वयमद्वारेमहापथे । उत्तारणार्थंदेवेशिवैतरण्यैनमोस्तुते ॥८०॥ गावोमेअग्रतः संतुगावोमेसंतुपृष्ठतः । गावोमेहृदयेसंतु गवांमध्येवसाम्यहम् ॥८१॥ यालक्ष्मीः सर्वभूतानांयाचदेवेप्रतिष्ठिता । धेनुरूपेणसादेवी ममपापंव्यपोहतु ॥८२॥ इतिमन्त्रश्चसंप्रार्थ्य सांजलिर्धेनुकांयम । सर्वं प्रदक्षिणी कृत्यब्राह्मणायनिवेदयेत् ।८३। दद्याद्विधानेनयोगांवैतरणींखग ॥ सयातिधर्म मार्गेणधर्मराज सभांतरे ॥ ८४ ॥ स्वस्थशरीरेतुवैतरण्याव्रतंचरेत् ॥ देयाचविदुषाधेनुस्तांनदींततुमिच्छता

करके मेरे पापों का नाश करो ।८२। यही मन्त्र हैं । तब हाथ जोड़कर गाय ब्राह्मण एवं यम के सम्मुख उन्हीं मन्त्रों से प्रार्थनाकरके परिक्रमा करके, ब्राह्मण को देदेवे ।८३। इसी विधान से जो पुरुष गौदान करता है । वह धर्ममार्ग द्वारा धर्मराज की सभा में प्रवेश करता है ॥८४॥ ज्ञानी पुरुष को चाहिये कि वह नीरोग अवस्था में ही वैतरणी व्रत आचरण करे गौदान करे

।८५। हे पक्षिराज ! दाता के महामार्ग में वह नदी नहीं आती

।८५। हे पक्षिराज ! दाता के महामार्ग में तब नदी नहीं आती अतः पुण्य समय में अवश्य ही गौदान करे ।८६ गङ्गा यमुना आदि तीर्थों पर ब्राह्मण के घर, सूर्य चन्द्रग्रहण के शुद्धहो जाने पर संक्रांति या अमावस्या के दिन ।८७। मेष, तुला कर्क मकर की संक्रांति, रात दिन की समानता के विषुवकाल में व्यतीपात के दिन युग की आदि अक्षय तृतीया आदि तिथि

।८५। सानायातिमहामार्गे गोदानेनदीखग । तस्मादवश्यंदातव्यं पुण्यकालेषुसर्वदा ॥ ८६ ॥ गङ्गादिसर्वतीर्थेषुब्राह्मणावसथेषुच । चन्द्रसूर्योपरागेषु सङ्क्रांतौदर्शवासरे ॥८७॥ अयनेविषुवेचैवव्यतीपातेयुगादिषु ॥ अन्येषुपुण्यकालेषुदद्याद्गोदानमुत्तमम् ८८। यदैवचायतेश्रद्धापात्रंसंप्राप्यतेयदासएवं पुण्यकालः स्याद्यतःसंपत्तिरस्थिरा ।८९। अस्थिराणिशरीराणिविभवोनैवशाश्वतः ॥ नित्यंसन्निहितो मृत्युः कर्तव्योधर्मसंग्रहः ॥ ९० ॥ आत्मवित्तानुसारेणतत्रादानमनंतकम ॥ देयंविप्रायविदुषेस्वात्मनः

इसीप्रकार औरभी कोई अच्छादिन होयतो यह सब पुण्यकाल कहे जाते हैं इनमेंसे किसीदिन कहीं गौदान करना उत्तम है ।८८। दान देने की श्रद्धा का दिन अथवा सुपात्र विद्वान ब्राह्मण दान लेने वाला जिस दिन मिल जाय यह भी पुण्य काल है। धन दौलत कोई स्थिर नहीं पुण्य समय में अपना पुण्यसंचय करले ८९। शरीर धन स्थिर नहीं। मृत्यु निकट है अतएव पुण्य धर्म संचय करना परम आवश्यक है ।९०। आत्मा के कल्याण के लिये थोड़ाभी किसीवेदविज्ञ ब्राह्मण कोदान देना अनन्त

